CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 01-20-2026 23:17 Color:

महानगर > मुंबई > बुधवार, 21 जनवरी 2026 > माघ 1 शक संवत 1947 माघ शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 77, संख्या 18 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57

www.nbt.in

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

EU नेता बोलीं, भारत संग डील लगभग तय

▸p10

धुरंधर के बाद आगे क्या करूंगी पता नहीं: सारा अर्जुन

▸p10

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 2, 3, 5, 11

अंतर्ज्ञान

हर चीज को पकड़े रहना बुद्धिमत्ता नहीं है। छोड़ना भी एक कला है। जो पुराना है, जो दुख दे रहा है, जो थका चुका है, उसे छोड़ देना ही विकास है। जो चीजें हमारी चेतना से बड़ी हो जाती हैं, वे बोझ बन जाती हैं। छोड़ना हार नहीं, परिपक्वता है। जब आप छोड़ते हैं, तभी कुछ नया आपके जीवन में प्रवेश करता है। छोड़ना मतलब अपने मन को स्वतंत्र करना, अपनी ऊर्जा को वापस पाना। जो छोड़ देता है, वह भीतर से हल्का हो जाता है। हर त्याग नई संभावना का द्वार खोलता है। और सबसे बड़ा छोड़ना है - स्वयं के पुराने संस्करण को पीछे छोड़ देना। याद रखें कि कभी-कभी छोड़ना ही वह प्रेम है, जो आप खुद को देते हैं।

भारत vs न्यूजीलैंड
पहला T20I
7:00pm से, नागपुर में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

फटाफट खबरें

फ्रांस पर 200% टैरिफ की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने फ्रांस की वाइन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने यह चेतावनी फ्रांस के गाज्मा पीस बोर्ड में शामिल होने से इनकार करने के विरोध में दी।

सहारनपुर में परिवार के 5 शव मिले

सहारनपुर जिले के सरसवा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से मंगलवार की सुबह एक दंपती समेत परिवार के पांच शवों को पुलिस ने बरामद किया है। मौके से तीन लीडेड पिस्टल भी मिलीं। सभी लोगों के सिर पर गोली लगी है।

वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बस में लगी आग

मालाड इलाके में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एक निजी बस में मंगलवार सुबह आग लग जाने से व्यस्त मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, आग बस के आगे वाले हिस्से में लगी थी। बस पर सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। ▸▸ पेज 3

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम

मुंबई	1,46,819	(+3,449)
चांदी .999 टच प्रति किलो		
मुंबई	3,09,345	(+15,370)

अर्थसार

सेंसेक्स	82,180.47	(-1,065.71)
निफ्टी	25,232.50	(-353)
रुपए/यूएस डॉलर	91.03	(+0.06)
रुपए/यूरो	106.19	(+0.42)

मौसम

कोलाबा	29.0	18.6
सांताक्रुज	29.1	16.0
सूर्योदय बुधवार	6:25 बजे	
सूर्यास्त गुरुवार	7:45 बजे	

NBT नवभारत टाइम्स 120 रुपए मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

'उनकी बॉडी लैंग्वेज देखी?' SC ने मेनका गांधी को सुनाया

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी की आवारा कुत्तों के मुद्दे पर कोर्ट के आदेशों की आलोचना करने वाली टिप्पणियों पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा, मेनका ने अदालत की अवमानना की। कोर्ट ने मेनका पक्ष से कहा, 'आपने कहा कि अदालत को अपनी टिप्पणी में सावधानी बरतनी चाहिए, लेकिन क्या आपने अपनी मुवक्किल से पूछा, उन्होंने कैसी टिप्पणियां की हैं? क्या आपने उनका पॉडकास्ट सुना है? उन्होंने बिना सोचे-समझे सबके खिलाफ टिप्पणियां की हैं। क्या आपने उनकी बॉडी लैंग्वेज देखी है, वह क्या, किस तरह कहती है।'

स्टे डॉग्स केस में आदेश की आलोचना पर कोर्ट नाराज

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की बेंच ने कहा कि पूर्व मंत्री ने बिना सोचे-समझे हर किसी के खिलाफ हर तरह की टिप्पणियां की हैं। मेनका गांधी की ओर से पेश हुए सीनियर वकील राजू रामचंद्रन ने सुप्रीम कोर्ट से तमाम सवाल किए।



'उदारता की वजह से कार्यवाही नहीं'

बेंच ने कहा, कोर्ट की उदारता की वजह से वह पूर्व केंद्रीय मंत्री के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। अब मामले में आगे की सुनवाई 28 जनवरी को होगी। अदालत ने पिछले पांच वर्षों से आवारा जानवरों से जुड़े नियमों के लागू न होने पर भी चिंता जताई थी। अदालत ने राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा जानवरों को हटाने के निर्देश भी दिए थे। 13 जनवरी को शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह कुत्तों के काटने की घटनाओं के लिए राज्यों से भरी मुआवजा दिलाने की कहेगी और ऐसे मामलों में कुत्तों को खाना खिलाने वालों को जवाबदेह ठहराएगी।

मुंबई मेयर का मसला दिल्ली दरबार पहुंचा, शिंदे के नगरसेवक पहुंचे घर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी मेयर पद को लेकर खींचतान दिल्ली दरबार में पहुंच गई है। सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार, मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम और शिंदे सेना के नेता राहुल शेवाले मंगलवार को दिल्ली में थे। सूत्रों का कहना है कि इनके एक साथ गृह मंत्री अमित शाह से मिलने के कयास हैं। इससे पहले दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में दोनों पार्टी के नेताओं के बीच बैठक होगी। इसमें मेयर पद के साथ-साथ स्थायी समिति अध्यक्ष और अन्य समितियों के पदों को लेकर भी चर्चा होगी। शिवसेना के एक नेता ने कहा कि पार्टी के सिंबल को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई है, इसलिए शेलार दिल्ली गए हैं। मेयर व अन्य मुद्दों पर दोनों दलों के नेताओं के मिलने का भी प्रोग्राम है।

आशीष शेलार, अमित साटम और राहुल शेवाले दिल्ली में

एक साल के लिए मेयर पद शिंदे सेना को मिले

शिवसेना के एक नेता के मुताबिक, डीसीएम एकनाथ शिंदे ने मेयर का पद एक साल के लिए मांगा है। बालासाहेब के शताब्दी वर्ष में शिवसेना का मेयर हो, यह लोकइच्छा है। इससे मुंबईकरों में सकारात्मक मैसेज जाएगा। शिंदे को उद्धव सेना पर भी दबाव बनाने का मौका मिलेगा। हालांकि आखिरी फैसला सीएम और डीसीएम ही लेंगे।

शिंदे के नगरसेवक इसलिए थे होटल में

बीएमसी चुनाव परिणाम के बाद बाद्रा के एक फाइव स्टार होटल में तीन दिन रहने के बाद शिंदे सेना के नगरसेवक मंगलवार को अपने-अपने घर पहुंच गए। शिवसेना नेता ने दावा किया कि नगरसेवकों को होटल में रखने का मकसद उन्हें बीएमसी के कामकाज को लेकर तैयार रखना था। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने नवनिर्वाचित नगरसेवकों का मार्गदर्शन कर उन्हें तुरंत काम पर लग जाने को कहा है।

BJP नेताओं को मिली यह हिदायत

बीजेपी के एक नेता के मुताबिक, मुंबई मेयर पद को लेकर पार्टी का रुख साफ है। इससे कोई समझौता नहीं होगा। दिल्ली से भी मुंबई के नेताओं को कुछ न बोलते हुए रुख स्पष्ट रखने का निर्देश मिला है। ऐसा करते समय शिंदे सेना के साथ कोई कड़वाहट पैदा न करने की हिदायत भी है। मेयर पद के लिए हमने 41 साल संघर्ष किया है। हमारे कार्यकर्ता चाहते हैं कि यह पद अब उनके पास ही आए। ▸▸ पेज 2, 6

मुंबई का फैसला दिल्ली में क्यों?

उद्धव सेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने मेयर पद को लेकर बीजेपी और शिंदे सेना में चल रही खींचतान पर तीनों दलों पर निशाना साधा है। राउत ने कहा कि इंडियास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि मुंबई के मेयर का फैसला दिल्ली में अमित शाह कर रहे हैं। एकनाथ शिंदे जी शिवसेना और उनके लोगों को दिल्ली दरबार में गुहार लगानी पड़ रही है, यानी मुंबई में उनकी कोई सुनवाई नहीं है। उनमें कोई आत्म-सम्मान नहीं है, उन्हें सिर्फ सत्ता चाहिए।

CM के दावोस से लौटने के बाद लगेगी मुहर

शिवसेना के एक नेता ने कहा, दिल्ली से दावोस तक बातचीत चल रही है। मुख्यमंत्री के साथ शिंदे सेना के उद्योग मंत्री उदय सामंत भी दावोस गए हैं, वहां भी दोनों में बात चल रही है। सीएम के लौटने के बाद मेयर सहित स्टैंडिंग कमिटी व अन्य मुद्दे पर फैसला होगा। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच इस पर बैठक होगी। इसके बाद ही तय हो पाएगा कि मुंबई का मेयर कौन होगा। वहीं बीजेपी के नेताओं ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली है।

दावोस में 14.50 लाख करोड़ का निवेश करार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : दावोस के वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में महाराष्ट्र का बोलबाला रहा। पहले ही दिन महाराष्ट्र सरकार ने 19 समझौता ज्ञापन (एमओयू) कर 14 लाख 50 हजार करोड़ रुपये के करार पर हस्ताक्षर किए। सरकार का मानना है कि इससे राज्य में 15 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भरोसा जताया कि इस साल पिछले साल की तुलना में अधिक निवेश और रोजगार से जुड़े करार होंगे। प्रत्येक निवेश करार को अमल में लाने के लिए 'वॉर रूम' के माध्यम से नजर रखी जाएगी। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के निवेश सम्मेलन में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उद्योग मंत्री डॉ. उदय सामंत सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों का प्रतिनिधिमंडल दावोस गया है।

पहले ही दिन 19 MOU पर किए गए साइन

CM ने किया महाराष्ट्र पवेलियन का उद्घाटन

दावोस में पहले दिन महाराष्ट्र पवेलियन का उद्घाटन मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया। उद्घाटन के बाद विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने महाराष्ट्र में निवेश के लिए रुचि दिखाई। सरकार के उद्योग, निवेश और सेवा विभाग के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ CM और उद्योग मंत्री की मौजूदगी में MOU पर हस्ताक्षर किए। हरित ऊर्जा, खाद्य प्रसंस्करण, इस्पात निर्माण, आईटी-आईटीईएस, डेटा सेंटर, ईवी-ऑटोमोबाइल, जहाज निर्माण और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में ये निवेश मुंबई के साथ-साथ रत्नागिरी, पालघर, गढ़चिरोली और अहिल्यानगर तक पहुंचेगा। ▸▸ पेज 2

सोना 1.50 लाख के पार, सेंसेक्स धड़ाम

Sudha.Shrimal@timesofindia.com

■ मुंबई: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ बढ़ाने से उपजी जियो-पॉलिटिकल टेंशन के बीच मंगलवार को चौतरफा बिकवाली से इंडियन सेंसेक्स बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

सेंसेक्स 1,065.71 अंक गिरकर 82,180.47 पर बंद हुआ। एक समय यह 1,235 अंक गिर गया था। निफ्टी 353 गिरकर 25,232.50 पर बंद हुआ। निवेशकों के 9.86 लाख करोड़ रुपये डूब गए। इस बीच, निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से सोना पहली बार 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चला गया। 5,100 रुपये की बढ़त के साथ यह 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। IBJA के अनुसार बिना जीएसटी सोना 3,463 रुपये बढ़कर 1,47,409 रुपये पर पहुंच गया। चांदी 15370 रुपये बढ़कर 3,09,345 हो गई। ▸▸ पेज 10

'सोना अगले 6 महीने में 168,000 तक!'

IBJA के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने बताया कि अमेरिका-यूरोपीय संघ के संभावित ट्रेड वॉर की आशंकाओं के बीच सुरक्षित निवेश की मजबूत मांग ने सोने-चांदी की कीमतों को तेजी दी। अभी यह तेजी रुकती नहीं दिख रही। सोना 6 महीने में प्रति 10 ग्राम 165,000 से 168,000 और चांदी 4-6 महीने के बीच 3,65,000 से 4 लाख रुपये प्रति किलो पर टिक सकती है।

अक्षय के काफिले की कार से टक्कर, 2 घायल

■ NBT रिपोर्ट, अंबोनी: अभिनेता अक्षय कुमार के काफिले में शामिल लग्जरी कार के चालक ने कथित तौर पर ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। सोमवार शाम 8:30 बजे लुंढ़ के मुकेश्वर रोड पर हुए हादसे में ऑटो चालक और उसमें बैठे यात्री को चोटें आईं। दोनों घायलों को ट्रिनी केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑटोचालक के भाई समीर ने बताया कि उनके भाई की हालत गंभीर है। इलाज में लगने वाली राशि की भरपाई अक्षय कुमार कर दें, यह उनकी मांग है। इधर, जुहू पुलिस ने बताया कि हादसे में अक्षय कुमार और उनकी पत्नी सुरक्षित हैं। आरोपी चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज कर पुलिस ने चालक को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है।

गुजराती में अधिसूचना जारी करने पर विवाद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : पालघर जिला प्रशासन द्वारा गुजराती भाषा में अधिसूचना जारी करने पर विवाद शुरू हो गया है। कांग्रेस का आरोप है कि पालघर से गुजराती थोपने की शुरुआत हो गई है, जबकि उद्धव सेना ने इसे गंभीर मुद्दा बताया। जिला अधिकारी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि मराठा के क्षेत्रों के दौरान यातायात प्रतिबंध की जानकारी गुजराती में चालकों की सुविधा के लिए सीमावर्ती गांवों में लगाई गई थी। ▸▸ पेज 6

नितिन मेरे बॉस, मैं कार्यकर्ता: मोदी

■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को BJP हेडक्वॉर्टर में नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी।

■ 40 मिनट के भाषण में PM ने नवीन को 'महानीय' कहकर संबोधित किया। उन्हें अनुभव वाला 'मिलीनियल' कहा। ▸▸ पेज 7

जब बात BJP के मामलों की है, तब माननीय नितिन नवीन जी... मैं एक कार्यकर्ता हूं और आप मेरे बॉस।
—नरेंद्र मोदी, पीएम

'पैरोल मिलने पर अबू सलेम हो सकता है फरार'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट को सूचित किया है कि अगर गैंगस्टर अबू सलेम को पैरोल दिया गया, तो वह बाहर आकर फरार भी हो सकता है। इससे भारत और पुर्तगाल के बीच गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उनकी याचिका पर सुनवाई होनी है। याचिका में सलेम ने 14 दिन के पैरोल की मांग की है। 28 जनवरी को अगली सुनवाई रखी गई है। सलेम ने बड़े भाई की मौत की वजह से उसने पैरोल की मांग की है।

एयर पल्यूशन HC में दायर हलफनामे में BMC का खुलासा, मुंबई के AQI के मॉडरेड होने का भी दावा

662 कंस्ट्रक्शन साइट्स में सेंसर आधारित एयर क्वालिटी मॉनिटर इंस्टॉल नहीं : BMC

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

■ मुंबई: बीएमसी ने बॉम्बे हाईकोर्ट को सूचित किया है कि 662 कंस्ट्रक्शन साइट्स में अब तक सेंसर आधारित एयर क्वालिटी मॉनिटर इंस्टॉल नहीं किए गए हैं। वर्तमान में बीएमसी की सीमा में 1954 कंस्ट्रक्शन साइट्स पर काम चल रहा है। वायु प्रदूषण के मुद्दे पर कोर्ट में बीएमसी ने हलफनामा दायर किया है।

अदालत ने 24 दिसंबर 2025 को बीएमसी को इस मामले में हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया था। प्रदूषण के मुद्दे का कोर्ट ने दो साल पहले स्वतः संज्ञान लिया था। ▸▸ पेज 3

28 जनवरी को होगी सुनवाई

मंगलवार को चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच के सामने बीएमसी के वकील ने हलफनामा पेश किया। इस पर बेंच ने पूछा कि मुंबई की वायु गुणवत्ता (AQI) कैसी है? बीएमसी की ओर से एडवोकेट एस.यू. कामदार ने कहा कि AQI मॉडरेट है। इस पर बेंच ने कहा कि हम 28 जनवरी 2026 को मामले की सुनवाई करेंगे।

दीर्घकालिक उपाय कर रही है BMC

हलफनामे में कहा गया है कि बीएमसी प्रदूषण नियंत्रण के दीर्घकालिक उपाय कर रही है। बीएमसी ने हलफनामे में 29 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक के AQI जिक्र किया गया, जो कि मॉडरेट है। प्रदूषण से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वालों से 13,47,735 रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए हैं। यह रकम अंधेरी डंपिंग से वसूली गई है।

टोल की चोरी की तो न मिलेगा फिटनेस सर्टिफिकेट, न ही बेच सकेंगे गाड़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सरकार ने बैरियर-फ्री टोल सिस्टम लागू करने की तैयारी के तहत नियमों में संशोधन किया है। अगर किसी गाड़ी वाले ने NHAI की सड़कों पर टोल नहीं भरा तो उसकी गाड़ी को एनओसी जारी नहीं की जाएगी।

ऐसी गाड़ी को न तो फिटनेस रिन्यूअल सर्टिफिकेट मिलेगा और न ही गाड़ी आगे बेची जा सकेगी। बकाया टोल जमा करने पर ही गाड़ी को एनओसी मिल सकेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 'सेंट्रल मोटर वीकल्स रूल्स, 2026' में बदलाव की अधिसूचना जारी की है। मंत्रालय के अनुसार, इन संशोधनों का उद्देश्य टोल शुल्क अनुपालन बढ़ाना, इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (ETC) की दक्षता सुधारना और टोल चोरी को रोकना है।

बैरियर-फ्री टोल सिस्टम की तैयारी के तहत नियमों में संशोधन किया

दूसरे राज्य में ट्रांसफर का भी नियम बदला

गाड़ी दूसरे राज्य में ट्रांसफर कराते वक्त भरे जाने वाले फॉर्म-28 में भी बदलाव किया गया है। नए बदलाव के मुताबिक, अब फॉर्म में यह भी बताना जरूरी होगा कि उस गाड़ी का किसी टोल प्लाजा पर किसी तरह का टोल तो बकाया नहीं है। इस फॉर्म के तहत गाड़ी पर कोई टैक्स बकाया होने के अलावा चालान और क़ानूनी मामलों के बारे में तो पूछा जाता था, लेकिन अब इसमें टोल चोरी को भी जोड़ दिया गया है।

CODING37 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: dineshchokavarty Time: 01-02-2026 22:10 Color

फटाफट खबरें

फोनपे को IPO लाने की मंजूरी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बाजार नियामक सेबी (SEBI) ने डिजिटल पेमेंट कंपनी PhonePe को IPO लाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी अब जल्द ही अपने अपडेटेड ड्राफ्ट दस्तावेज (UDRHP) जमा करेगी। यह आईपीओ ऑफर फॉर सेल (OFS) होगा। कंपनी के मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे।

Toyota ने पेश की इलेक्ट्रिक SUV

PTI

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** टोयोटा ने मंगलवार को भारत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी Ebella को पेश किया है। यह एक बार फुल चार्ज में करीब 543 किमी तक की रेंज देने में सक्षम है।

ट्रंप के 'ग्रीनलैंड' से बाज़ार लाल

सेंसेक्स में 1,065.71 अंकों की गिरावट, निफ्टी 25,232 पर हुआ बंद

Sudha.Shrimali@timesofindia.com

■ **मुंबई:** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,065 अंक टूटकर 83,000 के स्तर के नीचे बंद हुआ। जानकारों का कहना है कि ग्रीनलैंड के मसले पर यूरोपीय देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की धमकी के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में एकबार फिर बिकवाली तेज हुई है। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और घरेलू कंपनियों के सुस्त नतीजों ने आग में घी डालने का काम किया। इस गिरावट में सबसे ज्यादा मार स्मॉल और मिडकैप शेयरों पर पड़ी है

सेंसेक्स 1,065.71 अंक (1.28%) गिरकर 82,180.47 पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 353 अंक (1.38%) फिसलकर 25,232.50 पर बंद हुआ। मिडकैप और स्मॉलकैप का हाल तो और भी बुरा रहा। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 2.74% और मिडकैप इंडेक्स 2.52% टूट गया। अगर सेक्टर के हिसाब से देखें तो रियल्टी सेक्टर

Bloomberg

में 5.21% की सबसे बड़ी गिरावट आई। इसके अलावा सर्विस, कैपिटल गुड्स, ऑटो और पावर सेक्टर के शेयर भी 2% से ज्यादा गिर गए। सेंसेक्स की बड़ी कंपनियों में Eternal का शेयर 4.02% गिरा।

स्मॉल-मिडकैप का हाल?

मिडकैप और स्मॉल-कैप इंडेक्स में इस साल अब तक लगभग 7.5 परसेंट की गिरावट आई है। ट्रस्टलाइन हेल्थिंग्स के CEO एन अरुणगिरी ने बताया कि ढाई-तीन महीने में इंडेक्स लेवल पर स्मॉल कैप 11.5 फ़ीसदी से ज्यादा नीचे आ गए हैं। इस महीने में बड़ी संख्या में स्टॉक 40-50 फ़ीसदी नीचे आ गए हैं। गिरावट के बाद वैल्यूएशन लगभग 25-26 गुना तक कम हो गए हैं। लेकिन यह अभी भी लॉन्ग-टर्म औसत से बहुत ज्यादा प्रीमियम है। अरुणगिरी के अनुसार अभी ऐसा बाजार है जो सेलेक्टिव बॉटम-अप स्टॉक-स्पेसिफिक अप्रोच को इनाम देगा।

5,100 रुपये महंगा सोना

दिल्ली में सोने की कीमतों में 5,100 रुपये का भारी उछाल आया। इस बहुत के साथ ही 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,53,200 प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स के साथ) के ऐतिहासिक लेवल पर पहुंच गया। वहीं, चांदी 20,400 (करीब 7%) की छलांग लगाकर 3,23,000 प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स के साथ) के नए शिखर पर पहुंच गई।

बड़ी गिरावट

- **सेंसेक्स:** 1,065.71 अंक गिरकर 82,180.47 पर बंद।
- **सेंसेक्स:** 5 जनवरी: 85883.50 अंक पर था।
- **निफ्टी:** 353 अंक फिसलकर 25,232.50 पर बंद।
- **सेक्टोरल मार:** रियल्टी इंडेक्स 5.21% टूटा।
- **स्मॉलकैप इंडेक्स:** 2.74% की गिरावट रही।
- **मिडकैप:** 2.52% गिरा।
- **FII बिकवाली:** 3,262.82 करोड़ रुपये (सोमवार)
- **DII खरीदारी:** 4,234.30 करोड़ रुपये (सोमवार)
- **निवेशकों का नुकसान:** 9,86,093.96 करोड़ रुपये।
- **वजह:** डोनल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड मसले पर यूरोपीय संघ के आठ देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दे दी। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार का माहौल बिगड़ गया है।

FICCI सर्वे में मैन्युफैक्चरिंग की दमदार तस्वीर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मैन्युफैक्चरर्स के मजबूत हौसले की तस्वीर इंडस्ट्री संगठन FICCI के सर्वे में दिखी। FICCI ने मंगलवार को बताया कि उसके लेटेस्ट सर्वे में मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर रहा। इसमें 91% कंपनियों ने उत्पादन का पिछला स्तर बनाए रखने या बढ़ाने की बात कही।

अटो कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स, केमिकल्स, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स और टेक्सटाइल्स सहित 8 प्रमुख सेक्टरों की कंपनियों के बीच सर्वे के मुताबिक, स्थापित उत्पादन क्षमता का औसतन 75% हिस्सा इस्तेमाल हो रहा है, जिससे अच्छी आर्थिक गतिविधि का संकेत मिला। कंपनियों ने अगले 6 महीनों में निवेश और कारोबार बढ़ाने की उम्मीद भी जताई। हालांकि 57% कंपनियों ने कहा कि बिक्री के प्रतिशत के रूप में उत्पादन लागत बढ़ी है। 38% कंपनियों ने कहा कि वे अगले 3 महीनों में और लोगों को काम पर रखने वाली हैं।

दिसंबर में कोर सेक्टर ग्रोथ 3.7% रही

सालभर पहले कोर सेक्टर ग्रोथ 5.1% और नवंबर में 2.1% थी। पिछला ऊंचा स्तर अगस्त में 6.5% ग्रोथ का है। इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी गतिविधियां बढ़ने का असर दिसंबर के आंकड़ों में दिखा।

मंत्रालय ने कहा, 'दिसंबर में सीमेंट, स्टील, बिजली, उर्वरक और कोयले के उत्पादन में पॉजिटिव ग्रोथ दर्ज की गई। इस वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर तक कोर सेक्टर ग्रोथ 2.6% रही।' वित्त वर्ष 2024-25 में इसी दौरान ग्रोथ 4.5% थी।

स्टील प्रोडक्शन ग्रोथ सालभर पहले के 7.3% के मुकाबले 6.9% रही।

औद्योगिक उत्पादन ग्रोथ 4 महीने के टॉप पर

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े 8 प्रमुख क्षेत्रों में उत्पादन सालभर पहले के मुकाबले दिसंबर में 3.7% बढ़ा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कोयला, क्रूड ऑयल, नैचरल गैस, सीमेंट सहित 8 सेक्टरों वाले कोर सेक्टर की कुल ग्रोथ दिसंबर में 4 महीनों के ऊंचे स्तर पर रही।

हालांकि यह नवंबर के 6.7% से अधिक रही। वहीं, सीमेंट प्रोडक्शन ग्रोथ 10.3% के मुकाबले 13.5% रही। नवंबर में यह 14.6% थी। कोयले का उत्पादन सालभर पहले के 5.3% के मुकाबले 3.6% बढ़ा। नवंबर में ग्रोथ 2.1% थी। बिजली उत्पादन दिसंबर में 5.3% बढ़ा, जिसकी ग्रोथ सालभर पहले 6.2% थी। नवंबर में ग्रोथ -1.5% थी।

एक्सपर्ट बोले- बिजनेस एक्टिविटी बढ़ने का संकेत : बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'कोर सेक्टर ग्रोथ इस मायने में भी अच्छी है कि यह ऊंचे बेस पर आई है। सड़कों और रेलवे पर सरकार का खर्च बढ़ने का असर स्टील और सीमेंट उत्पादन में दिखा है। बिजनेस एक्टिविटी बढ़ने का संकेत है और दिसंबर में IIP ग्रोथ 4% रह सकती है।'

EU से ट्रेड डील में निर्यातकों की नजर पर्यावरण नियमों पर

EU चीफ बोलीं, भारत संग ऐतिहासिक समझौते के करीब

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से निर्यात को मजबूती मिलेगी। अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहे निर्यातक इस FTA को लेकर उत्साहित हैं, हालांकि EU के पर्यावरण से जुड़े कुछ नियमों को लेकर वे सतर्कता भी जता रहे हैं।

27 जनवरी को होने जा रही भारत-ईयू समिट में FTA का ऐलान हो सकता है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को दावोस में वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में कहा कि दोनों पक्ष 'ऐतिहासिक व्यापार समझौते' के मुहाने पर हैं। पिछले शुक्रवार को कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भी कहा था कि EU के साथ 'सुपर डील' होने जा रही है।

निर्यातकों के संगठन FIEO के महानिदेशक डॉ अजय सहाय ने कहा, 'इस FTA से हमारे सबसे बड़े ट्रेड पार्टनर से व्यापार बढ़ेगा। इससे टैरिफ के मौजूदा माहौल से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में बहुत मदद मिलेगी।'

AFP

EU चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन

गारमेंट और टेक्सटाइल्स सेक्टर के लिए FTA को 'ऐतिहासिक अवसर' बताते हुए CTA अध्यक्ष व चेयरमैन डॉ मुकेश कंसल ने कहा, 'कम ड्यूटी पर या ड्यूटी फ्री एक्सपोर्ट की सुविधा मिलने से भारतीय निर्यातकों को मदद मिलेगी, खासतौर से उन देशों के मुकाबले, जिन्हें अभी रियायत मिली हुई है।'

हालांकि EU के कार्बन टैक्स और डीफॉरेस्टेशन एक्ट का पेच भी है। 'डीफॉरेस्टेशन एक्ट कहता है कि अगर प्रोडक्ट बनाने में वन क्षेत्र को नुकसान हुआ हो, तो वह सामान EU में नहीं बिकेगा।

डॉ सहाय ने कहा, 'यूरोपियन यूनियन के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म से जुड़े कुछ मुद्दे हैं, लेकिन हमें ऐसा समझौता होने का विश्वास है, जिससे दोनों पक्षों को लाभ होगा।' वहीं, डॉकसल ने कहा, 'अगर नियमों के अनुपालन की सरल व्यवस्था और प्रैक्टिकल रूल्स और ऑरिजिन के साथ FTA होता है तो गारमेंट एक्सपोर्ट को लंबी अवधि में बड़ा फायदा होगा। जिन मैन्युफैक्चरर्स ने रिन्यूएबल एनर्जी, ट्रेसेबिलिटी सिस्टम्स और वर्कर वेलफेयर में निवेश किया है, उनको फायदा होगा।'

इलेक्ट्रिक ट्रक का ट्रेंड अब तेज़ी पकड़ेगा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** देश में अब ट्रकिंग सेक्टर भी तेजी से इलेक्ट्रिक और सेमी-फोकस्ड बनता जा रहा है। जिस तरह पैसेंजर गाड़ियों में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ा है, उसी तरह अब भारी और मध्यम कमर्शल वाहनों में भी यह बदलाव साफ दिखाई देने लगा है। टाटा मोटर्स ने मंगलवार को अपने 17 अडवांस ट्रकों की रेंज पेश की जिसमें 5 इलेक्ट्रिक ट्रक शामिल हैं।

अब ट्रांसपोर्टर्स सिर्फ माइलेज नहीं, बल्कि कम ऑपरेटिंग कॉस्ट, जीरो एमिशन और भविष्य की जरूरतों को देखकर फैसले ले रहे हैं। इलेक्ट्रिक ट्रक खासतौर पर ई-कॉमर्स, शहरों के भीतर डिलीवरी, पोर्ट ऑपरेशन, माइनिंग और कंस्ट्रक्शन जैसे सेक्टर में तेजी से अपनाए जा रहे हैं। इससे डीजल पर निर्भरता घटेगी, प्रदूषण भी कम होगा।

साथ ही ट्रकों में सेफ्टी को लेकर भी सोच पूरी तरह बदल रही है। पहले जहां मजबूती और लोड कैपेसिटी ही

प्राथमिकता होती थी, अब ड्राइवर की सुरक्षा, केबिन की मजबूती और एडवांस सेफ्टी फीचर्स पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। यूरोपीय सेफ्टी स्टैंडर्ड के अनुसार बने ट्रक, क्रैश प्रोटेक्शन, लेन वार्निंग और ड्राइवर बिहेवियर मॉनिटरिंग जैसी तकनीकें अब भारत में भी ट्रेंड बन रही हैं। ADAS जैसे फीचर्स भी ट्रकों में आ रहे हैं।

एक तरफ इलेक्ट्रिक ट्रक ग्रीन लॉजिस्टिक्स की दिशा में कदम हैं, तो दूसरी तरफ सेफ्टी पर बढ़ता फोकस सड़क हादसों को कम करने में मदद करेगा। यह साफ संकेत है कि आने वाले समय में भारतीय ट्रक इंडस्ट्री सिर्फ 'मजबूत' नहीं, बल्कि स्मार्ट, सेफ और सस्टेनेबल भी होगी।

IT सेक्टर: इस साल भी AI में आत्मनिर्भरता पर रहेगा फोकस

घरेलू कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर्स इकोसिस्टम के बढ़ावे पर जोर

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत सरकार AI को लेकर कितनी महत्वाकांक्षी है, इसका अंदाजा फरवरी में होने वाली AI समिट की तैयारियों से ही लग जाता है। देश AI में ग्लोबल लीडर बनना चाहता है, लेकिन इसके लिए घरेलू स्तर पर आत्मनिर्भरता की साधना होगा। जानकार मान रहे हैं कि आर्टी के क्षेत्र में पिछले साल की ही तरह इस साल भी फोकस AI सेक्टर में दीर्घकालिक नीति के जरिए आधारभूत ढांचे को मजबूत करने को लेकर होगा।

AI Image

काउंटडाउन बजट 2026 टेक्नॉलजी

IT मंत्रालय का बजट आवंटन?

2025-26:	26,026.25 करोड़ रु.
2024-25:	21936.9 करोड़ रु.
2023-24:	12766.3 करोड़ रु.

पीसी सहल IndiaAI Mission के लिए आवंटित 2,000 करोड़ रुपये की राशि का योगदान आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) से जुड़े किसी भी मिशन के लिए आवंटित अब तक का सबसे बड़ा समर्थन था। वहीं सेटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए भी 500 करोड़ दिए गए थे। इस बार इस सेक्टर को ठोस कदमों की जरूरत है एक्सपर्ट कनिक गौर का कहना है कि जहां तक IT और AI इकोसिस्टम की बात है तो ये सेक्टर आने वाले बजट को AI रिसर्च, घरेलू कंप्यूट फैसिलिटी, साइबर सेक्योरिटी, टैलेंट ग्लोबल प्रतिस्पर्धा और स्ट्रनजिक निवेश के लिहाज से स्टिमुलस टेस्ट की तरह देख रहा है। इस बजट से तय होगा कि भारत एक सर्विस फायरहाउस के स्तर पर ही रहेगा या फिर प्रोडक्ट और प्लैटफॉर्म देश की तरह उभर कर सामने आएगा। ये बजट भारत की कार्यक्षमता को भविष्य के लिए तैयार करने की रणनीति अपना सकता है।

बजट से उम्मीद

- **डेटा सेंटर्स** में निवेश, कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, टेक रिसर्च समेत लंबी अवधि में नई तकनीकों को बढ़ावा
- **देश** में एआई इकोसिस्टम का विकास, AI में आम लोगों का कनेक्ट, स्टार्ट अप को और समर्थन
- **डिवेलपर्स** कंडिसनल टैक्स हॉलीडे चाहते हैं, ग्रीन एनर्जी, रोजगार और कैपेसिटी से जुड़े हों लक्ष्य

इरफान खान बोले, तुम डी डे में भी गाना डाल दोगे: निखिल

ओटीटी पर इन दिनों अपनी वेब सीरीज के जरिए लगातार इतिहास के पन्ने पलट रहे फिल्ममेकर निखिल आडवाणी हाल ही में अपनी सीरीज फ्रीडम ऐट मिडनाइट 2 को लेकर चर्चा में रहे। ऐसे में हमने निखिल से उनके सिनेमाई सफर पर की खास बातचीत:

Upma.Singh@timesofindia.com

Q आपने करियर के शुरुआत में साईद मिर्जा, सुधीर मिश्रा, फिर करण जौहर, आदित्य चोपड़ा जैसे दो बिल्कुल विपरीत धाराओं के फिल्मकारों को असिस्ट किया। उससे आपके भीतर के फिल्मकार को कैसे बढ़ा?

मैं हमेशा से फिल्मों बच्चा रहा हूं। मैं 12वीं में फेल हो गया था क्योंकि बहुत फिल्में देखता था। मैं दिन में पांच या छह फिल्में देखता था तो मेरे अंदर फिल्मों का कीड़ा है। इसलिए, चाहे सत्यजीत रे हों या श्याम बेनेगल, रमेश सिप्पी हों या यश चोपड़ा मैंने सबका सिनेमा देखा है। बाद में खूब पढ़ाई की और नेवियमें से पास आउट हुआ तो उस समय एक नेशन, एक जज्बा था कि हम देश-दुनिया को बदल देंगे। इसलिए साईद मिर्जा, सुधीर मिश्रा के चरणों में जाकर गिर गया और वे सही मायने में मेरे गुरु हैं। आज भी मैं कुछ करते हुए ये सोचता हूं कि साईद और सुधीर क्या करते! लेकिन मेरा जो स्कूल है, जहां मैंने प्रोडक्शन सीखा है वो करण जौहर और यश चोपड़ा के बैनर ही हैं तो दोनों के बीच द्वंद चलता रहता है। मुझे याद है, इरफान खान जब डी डे करने के लिए मन बना रहे थे तो उन्होंने कहा था कि यार, तू इसमें गाना डाल देगा। तू कैसे रियलिस्टिक कर सकता है!

Q आपको सिनेमा की दुनिया में 30 साल हो गए। इतना प्यार-शोहरत हासिल करने के बाद अब क्या लक्ष्य है?

मैं अब सिर्फ लौटाना चाहता हूं। मेरा मानना है कि अगर हम इस इंडस्ट्री को खास नहीं देंगे जिससे हमने इतना कुछ पाया है तो हम बहुत छोटी सोच वाले हो रहे हैं। इसलिए, मैं दूसरे राइटर-डायरेक्टर्स को सपोर्ट कर रहा हूं। हमने साबर बोंदा जैसी फिल्म बनाई। हमने राइटर्स को मजबूत करने के लिए राइटर्स रेजीडेंसी प्रोग्राम बनाया था जो मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने यही रखता है कि मैं कैसे इंडस्ट्री को मजबूत करने में अपना बेस्ट दे पाऊं।

Q इधर, आप लगातार इतिहास के पन्नों को अपनी सीरीज के जरिए पलट रहे हैं। रॉकेट बॉयज, द एम्पायर, फ्रीडम ऐट मिडनाइट के बाद आपकी अगली सीरीज द रिवॉल्यूशनरीज भी स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में है। ऐसा क्यों?

मुझे इतिहास के पॉडकास्ट सुनना, इतिहास की किताबें पढ़ना बहुत पसंद हैं। मेरी चाहत है कि मैं ऐसा काम करूं जिससे लोगों को अपना इतिहास याद रहे। मेरी बेटी 19 साल की है, मैं चाहता हूं कि उसे अपने देश का इतिहास पता हो। वह उसे भूले नहीं। मेरा खुद का परिवार सिंध और कराची से है तो मैं चाहता हूं कि उसे पता हो कि हमारे दादा-दादी ने बंटवारे के दौरान क्या भुगता था? इसलिए मैंने फ्रीडम ऐट मिडनाइट बनाया। जबकि, रिवॉल्यूशनरीज संजीव सान्याल जी की किताब पर आधारित है। वह गांधी जी से पहले पहले के जो क्रांतिकारी रहे हैं, उन पर है लेकिन वह फ्रीडम ऐट मिडनाइट से बहुत अलग है। वह क्रांति की कहानी है, मगर उसमें 5 गाने भी हैं, 11 ऐक्शन सीन भी हैं, लव स्टोरी भी है तो उसमें मैं सब कुछ कर रहा हूं। उसमें मैं थोड़ा बहुत मनोज कुमार बनने की कोशिश कर रहा हूं।

Q आज के समय में आपको इंडस्ट्री में किस चीज में सुधार की जरूरत महसूस होती है?

मुझे लगता है कि फिल्ममेकर्स को ज्यादा पढ़ना चाहिए। जैसे, पहले के जमाने में यश चोपड़ा को साहिर लुधियानवी की सारी कविता जुबानी याद थी। वे दिल से खुद कवि थे। मुझे उनके साथ काम करने की खुशनसीबी मिली। आज हम विदेशी फिल्में देखते हैं और हमें लगता है कि वही सिनेमा है। हमें अपना साहित्य और पढ़ना चाहिए। विश्व सिनेमा और देखना चाहिए और इस ओपनेस और डैकेड के आंकड़ों के खेल से बचना चाहिए।

Q किताब को स्क्रीन पर अक्षरशः करना जटिल काम होता है। फिर इस शो में गांधी जी, नेहरू, जिन्ना, पटेल जैसे ऐतिहासिक हस्तियों का चित्रण और अपनी क्रिएटिव आजादी के बीच कैसे तालमेल बिठाया?

अपने सही कहा कि किताब को स्क्रीन पर उतारना चुनौतीपूर्ण काम है। फिर फ्रीडम ऐट मिडनाइट बेशक बहुत उम्दा किताब है, मगर ऐसे भी लोग हैं जिन्हें लगता है कि इसमें कहानी पश्चिमी नजरिए से कही गई है। इसे ओजो ने लिखा है तो क्या वास्तव में यह हमारा इतिहास है? लेकिन हमें किताब बहुत पसंद आई तो हमने इसे अक्षरशः करने का फैसला किया और किसी किताब को अच्छे से तभी अक्षरशः कर सकते हैं अगर राइटिंग मजबूत हों। हमारे शो में छह राइटर्स का क्रेडिट है। उनके साथ औरों की भी मेहनत है। इसे सिर्फ लिखने में डेढ़ साल लगे। रही बात इसे पढ़े पढ़े पर दिखाने की तो मेरा मानना है कि कभी भी इतिहास एक नहीं हो सकता है। अलग-अलग लोगों का उसे देखने का अलग दृष्टिकोण हो सकता है। इसलिए, मैंने ये तय किया था कि मैं इसमें अपना जजमेंट नहीं देने वाला कि ये सही है या वे गलत है। मैं ऑडियंस को उन कमरों के अंदर लेकर जाना चाहता था, उन दरों, विरोध के अंदर लेकर जाना चाहता था कि आप खुद तय करें कि नेहरू, जिन्ना, पटेल, माउंटबेटन, मेनन सबको वही जानकारी मिल रही थी जो आपको अभी मिल रही है तो आप खुद तय करें कि उन्होंने सही फैसले लिए या नहीं?, मेरा बैलेंस जजमेंटल न होने से आया।

धुरंधर के बाद आगे क्या करूंगी, पता नहीं: सारा अर्जुन

@saraarjunn

सारा अर्जुन का कहना है कि उन्होंने फिल्म धुरंधर के सक्सेस के बाद का अपना अगला कदम तय नहीं किया है। एक इंटरव्यू में सारा से पूछा गया कि धुरंधर की सफलता के बाद फ्रिज्ड चुनते समय उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या होती है, तो उन्होंने कहा, 'मैं इसे हर दिन के बदलाव के रूप में देखती हूं, क्योंकि हम हर रोज ये करते हैं। आज मुझे इस बात का एहसास है कि ऐक्टिंग को अपने पेशे के रूप में अपनाना एक बहुत बड़ा सौभाग्य है।'

धुरंधर 2 के बाद सारा किन प्रोजेक्ट्स में दिखेंगी? इस पर वह कहती हैं, 'मेरे अगले कदम के बारे में फिलहाल कुछ तय नहीं है। मुझे नहीं पता कि मैं मार्च के बाद क्या करूंगी। मैं यह बात बहुत सकारात्मक तरीके से कह रही हूं।' हालांकि सारा कहती हैं कि मुझे यह अनिश्चितता की स्थिति पसंद है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह अनिश्चितता बहुत पसंद है क्योंकि यह मुझे हमेशा सीखने की स्थिति में रखती है।

मैं ऐसी कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हूं जो बहुत दमदार हों, खासतौर पर जिनमें भावनात्मक गहराई हो।'

एक ही फ्रेम में नज़र आए शाहरुख-कैटी

Photo: Social Media

शाहरुख खान हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में हुए जॉय अवॉर्ड्स में शामिल हुए। अब इस इवेंट से जुड़ा एक ऐसा मोमेंट सामने आया है, जो शाहरुख के फैंस के लिए खास बन गया है। दरअसल इस अवॉर्ड फंक्शन में से उनके चहेते स्टार का एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह ग्लोबल पॉप स्टार कैटी पेरी संग खड़े हैं। इस दौरान मंच पर शाहरुख से जब पूछा गया कि उन्हें सऊदी अरब आकर कैसा लगता है, तो उन्होंने कहा कि वह यहां एक बार काम के सिलसिले में नहीं, बल्कि छुट्टियां बिताने भी आना चाहते हैं।

शाहरुख ने कहा, 'यहां आनकर बहुत खुशी होती है कि यहां के लोग मेरे काम को पसंद करते हैं। मैंने यहां एक फिल्म की शूटिंग की है, इसलिए मुझे यहां की लोकेशन्स बहुत अच्छी लगती हैं। यहां का कल्चर, लोग और खाना भी बहुत शानदार है। अब मैं यहां काम के लिए नहीं, बल्कि छुट्टियों के लिए आना चाहता हूं।' इस इवेंट में शाहरुख के अलावा कई ग्लोबल स्टार्स जैसे मिली बॉबी ब्राउन और ली जंग जे ने भी शिरकत की। वहीं फोटो पर शाहरुख के फैंस वेहद खुश नजर आ रहे हैं और कई सारे रिएक्शन्स भी दे रहे हैं। कुछ फैंस शाहरुख को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला सुपरस्टार बता रहे हैं।

> मैंने यहां (सऊदी अरब) एक फिल्म की शूटिंग की है, इसलिए मुझे यहां की लोकेशन्स बहुत अच्छी लगती हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP11 User: arvind.yadav1 Time: 01-20-2026 22:44 Color:

भारत का घरेलू परिस्थितियों में कोई सानी नहीं है। टी20 सीरीज के दौरान वे मैदान नहीं होंगे जहां हम वर्ल्ड कप में खेलेंगे। लेकिन यहां खेलने का अनुभव और मैदानों की स्थिति का आकलन वर्ल्ड कप से पहले शानदार तैयारी होगी। -लॉकी फर्ग्यूसन, फास्ट बोलर, न्यूजीलैंड

27

सिक्स हैं रोहित शर्मा के नाम न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल में। वह दोनों देशों के बीच टी20 फॉर्मेट में हुए मैचों में सर्वाधिक सिक्स लगाने वाले बैटर हैं

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत की ओर से कितने प्लेयर्स 100 से ज्यादा टी20I मैच खेल चुके हैं?
A) 1 B) 2 C) 3 D) 4
2. ऑस्ट्रेलियन ओपन में मौजूदा मेंस सिंगल्स चैंपियन कौन हैं?
A) यानिक सिनर B) नोवाक जोकोविच C) कार्लोस अल्काराज D) डेनियल मेदवेदेव

कल के जवाब
1. A) जकार्ता 2. C) कामिला रहिमोवा

लकी WINNER



1. हरमीत सिंह, हरि नगर, नई दिल्ली
2. मनोज कुमार सिन्हा, साहिबाबाद
3. विक्रम सिंह बिष्ट, लखनऊ/यूपी

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

विंटर गेम्स की घोषणा

■ लेह: उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने आयाबुनिका एनडीएस आइस हॉकी स्टेडियम पर छठे खेलो इंडिया विंटर गेम्स-2026 की शुरुआत की मसलवार की घोषणा की। खेल अगले सात दिन तक चलेंगे और 26 जनवरी को समापन दिवस पर इनका समापन होगा। 19 प्रदेशों के 1060 प्रतिभागी भाग लेंगे।

अमेलिया बनी कोच

■ नई दिल्ली: अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने मंगलवार को कोस्टा रिका की अमेलिया वालवर्डे को भारतीय सीनियर महिला टीम की हेड कोच बनाया। 39 वर्ष की अमेलिया आल्फा ने भारतीय टीम के शिविर में पहुंच गई है। भारतीय टीम मार्च में होने वाले एएफसी विमेंस एशियन कप की तैयारी कर रही है।

प्रन्ना लेंगे हिस्सा

■ रत्नागेर: भारतीय स्टार आर प्रग्नानंदा ने पुष्टि की कि वह तीसरी बार नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। नई पीढ़ी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में शामिल प्रग्नानंदा ने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। प्रग्नानंदा ने सबसे पहले 2022 में नॉर्वे चेस में भाग लेकर टूर्नामेंट जीता था।

बोर्ड ने किया करार

■ नई दिल्ली: बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले गूगल के एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी के साथ 270 करोड़ रुपये का प्रायोजन करार किया है। जेमिनी की प्रतिद्वंद्वी कंपनी चैट जीपीटी विमिंस प्रीमियर लीग के प्रायोजकों में से एक है।

टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले दोनों टीमों के पास इस फॉर्मेट में दबदबा बनाने का मौका

वनडे में मिले जख्मों को भरने उतरेगी 'सूर्य की सेना'

भारत Vs न्यूजीलैंड | **टी20I सीरीज, पहला मैच**

■ एजेंसियां, नागपुर: कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम इंडिया श्रीलंका से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में मैदान पर होगी जो उसका पहला लक्ष्य वनडे सीरीज में मिली हार का बदला चुकता करने का होगा। इसके अलावा खराब टैर से गुजर रहे कप्तान की निगाहें फॉर्म में वापसी करते हुए अगले महीने टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम की तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होंगी।

सूर्य ने 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी जिसके बाद इस फॉर्मेट में भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उसकी जीत का प्रतिशत 72 से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया। टी20 इंटरनैशनल मैचों में भारत ने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवर्स में शानदार बोलिंग को जाता है। इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्य ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक लगाए बिना केवल 218 रन बनाए।

वनडे है मजबूत विपक्षी: भारतीय टीम पर हालांकि वर्ल्ड कप में अपने खिताब का बचाव करने और घरेलू धरती पर खेलने का दबाव होगा। न्यूजीलैंड की टीम काफी मजबूत है और उसने पिछले एक साल में कई उपलब्धियां हासिल की है, जिसमें भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप करना और वनडे सीरीज जीतना भी शामिल है। भारतीय धरती पर पहली बार द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीतने से निश्चित तौर पर उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 वर्ल्ड-कप के बाद खेले गए 21 टी20I मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। आक्रामक ओपनर डेवोन कॉन्वे, कप्तान मिचेल सैंटनर, पेसर जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी साबित होगी।

टी20 सीरीज में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और पेसर जसप्रीत बुमरा की वापसी होगी जिन्हें वनडे सीरीज में आराम दिया गया था।

वाइट बॉल टीजर

क्लार्क टीम के साथ बने रहेंगे

न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल का भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बार पैर की पिंडली में लगी मामूली चोट से उबर पाते हैं या नहीं। वाल्टर ने कहा, 'ब्रेसवेल का उपचार जारी रहेगा और उनकी फिटनेस पर निगाह रखी जाएगी। इसके बाद ही दौरे में उनकी आगे की भागीदारी के बारे में कोई निर्णय लिया जाएगा।' वाल्टर ने यह भी पुष्टि की कि पेसर क्रिस्टियन क्लार्क टीम के साथ बने रहेंगे।

100 वां टी20 इंटरनैशनल मैच खेलेंगे सूर्यकुमार यादव अपने करियर का। वह यह मुकाम हासिल करने वाले भारत के चौथे जबकि दुनिया के 53वें खिलाड़ी बन जाएंगे

99 इंटरनैशनल जीत हासिल कर चुकी है टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों फॉर्मेट मिलाकर। एक और जीत से वह न्यूजीलैंड के खिलाफ इंटरनैशनल मैचों में जीतों की सेंचुरी लगा देगी

79 रन पर भारत को न्यूजीलैंड ने ढेर कर दिया था साल 2016 में नागपुर के मैदान पर हुई पिछली टक्कर में। वह मैच न्यूजीलैंड ने 47 रन से जीता था

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पिछले वर्ल्ड कप के बाद पहली भिड़ंत

साल 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद से भारतीय टीम ने टी20 फॉर्मेट में लगातार चैंपियंस वाला ही प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ल्ड कप के बाद से उसने 34 मैच खेले हैं, जिनमें से 29 जीते और सिर्फ पांच गंवाए हैं। इसमें सुपर ओवर में मिली दो जीत भी शामिल हैं। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि इस दौरान भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 में एक भी मिड़ान नहीं हुई है। टीम को लगातार हैरान कर रहे कीवियों के खिलाफ यह सीरीज भारत की असली परीक्षा होगी।

नागपुर में प्रैक्टिस सेशन के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव

आमना-सामना

टाई मैच 1 | भारत जीता 14 | **25** कुल मैच | 10 न्यूजीलैंड जीता

संभावित प्लेइंग XI

भारत: अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रिंकू सिंह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमरा, वरुण चक्रवर्ती

न्यूजीलैंड: टिम रॉबिन्सन, डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, जेम्स नीशम, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, जैकब डफी

पिच व मौसम

विदर्भ क्रिकेट असोसिएशन का ग्राउंड भारत के सबसे बड़े आउटफील्ड वाले मैदानों में से एक है और सफेद गेंद के क्रिकेट में भी यहां अक्सर रिफ्लेक्स मदद मिलती है। बुधवार को मौसम खुशनुमा और शुष्क रहने की उम्मीद है। शाम के समय तापमान करीब 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

टेलिकास्ट: शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

बांग्लादेश की दो टूक-किसी शर्त पर नहीं खेलेंगे भारत में

आज खत्म होगी ICC की डेडलाइन

■ एजेंसियां, ढाका: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ICC की तरफ से दी गई 21 जनवरी तक की डेडलाइन के ठीक एक दिन पहले मंगलवार को बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने दोहराया कि बांग्लादेश की टीम वर्ल्ड कप के मैच खेलने के लिए किसी भी शर्त पर भारत नहीं जाएगी। गौरतलब है कि अगर BCB भारत में नहीं खेलने के अपने फैसले पर अड़ा रहा तो इस बार 20 देशों के इस टूर्नामेंट से बांग्लादेश को बाहर करते हुए रैंकिंग्स के आधार पर स्कॉटलैंड की टीम को उसकी जगह शामिल कर लिया जाएगा।

दबाव में नहीं झुकेंगे: नजरुल ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'मुझे यह नहीं पता कि स्कॉटलैंड को हमारी जगह शामिल किया जाएगा। अगर ICC भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के दबाव में आकर बेतुकी शर्तें रखकर हम पर दबाव बनाने की कोशिश करता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे।'

जादरान-रसूली की जुगलबंदी से जीत

अफगान बैटर इब्राहिम जादरान

■ एजेंसियां, दुबई: इब्राहिम जादरान और दरवेश रसूली के बीच तीसरे विकेट की रेकॉर्ड साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने तीन मैच की टी20 सीरीज के पहले मैच में जेस्टइंडीज को 38 रन से हराया। जादरान ने 56 गेंदों पर 87* रन और रसूली ने 59 गेंदों पर 84 रन बनाए। इससे अफगानिस्तान ने तीन विकेट पर 181 रन बनाए। जवाब में जेस्टइंडीज नौ विकेट पर 143 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से क्विंटिन सैंपसन (30) और गुडाकेश मोती (28) ही थोड़ा योगदान कर पाए। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने टीम के लिए 2-2 विकेट झटके।

तीसरे नंबर पर ईशान करेंगे बैटिंग: सूर्यकुमार

ईशान किशन करेंगे वापसी

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

■ एजेंसियां, नागपुर: भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में ईशान किशन को ओपेन्स ओपनर से पहले बैटिंग के लिए भेजा जाएगा क्योंकि वह टी20 वर्ल्ड कप टीम का भी हिस्सा है। वह चोटिल तिलक वर्मा की तरह ही बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। सूर्य ने कहा, 'ईशान तीसरे नंबर पर बैटिंग करेंगे क्योंकि वह हमारी टी20 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा हैं और उन्हें टीम में पहले चुना गया है, तो उन्हें मौका देना हमारी जिम्मेदारी है। तिलक भी नहीं हैं, तो ईशान हमारे पास सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं।'

लंबे समय से खराब फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी शैली में कोई बदलाव नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं रन नहीं बना पा रहा, लेकिन अपनी पहचान नहीं बदलूंगा। मैंसैसे ही खेलूंगा जैसे पिछले तीन चार साल से खेल रहा था और जिससे मुझे सफलता मिली है।'

सैंटनर को मिचेल से उम्मीद: न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि डेरिल मिचेल वनडे की अपनी शानदार फॉर्म को टी20 सीरीज में भी बरकरार रखेंगे। मिचेल ने भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों में 84, 131* और 137 रन बनाकर न्यूजीलैंड की सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई।

सिनर का खिताबी अभियान हुआ शुरू, कीज भी जीतीं

■ एपी, मेलबर्न: मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और मेडिसन कीज ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में जगह बनाई। सिनर ने रोड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैटट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की। विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अप्रत्याशित चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। सिनर वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।

पिछड़ने के बाद वापसी: नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्कोवा को 7-6, 6-1 से हराया। कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला ट्राईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में खेल रही ओलिन्कोवा ने ट्राईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट पॉइंट्स के मौकों को भुनाने में असफल रहीं। कीज ने ओलिन्कोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया। विंबिल्डन सिंगल्स में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना भी करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टनेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 से और चेक रिपब्लिक की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त मायो नोइट को 6-4, 6-4 से हराया। यूएस ओपन की पूर्व चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले राउंड में कैरोलिना प्लिस्कोवा से 7-6, 6-2 से हार गईं।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

पूनाचा-इसारो की जोड़ी बाहर

भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार पुव्य इसारो ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस डबल्स के पहले राउंड में बाहर हो गए। पूनाचा और इसारो को पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी से 6-7, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। डबल्स में भारत की उम्मीदें बरकरार हैं। युकी भांबरी स्वीडन के अपने साथी ओट्टे गोरानसन के साथ चुनौती पेश करेंगे। उनका पहला मुकाबला स्थानीय खिलाड़ियों जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट से होगा।

जीत के साथ हैदराबाद ने कायम रखीं उम्मीदें

हॉकी इंडिया लीग

अमनदीप लाकड़ा

■ एजेंसियां, भुवनेश्वर: हैदराबाद तूफांस ने मेंस हॉकी इंडिया लीग में मंगलवार को HIL GC (हॉकी इंडिया गवर्निंग काउंसिल) पर 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की। अपने आखिरी लीग मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना कर रही हैदराबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी बरकरार रखी है। इस जीत के साथ हैदराबाद की टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि HIL GC अब चौथे स्थान पर खिसक गई है। तूफांस के लिए जाचरी वॉलेस, अमनदीप लाकड़ा और शिलानंद लाकड़ा ने गोल दागे, जबकि HIL GC की ओर से केन रसेल ने दो गोल किए। मैच के छठे मिनट में वॉलेस ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए तूफांस को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, दो मिनट बाद ही केन रसेल ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। फिर अमनदीप ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर तूफांस को 2-1 की बढ़त दिला दी।

पोल वॉल्ट के चैंपियंस को ट्रेन से उतराने पर विवाद

राष्ट्रीय रेकॉर्ड होल्डर देव कुमार मीणा

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप से लौट रहे भारत के नैशनल रेकॉर्ड होल्डर पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव कुमार मीणा और उनकी टीम को पनवेल स्टेशन पर अभूतपूर्वनजनक स्थिति का सामना करना पड़ा। उन्हें उनके पोल के साथ यात्रा करने की अनुमति नहीं दी गई और ट्रेन से उतरने पर मजबूर किया गया। जुर्माना भरने के बाद ही उन्हें इसे साथ ले जाने दिया गया। जुलाई-2025 में जर्मनी में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में अपना ही राष्ट्रीय रेकॉर्ड तीसरी बार तोड़कर 5.40 मीटर का नया रेकॉर्ड बनाने वाले देव, मंगलूरु से मीट रेकॉर्ड बनाने वाले कुलदीप और उनके साथी खिलाड़ी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से हिस्सा लेकर लौट रहे थे।

पांच घंटे रोके रखा: कोच धनश्याम ने बताया, 'टीटीआई ने हमसे पोल हटाने को कहा तो मैंने उन्हें बताया कि यह पोल वॉल्ट है और हमने प्रतिस्पर्धा में भागीदारी का सबूत और मेडल भी उन्हें दिखाया। लेकिन, वह अड़ गए कि या तो 5000 रुपये जुर्माना भरो या पोल यहीं छोड़कर जाओ। हमारी एक ट्रेन भी छूट गई और बहुत मिन्नतें करने के बाद आखिर में 50 किलो का जुर्माना 1575 रुपये वसूला।'

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में विवाद पर शो कॉज जारी

AIU को भेजा नोटिस

■ पीटीआई, नई दिल्ली: देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों में प्रशासनिक कमियों की ओर इशारा करते हुए खेल मंत्रालय ने 'अखिलभारतीय ग्रीफ इंडियन यूनिवर्सिटीज' (AIU) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि यह संस्था खिलाड़ियों के विकास और नियोजन से जुड़े अपने दायित्व को निभाने में नाकाम रही है। पिछले साल जर्मनी के राइने रूर में हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान AIU की काफी निंदा हुई थी, जहां कथित प्रशासनिक चूक के कारण 12 में से छह बैडमिंटन खिलाड़ियों को हिस्सा लेने से रोक दिया गया था। अधिकारी प्रबंधकों की बैठक के दौरान सभी नाम सही हुंग से जमा नहीं कर पाए जिससे भारी हंगामा हुआ।

प्रभावित खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि AIU के कुप्रबंधन के कारण उनके करियर को नुकसान हुआ। एक सूत्र ने बताया, 'खिलाड़ियों को परेशानी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खेलमंत्री मनसुख मांडविया का साफ तौर पर कहना है कि इस तरह की चूकों के गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।'

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपको धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे और आपका जीवनस्तर भी उच्च उठेगा। सहकारिता में आप मध्यम वर्गों में प्रबल रहेंगे। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है। आपके विरोधी अपने शिकायत मधुरता करने का प्रयास करेंगे। आप फिजूल की बातों पर ध्यान न दें।

TARUS 20 Apr - 19 May
आज आपकी संपत्ति का विस्तार होगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। समय का लाभ उठाएं। किसी बुजुर्ग से आर्थिक सहायता मिल सकती है। नौकरी में आज के दिन होने वाले परिवर्तन आपके पक्ष में ही होंगे। अवसरवाद व्यय पर नियंत्रण रखें। सहकारिता में कला का अंदाज भी मिल सकता है।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज के दिन आपकी राशि में उच्च पद की प्राप्ति का योग बन रहा है। संतान की ओर से सुखद समाचार भी आपको मिलेगा। आपका जीवन स्तर बढ़ेगा और आपको किसी की मदद करने का भी अवसर मिलेगा। नौकरी तथा व्यवसाय में साथियों के सहयोग का हर्ष होगा। अलाभ का योग कर सक्रिय रहें।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज के दिन आपको किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज जो कुछ चाहेंगे आप सफल होंगे और हो सकता है यात्रा के दौरान आपको कोई नई जानकारी भी मिले। आज संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। मित्र मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्त होगा। सहकारिता से राशि तक का समय आप पहाड़ी-लिखाई में बिताएंगे।

LEO 23 July - 22 Aug
घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन से मन में प्रसन्नता रहेगी। अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय में उन्नति होगी। अनावश्यक बढ़ने और अवसाद बढ़ी मात्रा में पैसे हाथ में आने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। आज राशि से अष्टम घर में मीन राशि का शनि मनी के रहा है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज के दिन कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आपके सहयोगी आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। बौद्धिक कार्यों व लेखन आदि से भी आय होगी। बेरजह खर्च करने से बचें। आज सहकारिता के समय संपत्ति का भी विस्तार हो सकता है। राशि में परिवार के मामले सुलझ जाएंगे।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज आपको अपनी इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य मिल सकता है, जिससे आप असंतुष्ट हो जाएंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी। न चाहते हुए भी आज के दिन खर्च बढ़ेंगे। यदि आप नौकरी करते हैं तो आज के दिन आपको अधिकारियों का विशेष सहयोग मिलेगा और उनसे आशीर्वाद से आपको पदोन्नति भी होगी। सहकारिता के समय पक्ष-विपक्ष में रहेंगे बढ़ेगी।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
राशि का स्वामी मंगल उच्च राशि में, मंडर राशि का होकर पंच से दशम घर बन रहा है। मंत्र-पिता का सहयोग व आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा। बहुत समय से रुका हुआ धन किसी महापुरुष के सहयोग से प्राप्त हो जाएगा। संतान पक्ष से और बौद्धिक क्षेत्र में सुखद परिणाम मिलने से प्रीति बढ़ेगी।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
राशि स्वामी बृहस्पति अपने राशि से अष्टम भाव में मंगी हो रहे हैं। पुरुषों भाव में शनि की वार्तालाप में उत्तेजनाई व परिश्रम की अधिकता रहेगा। बातचीत में सावधानी बरतें। किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। सहकारिता से लेकर राशि तक निकट की यात्रा का योग है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज आपके भाग्य का उदय होगा। आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप समय पर निभाएंगे भी। संतान पक्ष से आपको कोई सुखद समाचार भी मिलेगा, जिससे समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। हो सके तो आगे आने वाले कुछ दिन अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज कार्यक्षेत्र में अधिकता जिम्मेदारी और धार्मिक कार्यों से व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार और संपत्ति से आय में वृद्धि होगी। बेरजह खर्च करने से बचें। जीवनसाथी से आज बहसबाजी में न उलझें। सहकारिता के समय धार्मिक आयोजन में भागीदारी या धार्मिक यात्रा हो सकती है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज आपका दिन मिश्रित फलदायक है। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के रख-रखाव में खर्च बढ़ेगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति से भी आय के नए स्रोत विकसित होंगे। फोन कॉल के जरिए कोई शुभ समाचार मिल सकता है। राजनीति में आने सपनों का लाभ उठाएं।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष साढ़े-सुरु दैनंदी का कुंभ व मिथुन राशि में बेतु का सिंह राशि योग आपके वर्ष पर विशेष प्रभाव डाल रहे हैं। शत्रुक वर्ष से अवगी जमेगी। जनवरी के शेष दिनों से लेकर फरवरी महीने के अंत तक धन, रोजगार की वृद्धि से साधुओं को हर्ष होगी। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में अपने कार्य कौशल की प्रशंसा होगी। इस दौरान आपकी तरक्की से शिक्षितों का मनोबल भी निखेगा। मई-जून महीने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अर्थाधिक सक्रियता के बावजूद जरा सी निराशा, असंतुलता और मायूसी का दौर आने पर आपके कष्ट बढ़ जाएंगे। जुलाई माह की शुरुआत से लेकर अगस्त माह के अंत तक में यदि अपने समय पर कार्यों का निष्पादन नहीं किया तो कहीं पर भी विश्वासघात मिल सकता है। सितंबर महीने से लेकर अक्टूबर महीने तक में नियमित कार्यों में बढ़ोतरी के कारण कार्यगत लाभ होता रहेगा। नवंबर-दिसंबर में अपने सभी रुके हुए कार्य कुछ झंझटों के साथ-साथ खर्चे के उपरांत बन जाएंगे। मनत कार्यों की योजनाएं भी बनेंगी। विशेष अच्छे परिणाम के लिए जनवरी 2027 में पक्षियों के लिए दाना में जल रखना तथा नियमित रूप से पुष्पा डालना सफल उपाय है।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 22 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 2, शक संवत 1947, मास शुक्ल, ऋतु हेमंत, विक्रम संवत 2082। सौर मास मास प्रविष्टे 8, शब्दान 2, हिजरी 1447 (मुस्लिम) डद अनुसार अक्टूबर तारीख 22 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। पंचमी तिथि अर्धरात्रेत्र 2 बजकर 29 मिनट तक उपरांत पश्चमी तिथि। शतभिषा नक्षत्र दोपहर 2 बजकर 27 मिनट तक उपरांत पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। वरीयानयोग 5 बजकर 48 मिनट तक उपरांत परिघ योग का आरंभ। वणिज करण अपराह्न 2 बजकर 43 मिनट तक उपरांत बव करण का आरंभ। खरमास दिन-रात कुंभ राशि पर संचर करेगा। अंजन के उत्तर त्योहार-मौसी तृतीया।

सुडोकू

		4	5		1	2		
	6						4	
	3			4			8	
	4	7	6		2	8	1	
		9				5		
	1	5	9		8	3	2	
	5			1			3	
	9						7	
		3	7		9	1		

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बटुआ बुडबक
11:00 रुद्र के रसूक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
12:30 हम गांव
13:00 रुद्र के रसूक
13:30 म से मंडे
14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
15:00 लिटिल कृष्णा
17:00 बबलू डबलू
19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: cci Time: 01-20-2026 22:41 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब लॉन्च हुई पहली परमाणु पनडुब्बी

आज ही के दिन 1954 में दुनिया की पहली परमाणु पनडुब्बी USS Nautilus (SSN-571), अमेरिका में लॉन्च की गई थी। इसने नेवी के इतिहास को हमेशा के लिए बदल दिया। परमाणु ऊर्जा के कारण इसे ईंधन के लिए बार-बार सतह पर आने की जरूरत नहीं थी, जिससे यह हफ्तों तक पानी के नीचे रह सकती थी। यह आधुनिक नौसेना के 'परमाणु युग' की वास्तविक शुरुआत थी।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। मुंबई
बुधवार, 21 जनवरी 2026, पेज 12

भविष्य में पनडुब्बी होगी सेल्फ कंट्रोल्ड

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत की न्यूक्लियर सबमरीन आत्मनिर्भर, स्वदेशी और लगभग पूरी तरह 'सेल्फ कंट्रोल्ड' होंगी। इनमें AI-आधारित कमांड सिस्टम, आत्मनिर्भर प्रोपल्शन और लाइफटाइम न्यूक्लियर रिएक्टर होंगे। ये महीनों तक बिना सतह पर आए हिंद महासागर में गश्त कर सकेंगी। भारत की नीति के तहत इनका मुख्य उद्देश्य युद्ध नहीं, बल्कि रणनीतिक संतुलन, समुद्री सुरक्षा और शांति बनाए रखना होगा।

AI Images

गाजा, ग्रीनलैंड पर साथ से इनकार तो निशाना बनी फ्रांस की शराब

ट्रंप से 200% टैरिफ की धमकी, मैक्रों ने कहा- झुकना नहीं है

■ एपी, दावोस (स्विट्जरलैंड)

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (Emmanuel Macron) के बीच टकराव गहरा गया है। ट्रंप ने मैक्रों का प्राइवेट संदेश सार्वजनिक करते हुए फ्रांस की वाइन और शैंपेन पर 200% तक टैरिफ लगाने की धमकी दे दी। ट्रंप के इस बयान से यूरोप ही नहीं, दुनियाभर के बाजारों में हलचल मचा दी।

ट्रंप ने टैरिफ की चेतावनी फ्रांस के 'गाजा पीस बोर्ड' में शामिल होने से इनकार करने के विरोध में दी। मैक्रों का कहना है कि ट्रंप की यह पहल संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को कमजोर कर सकती है। जब ट्रंप से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम मैक्रों को इस बोर्ड शामिल में नहीं करना चाहते, क्योंकि बहुत जल्द उनकी कुर्सी छिनने वाली है।

ट्रंप की विश्वसनीयता पर ईयू चीफ उर्सुला ने उठाए सवाल

ट्रंप ग्रीनलैंड पर मैक्रों के कड़े रुख से नाराज है। मैक्रों ने न सिर्फ यूरोपीय संघ (EU) से अमेरिका के खिलाफ कड़े व्यापारिक कदम उठाने की वकालत की, बल्कि डेनमार्क के समर्थन में ग्रीनलैंड में फ्रांसीसी सैनिक भी भेजे हैं।

ट्रंप ने जो मेसेज शेयर किया, उसमें मैक्रों ने कहा था, 'सीरिया के मुद्दे पर हम पूरी तरह आपसे सहमत हैं। ईरान के मामले में हम काफी कुछ कर सकते हैं, लेकिन मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप ग्रीनलैंड में क्या कर रहे हैं।'

ट्रंप की धमकी पर मैक्रों ने उन्हें इशारों में 'बुली' बताया और यूरोपीय देशों को सलाह दी कि उन्हें किसी भी ताकतवर के आगे नहीं झुकना चाहिए।

इससे पहले यूरोपीय संघ की चीफ उर्सुला वोन डेर लेयेन ने ट्रंप की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने पिछले वर्ष यूरोपीय संघ के सदस्य देशों पर नए टैरिफ नहीं लगाने पर सहमति जताई थी। लेयेन ने कहा ग्रीनलैंड पर ट्रंप का टैरिफ लंबे समय से सहयोगी रहे देशों के बीच एक भूल है।

File

क्या है 'बोर्ड ऑफ पीस' जिसमें चीन को भी न्योता

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने गाजा में शांति के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' बनाया है। ट्रंप इसके अध्यक्ष (चेयरमैन रहेंगे। बोर्ड का सदस्य बनने के लिए भारत, चीन समेत दुनियाभर के 60 से ज्यादा नेताओं को न्योता भेजा गया है। इसरायल को छोड़ किसी देश ने अभी इस बोर्ड में शामिल होने की मंजूरी नहीं दी है। तीन देशों की सहमति मिलते ही व्यवस्था प्रभावी होगी।

NBT Explainer

■ **₹9000 करोड़ में सदस्यता:** बोर्ड की शुरुआती सदस्यता 3 साल की होगी। स्थायी सदस्यता के लिए देशों को 1 अरब डॉलर यानी करीब 9000 करोड़ रुपये देने होंगे। यह रकम सदस्य बनने के 1 साल के अंदर देनी होगी। यह रकम नहीं देते तो 3 साल बाद सदस्यता खत्म होगी।

■ **गाजा में होगा फंड इस्तेमाल:** अमेरिका का कहना है कि इस फंड का इस्तेमाल गाजा के रीडेवेलपमेंट में होगा। यह पीस बोर्ड तीन स्तर का होगा। सबसे ऊपर फाउंडिंग इग्जेक्यूटिव काउंसिल में अमेरिकी नेता, उद्योगपति है।

■ **क्या संयुक्त राष्ट्र को यह है चुनौती:** ट्रंप का यह 'बोर्ड ऑफ पीस' गाजा के अलावा दुनिया के अन्य संघर्षों को भी अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत खत्म करने में अपनी भूमिका निभाने का इरादा रखता है। इसका मकसद खुद को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विकल्प के तौर पर पेश करना है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, ट्रंप इस बोर्ड से संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने की कोशिश कर रहे है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ही पूरा किया सपना

ग्रीनलैंड, कनाडा, वेनेजुएला US में!

■ एपी, वॉशिंगटन/दावोस

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ऐसा नक्शा साझा किया, जिसमें ग्रीनलैंड, कनाडा और वेनेजुएला को अमेरिकी क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है। इस कदम के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इससे जुड़ी तस्वीर साझा की। तस्वीर के पीछे बदले हुए नक्शे में ग्रीनलैंड, कनाडा वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया है। माना जा रहा है कि यह नक्शा आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है।

नाटो चीफ से की बात, कल दावोस में बैठक बुलाएं

ट्रंप ने फिर NATO चीफ मार्क रुटे (Mark Rutte) से फोन पर बात की। इस बातचीत में ग्रीनलैंड के मुद्दे पर स्विट्जरलैंड के दावोस में बैठक बुलाने का फैसला लिया गया। हालांकि उन्होंने बैठक की तारीख नहीं बताई। ट्रंप ने ग्रीनलैंड में सैन्य विमान भी भेजा। **दावोस में** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यूरोप के साथ संबंध मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने व्यापारिक साझेदारों से अपील की कि वे ग्रीनलैंड पर ट्रंप प्रशासन की नई टैरिफ धमकियों से पैदा तनाव को अपने तरीके से कम होने दें।

Social Media

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ग्रीनलैंड, कनाडा, वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा बताते हुए नक्शा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। कुछ मिनट बाद ट्रंप ने ग्रीनलैंड में अमेरिकी झंडा लगाते तस्वीर साझा की। इसमें उपराष्ट्रपति जेडी वान्स और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी साथ हैं। इस तस्वीर से यह ग्रीनलैंड को 2026 में अमेरिका का हिस्सा बताना चाह रहे हैं।

रूस, चीन ने कहा- ग्रीनलैंड के लिए हम खतरा नहीं

ग्रीनलैंड पर धमकी के बीच चीन ने कहा कि अपने हित साधने के लिए अमेरिका 'चीनी खतरे' को बहाने के रूप में इस्तेमाल करना बंद करे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय कानून ही मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की बुनियाद है और इसे बनाए रखा जाना चाहिए। रूस ने भी कहा कि ग्रीनलैंड के आसपास की 'मंगोर भू-राजनीतिक स्थिति' पर हमारी नजर है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने साफ किया कि ग्रीनलैंड के मामलों में दखल देने में रूस की दिलचस्पी नहीं है। अमेरिका भी जानता है कि रूस की ग्रीनलैंड पर कब्जे की कोई योजना नहीं है। लावरोव ने यह भी कहा कि हमारे विचार से ग्रीनलैंड डेनमार्क का प्राकृतिक हिस्सा नहीं है। यह न तो नॉर्वे का प्राकृतिक हिस्सा था और न ही डेनमार्क का। यह औपनिवेशिक जीत का हिस्सा है। ट्रंप ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए रूस और चीन को खतरा बता रहे हैं।

रूस का नया दांव, ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा नहीं

ट्रंप का यूटर्न, 'नोबेल की मुझे परवाह नहीं'

शांति के नोबेल पुरस्कार को हासिल करने की कई बार खुलकर इच्छा जाहिर कर चुके अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अब यूटर्न ले लिया है। ट्रंप ने फ्लॉरिडा में कहा कि नोबेल पुरस्कार की मुझे कोई परवाह ही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई सोचता है कि नॉर्वे नोबेल पुरस्कार को कंट्रोल नहीं कर रहा है, तो यह सिर्फ मजाक है। मुझे तो बस जिंदगियां बचाने की परवाह है। मैंने करोड़ों लोगों की जान बचाई है। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि 8 युद्ध रुकवाने के बाद उनका नोबेल पुरस्कार पर हक बनता है।

चागोस द्वीप पर ब्रिटेन के फैसले से ट्रंप नाराज़

■ **एपी, लंदन (ब्रिटेन):** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया (Diego Garcia) स्थित चागोस (Chagos) द्वीप समूह मॉरिशस को लौटाने के ब्रिटेन के फैसले का विरोध किया है। ट्रंप ने इसे 'भारी मूर्खता' बताया और कहा कि यही वजह है कि हम चाहते हैं कि ग्रीनलैंड अमेरिकी कंट्रोल में रहे। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने यह द्वीप मॉरिशस को सौंपने के ब्रिटेन के फैसले का स्वागत किया था। अब ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि हैरानी की बात है कि हमारा सम्मानदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया के चागोस द्वीप को मॉरिशस को देने की योजना बना रहा है। यह वही जगह है, जहां अमेरिका का बेहद अहम सैन्य अड्डा है।

ब्रिटेन ने कहा है कि हमें द्वीप इसलिए सौंपने पड़ रहे हैं कि अदालतों के फैसलों के बाद हमारी स्थिति कमजोर हो गई थी। ब्रिटेन ने पिछले साल द्वीप सौंपनेका समझौता किया था।

ट्रंप ने कहा, मॉरिशस को यह द्वीप सौंपना 'मूर्खतापूर्ण'

कहां है चागोस द्वीप समूह

चागोस द्वीप समूह हिंद महासागर के बीच मालदीव के दक्षिण में है। यह द्वीप समूह 1814 से ब्रिटेन के कब्जे में था। बाद फ्रांस का कंट्रोल हो गया। ब्रिटेन ने 1965 में इसे मॉरिशस से 30 लाख पाउंड में खरीदा था। मॉरिशस ने कहा कि ब्रिटेन ने चागोस लेकर आजादी की कीमत वसूली।

SPEED News

काबुल ब्लास्ट की जिम्मेदारी IS ने ली

अफगानिस्तान के काबुल में सोमवार के ब्लास्ट की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (IS) ने ली है। चीनी नागरिक समेत 7 मारे गए।

UN एजेंसी पर चला इस्राइली बुलडोजर

इस्राइल ने मंगलवार को पूर्वी यरुशलम में UN की शरणार्थी एजेंसी की इमारतों को गिरा दिया। एजेंसी ने इसे कानून का उल्लंघन बताया।

ब्रिटेन में चीन बनाएगा सबसे बड़ी एंबेसी

ब्रिटिश सरकार ने लंदन में चीन के सबसे बड़े दूतावास को बनाने की मंजूरी दी। चेताया गया कि यह जासूसी के लिए इस्तेमाल हो सकता है।

बंदूक नियंत्रण पर ऑस्ट्रेलिया में कानून

सिडनी में यहूदियों पर हमले के बाद यह कानून पास हुआ। इसके तहत बंदूक रखने वालों पर प्रतिबंध लगेगा।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सएप करके बताएं।

फटाफट खबरें

हेट स्पीच मामले में फैसला सुरक्षित

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हेट स्पीच से जुड़ी रिट याचिकाओं के एक समूह पर आदेश सुरक्षित रख लिया। हालांकि, इस दौरान बेंच ने कहा कि सभी मामलों को विराम दिया जाएगा और पक्षकारों को अन्य वैकल्पिक उपाय अपनाने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। बेंच ने कार्यवाहक अहमद रोयबानी बनाम यूपी राज्य एवं अन्य को पेंडिंग रखने का निर्णय लिया है।

'भूमि माप के पेंडिंग आवेदन निपटेंगे'

■ **पीटीआई, पटना:** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने राज्य में भूमि माप से जुड़े सभी पेंडिंग आवेदनों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने की घोषणा की है। अभियान 31 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और भूमि विवादों को रोका जा सके। नई सरकार के गठन के बाद शुरू किए गए कार्यक्रम के तहत यह फैसला लिया गया है।

कर्नाटकः विडियो पर DGP सस्पेंड

■ **पीटीआई, बेंगलुरु:** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में कथित विडियो वायरल होने के बाद सरकार ने डीजीपी के. रामचंद्र राव को सस्पेंड कर दिया है और जांच के बाद उन्हें बर्खास्त भी किया जा सकता है। परमेश्वर ने कहा कि इस घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को न्यूज चैनलों पर एक विडियो प्रसारित हुआ, जिसमें राव को महिलाओं के साथ कथित तौर पर आपत्तिजनक स्थिति में दिखाया गया। राव ने विडियो को नकारते हुए 'फर्जी' बताया है।

11 फरवरी से फिर लागू होने जा रहे हैं FDTL नियम

3-5 दिसंबर के बीच इंडिगो की 2507 उड़ानें रद्द हुई थीं

ज़रूरत से ज्यादा पायलट, नहीं होगी दिक्कतः इंडिगो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिसंबर के पहले हफ्ते में संकट में आई इंडिगो एयरलाइंस ने एयरलाइंस के रेगुलेटर डीजीसीए को भरोसा दिलाया है कि अब उसके पास पर्याप्त संख्या में पायलट हैं। सोमवार को डीजीसीए में हुई रिव्यू मीटिंग में इंडिगो ने कहा कि हमारे पास डिमांड से 210 अधिक पायलट हैं। इस कारण से 11 फरवरी से FDTL नियम लागू होने के बाद भी उड़ानें रद्द करने या उन्हें बहुत देर करने की नौबत नहीं आएगी।

इंडिगो ने DGCA को इस मामले में लिखित में दी गई जानकारी में बताया कि हमारी हर दिन की उड़ानें के हिसाब से हमें जरूरत 4430 पायलटों की है। हमारे पास इतने पायलट हैं। इनमें 2,400 पायलट-इन-कमांड और 2050 फर्स्ट ऑफिसर पायलट हैं। ऐसे में हमें नहीं लगता कि 11 फरवरी से उड़ानों में कोई दिक्कतें आएंगी।

पिछले महीने 3 से 5 दिसंबर तक इंडिगो की उड़ानों में गंभीर समस्या आई थी। इस दौरान 2507 फ्लाइटें रद्द और 1552 फ्लाइट लंबी अवधि के लिए लेट हुई थीं। इससे देशभर में तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए थे।

FDTL नियमों से क्रू की कमी का पहले किया था दावा

इंडिगो क्राइसिस को देखते हुए DGCA ने 6 दिसंबर को एयरलाइंस को 10 फरवरी तक FDTL नियमों से छूट दे दी थी। साथ ही इसकी उड़ानों में 10% तक कटौती की थी। अब 11 फरवरी से ये नियम फिर लागू होंगे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

11 फरवरी से क्यों है परीक्षा की घड़ी

इंडिगो के लिए 11 फरवरी से कड़ी परीक्षा की घड़ी शुरू होगी। इसके बाद ही पता लगेगा कि इंडिगो अपने दावों पर कितना खरी उतरती है। जानकारी का कहना है कि शुरुआत में दिक्कतें आ सकती हैं। इसके लिए इंडिगो को दिसंबर की तरह जनवरी में भी पायलटों की कुछ भर्ती बढ़ानी होगी। वरना, जब काटी गई 10% उड़ानों का स्लॉट वापस मिलेगा और उसके हवाई जहाजों को अलग-अलग रूट पर लगाया जाएगा, तो दिक्कत आ सकती है।

आज जयशंकर, मुर्मु से मिलेंगे स्पेन के विदेश मंत्री

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनुअल अल्बेरेस दो दिन के भारत दौरे पर हैं। अपनी इस यात्रा में वह बुधवार को हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिलेंगे। इसके बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात होगी। नवंबर में दोनों देशों के बीच फॉरेन ऑफिस कंसल्टेशन का आयोजन दौरा हुआ था। तब दोनों पक्षों ने आतंकवाद के खिलाफ जंग समेत कई मुद्दों पर बात की थी।

AI समिट में दिल्ली आएंगे Nvidia, गूगल, एंथ्रॉपिक और TCS के CEO

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में 16 से 20 फरवरी चलने वाली ग्लोबल इंडिया AI समिट में दुनिया के बड़े टेक लीडर्स, नीति-निर्माता, रिसर्चर्स और इनोवेटर्स एक मंच पर दिखेंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस समिट में गूगल और ओपनएआई के CEO सुंदर पिचाई, दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी Nvidia के CEO जेन्सन हुआंग भी हिस्सा लेंगे। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स, डीपमाइंड के CEO डेमिस हसाबिस, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के प्रमुख बोर्गे ब्रेंडे, एंथ्रॉपिक के CEO डारियो अमोदेई, TCS के सीईओ के. कृतिवासन और AI सेफ्टी के दिग्गज स्टुअर्ट जे. रसेल, राज रेड्डी भी शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी 19 फरवरी को समिट में भाग लेंगे। यह सम्मेलन दिल्ली के 4 प्रमुख स्थलों भारत मंडपम, डॉ. अंबेडकर इंटरनैशनल सेंटर, विज्ञान भवन और सुषमा स्वराज भवन में होगा। समिट के दौरान 400 से अधिक इवेंट होंगे, जिनमें कॉन्फ्रेंस, एक्सपो, रिसर्च सेशंस, पॉलिसी डायलॉग और स्टार्टअप शोकेस शामिल हैं। समिट में एक लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। भारत में होने वाली यह चौथी ग्लोबल AI समिट है। अभी तक यूनाइटेड किंगडम, साउथ कोरिया और फ्रांस में यह एआई समिट हो चुकी है।

AI Image

इंपैक्ट समिट

100 से अधिक देशों से 6000 प्रतिभागी

समिट से पहले आयोजित ग्लोबल AI चैलेंज में 100 से अधिक देशों के 6,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से 120 इनोवेटर्स को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो समिट में अपने समाधान और अनुभव साझा करेंगे। भाग लेने वाले देश बताएंगे कि उनके यहां AI ने किन-किन क्षेत्रों में आम लोगों को फायदा पहुंचाया। ग्लोबल साउथ पर फोकस समिट का मुख्य उद्देश्य समावेशी, जिम्मेदार और जन-केंद्रित AI को बढ़ावा देना है ताकि AI के लाभ सीमित न रहें बल्कि ग्लोबल साउथ तक व्यापक रूप से पहुंचे। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने पहले ही समिट में आने की सहमति दे दी थी। कनाडा के प्रीएम मार्क कार्नी को भी भारत की ओर से इस समिट में आने के लिए निमंत्रण दिया गया है।

...तो FIR के लिए CBI की मंजूरी ज़रूरी नहीं

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में राज्य पुलिस अथॉरिटी केंद्रीय कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर सकती है और चार्जशीट भी दाखिल कर सकती है। पुलिस को किसी भी केंद्रीय कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज करने से पहले केंद्रीय जांच एजेंसी CBI से अनुमति की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। हाई कोर्ट ने केंद्रीय कर्मियों पर करप्शन केस को रद्द करने से इनकार किया था तो मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य की जांच एजेंसियों से दाखिल चार्जशीट को सिर्फ इस आधार पर अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि उसमें CBI की मंजूरी नहीं ली गई है।

सुप्रीम कोर्ट के सामने सवाल था कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कोई अपराध राजस्थान के क्षेत्राधिकार में किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाता है, जो केंद्र का कर्मचारी है, तो क्या राज्य की एजेंसी को उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने, जांच करने और आरोपपत्र दाखिल करने का अधिकार है? या फिर यह क्षेत्राधिकार केवल CBI के पास है?

सुप्रीम कोर्ट ने अपीलकर्ता केंद्र के कर्मचारी की दलील को खारिज करते हुए यह फैसला दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, करप्शन केस में केंद्रीय कर्मी की राज्य पुलिस कर सकती है जांच

भारतीयों के दाखिले 75% घटे अमेरिकी विश्वविद्यालयों में

AI Image

ट्रंप 2.0 के पहले साल में अमेरिकी विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों के नामांकन 75% की गिरावट आई है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों के नामांकन में तीन वर्षों में पहली बार यह गिरावट आई है। समूचे अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या करीब 5000 घटी है।

10,000 भारतीय ग्रैजुएट कोर्स में घटे

6% की गिरावट कुल मिलाकर ग्रैजुएट प्रोग्राम के कोर्सों में आई है।

37% की कमी पेस्ट ग्रैजुएट दाखिलों में हुई है। स्टाफ 10% घटाना पड़ा।

कड़ी वीजा जांच बड़ी वजह

■ आवेदन प्रक्रिया कठिन, वीजा के लिए कही जांच, लिमिटेड इंटरव्यू स्लॉट, भविष्य में जॉब की संभावनाओं पर अनिश्चितता बड़ी वजह है।

इस रिपब्लिक डे परेड में दिखेगा 144 युवा नौसैनिकों का दस्ता

IANS

■ इस बार गणतंत्र दिवस परेड में नौसेना के दस्ते में 144 युवा नौसैनिक शामिल होंगे, जो अलग-अलग राज्यों से है। इन नौसैनिकों की औसतन उम्र 25 साल है। इस दस्ते का नेतृत्व कंटिजेंट कमांडर लेफ्टिनेंट करण नामवाल करेंगे।

■ परेड में नौसेना की झांकी 'मजबूत नौसेना, मजबूत राष्ट्र' थीम को पेश करेगी। इस झांकी में ढाई सदी का सिला हुआ जहाज (INSV कौंडिन्या), मराठा नौसेना के युग श्रेणी के जहाज, आधुनिक स्वदेशी शटलाइन प्लैटफॉर्म दिखाए गए हैं।

■ झांकी में एयरक्राफ्ट कैरियर INS विक्रांत, प्रोजेक्ट 17A के तहत नीलगिरि श्रेणी के स्टेल्थ फ्रिगेट INS हिमगिरि और INS उदयगिरि, कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी और GSAT-7R (प्रोजेक्ट रौहिणी) कम्युनिकेशन सैटेलाइट भी दिखेंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 01-20-2026 23:18 Color:

कोर्ट ने कैट के एक परिवार के 2 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार किया। -p3

जालसाजों ने इरकॉन जुहू गेस्ट हाउस के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों से बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी की। -p4

187
रहा मुंबई का AQI मंगलवार को, जो अनहेल्दी है।

28
अधिकतम तापमान दर्ज किया गया मंगलवार को। कड़ी धूप निकली हुई थी।

www.mumbai.nbt.in

फटाफट खबरें

पूर्व उपमहापौर के खिलाफ मामला दर्ज

■ एनबीटी न्यूज, मीरा-भाईंदर: एमबीएमसी चुनाव की पृष्ठभूमि में निषेधाज्ञा (जमावबंदी आदेश) का उल्लंघन करने के आरोप में पूर्व उपमहापौर प्रवीण पाटिल सहित शिंदेसेना के कई पदाधिकारियों पर मामला दर्ज किया गया है। नवघर पुलिस में दर्ज मामले के अनुसार मतदान के दिन भाईंदर पूर्व स्थित सेंट एग्नेस हाईस्कूल मतदान केंद्र के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी करने और सार्वजनिक शांति भंग करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, मतदान प्रक्रिया के दौरान 20 से 25 लोग मतदान केंद्र के बाहर जमा हो गए थे। पेट्रोलिंग पर मौजूद पुलिस ने उन्हें निषेधाज्ञा का पालन करने और मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने देने की अपील की थी। इसके बावजूद कुछ लोगों ने उकसावे वाले नारे लगाए, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया और चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हुई।

BJP-शिंदेसेना: साथ जाएंगे कोंकण भवन!

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मेयर पद को लेकर जारी खींचतान के बीच बीजेपी और शिंदे सेना के बीच आपसी सामंजस्य भी देखने को मिल सकता है। दोनों दलों के चुने हुए नगरसेवक एक साथ कोंकण भवन जा सकते हैं, जहां वह अपने कामकाज जमा करेंगे। शिंदे सेना के एक नेता ने बताया कि दोनों दलों के नवनिर्वाचित नगरसेवकों के एक साथ कोंकण भवन जाने की योजना बन रही है, इससे ऑल इज वेल का संदेश दिया जाएगा। बीजेपी-शिंदे सेना के नगरसेवक बुधवार या शुक्रवार को कोंकण भवन जा सकते हैं। वहीं 22 जनवरी को मंत्रालय में मेयर पद के लिए आरक्षण लॉटरी निकाली जाएगी। इस दौरान मेयर चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा भी की जाएगी। मेयर पद के चुनाव के लिए 10 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है।

चुने नगरसेवकों ने कराया रजिस्ट्रेशन

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: कांग्रेस पार्टी के सभी 24 नवनिर्वाचित नगरसेवक नवी मुंबई के बेलापुर स्थित कोंकण भवन पहुंचे, जहां उन्होंने अपना सेल्फ रजिस्ट्रेशन कराते हुए औपचारिक रूप से अपना स्वतंत्र गुट पंजीकृत कराया। इस दौरान कांग्रेस के सभी नगरसेवकों ने सर्वसम्मति से अहरफ आजमी को अपने गुट का नेता चुना। शिवसेना (यूबीटी) के नगरसेवकों ने भी इसी तरह कोंकण भवन पहुंचकर अपना गुट पंजीकरण कराया है। पंजीकरण का उद्देश्य मेयर और अन्य प्रमुख पदों के चुनाव के समय व्हिप जारी कर सकना है।

BMC: हिंदी भाषियों ने दिखाया दमख़म, 23 सीटों पर बाज़ी मारी

Rajkumar.Singh@Timesofindia.com

■ मुंबई: मुंबई महानगरपालिका की 227 सीटों में से 23 सीटों पर हिंदी भाषी उत्तर भारतीयों ने बाजी मारी है। सबसे ज्यादा 18 नगरसेवक बीजेपी से चुनकर आए हैं, जबकि बीजेपी की सहयोगी शिंदे सेना से 2 लोगों को उम्मीदवारी दी थी और दोनों ही जीत गए हैं। कांग्रेस से 2 उत्तर भारतीय चुनाव जीते हैं। वहीं, उद्धव सेना से एक हिंदी भाषी उम्मीदवार चुनकर आई है। हिंदी भाषी विधायकों के नतीजों की बात कर करें, तो इनका भी शानदार प्रदर्शन रहा। मालाड़वार हिल के विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा और बोरीवली के विधायक संजय उपाध्याय के विधानसभा चुनाव क्षेत्र से बीजेपी ने सभी सीटों पर जीत दर्ज की है।

BJP के 3 हिंदी भाषी उम्मीदवारों की हुई है हार

बीएमसी चुनाव में बीजेपी ने शिंदे सेना के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा। बीजेपी ने 137 सीटों पर उम्मीदवार उतारा जिसमें 21 हिंदी भाषी और उत्तर भारतीय समाज से थे। इनमें से 18 जीतकर आए। तीन हारने वाले उम्मीदवारों में मालाड़ से विनोद मिश्रा का नाम शामिल है। वैसे तो, विनोद की जीत पक्की मानी जा रही थी, लेकिन उनका गणित फेल हो गया। बीजेपी पार्टी और चुनाव क्षेत्र में विनोद मिश्र की सक्रियता, उनके काम को देखते हुए उत्तर भारतीय समाज का अनुमान था कि विनोद चुनाव की परीक्षा को आसानी से पार कर जाएंगे पर ऐसा नहीं हुआ।

बीजेपी की सहयोगी शिंदे सेना का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। पार्टी ने दो उत्तरभारतीय को उम्मीदवारी दी और दोनों चुनकर आए। दहिसर के प्रभाग नंबर एक से रेखा राम यादव और अंधेरी पूर्व से रितेश कमलेश राय चुनाव जीत गए हैं। कांग्रेस की बात करें, तो दिव्या अवनीश सिंह ने राजुल पटेल जैसे दिग्गज को पराजित किया है। उद्धव सेना से लोना राजेंद्रसिंह रावत को प्रभाग 73 से उतारा था और वह जीतकर आई है।

विधायकों का शानदार प्रदर्शन

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की बात करें तो मुंबई की 36 विधानसभा में से तीन हिंदी भाषी विधायक हैं और इन दो विधायकों के परिणाम शत प्रतिशत रहे। मालाड़वार हिल से बीजेपी के विधायक और राज्य के कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा और बोरीवली से विधायक संजय उपाध्याय के चुनाव क्षेत्र का परिणाम शत प्रतिशत रहा। लोढ़ा के पांच नगरसेवक वाले प्रभाग में सभी पांचों सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की है। वहीं, संजय उपाध्याय के बोरीवली विधानसभा क्षेत्र की सभी सातों सीटों पर बीजेपी जीत गई है। मोरेगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की सात सीटों में से चार बीजेपी, दो उद्धव सेना और एक परी शिंदे सेना ने जीत दर्ज की है।

BJP से जीतने वाले हिंदी भाषी

रानी द्विवेदी, शिवकुमार झा, मनीषा कमलेश यादव, योगेश वर्मा, सुधा सिंह, ममता यादव, दिशा यादव, साक्षी कनौजिया, रेखा यादव, स्वाति जायसवाल, समीता शर्मा, धदन शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, तेजिंदर तिवाना, रोशन राठौड़, सुनीता मेहता, कशिश फुलवरिया और आकाश राज पुरोहित।

युवाओं की टीम

हिंदी भाषी क्षेत्र में योगेश वर्मा, तेजिंदर तिवाना जैसे अन्य युवा जीतकर आए हैं, जिन्हें समाज में काम करने का अनुभव है। अब उनकी परीक्षा बतौर जनप्रतिनिधि के रूप होगी। योगेश वर्मा की पृष्ठभूमि आरएसएस से है। लंबे समय तक बजरंग दल में काम किया है। तिवाना बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष के रूप में सराहनीय काम करने का उन्हें पुरस्कार मिला है।

- **शिंदे सेना से जीते कैंडिडेट:** रेखा राम यादव और रितेश कमलेश राय
- **कांग्रेस से जीते उम्मीदवार:** दिव्या अवनीश सिंह और अजंता यादव
- **उद्धव सेना के उम्मीदवार की जीत:** लोना राजेंद्रसिंह रावत

नवीन बने अध्यक्ष, शिंदे ने बताया ऐतिहासिक क्षण

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बनाए जाने पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बधाई दी और इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया।

उन्होंने कहा कि यह पार्टी संगठन में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है। मंगलवार को नितिन नवीन को बीजेपी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। वह पार्टी के इतिहास में सबसे कम उम्र के अध्यक्ष हैं। इस पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह पार्टी संगठन में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है क्योंकि बीजेपी राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पकड़ और मजबूत करने की कोशिश में है। सोशल मीडिया मंच पर उन्होंने पोस्ट कर उम्मीद जताई कि नवीन बीजेपी की गौरवशाली विरासत को और समृद्ध करेंगे और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मजबूती प्रदान करेंगे।

227 सीटों में से 117 कैंडिडेट पहली बार बने हैं नगरसेवक

सभी को सीखना होगा BMC प्रशासन का कामकाज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव में युवा चेहरों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। बीएमसी के लिए हुए 227 सीटों के चुनाव में 117 पहली बार नगरसेवक चुने गए हैं इसमें न्यादातर युवा हैं। जबकि सिर्फ 100 नगरसेवक ऐसे हैं जो पहले और 2017 के चुनाव में भी चुन कर महानगर पालिका पहुंचे थे। 117 नए चुने गए नगरसेवकों को बीएमसी प्रशासन के काम करने के तरीके सीखने होंगे। वहीं पुराने और अनुभवी नगरसेवकों का अनुभव नए नगरसेवकों के लिए फायदेमंद होगा। महानगर पालिका के एडमिनिस्ट्रेशन में अपनी काबिलियत दिखानी होगी।

अब सबकी निगाह इस पर है कि चुने गए नए नगरसेवक कॉर्पोरेशन में कैसे काम करेंगे और कैसे जनता के मुद्दों को उठाते हैं। बीजेपी के 89 नगरसेवक चुने गए हैं इसमें तेजिंदर तिवाना, नवनाथ बन, योगिता पाटील, सीमा शिंदे, निशा फुलेकर बंगेरा, मनीषा यादव, सायली कुलकर्णी, रूपेश सावरकर, डॉ. हेतल गला मोरबेकर, दिशा यादव, मिलिंद शिंदे, दीपिका भाग, रोहिदास लोखंडे, अजय पाटील, संतोष ढाले और गौरव नवेंकर शिवालकर शामिल हैं। वहीं उद्धव गुट के 65 चुने गए नगरसेवकों में अंकित प्रभु, साक्षिका झोरे, लक्ष्मी बाटिया, सना खान, गीतेश राउत, लोना रावत, हरि शास्त्री, राजीव संजय पाटील, डॉ. सरिता मस्के, अनिल कदम, निशिकांत शिंदे, विनय भगने, श्रद्धा पेडणेकर, किरण तावडे और संपदा मायेकर जैसे नए चेहरे शामिल हैं। वहीं शिंदे सेना से दीक्षा करकर के साथ रितेश राय, निर्माण कनाडे, अपेक्षा खांडेकर शामिल हैं। वहीं कांग्रेस में हैदर असलम अली, अमिर नसीम खान, डॉ. समन आजमी, राजेश भटणकर, दिव्या सिंह, रुकसाना पारकर और मनसे में यशवंत किल्लेदार के साथ साई शिंदे, विद्या आर्य जैसे नए चेहरे शामिल हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

नगरसेवकों पर रहेगी नजर

बीएमसी चुनाव नतीजों के बाद अब सबकी निगाह चुने गए नगरसेवकों पर रहेगी। हर नगरसेवक का सपना होता है कि वह बीएमसी में बैठे और जनता के मुद्दे को उठाए। साथ ही अलग-अलग कमेटियों में प्रतिनिधित्व करे जिससे वह अपने प्रभाग की समस्याओं का समाधान कर सके। प्रभाग को अपने विजन के हिसाब से विकसित प्रभाग बना सके। नगरसेवकों पर उनके विपक्षी के साथ स्थानीय जनता की भी नजर रहेगी।

NCP और SP को नहीं मिलेगी BMC में जगह

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: BMC में पार्टी ऑफिस के लिए जगह पाने की रेस से समाजवादी पार्टी और NCP पार्टी दोनों ही बाहर हो चुके हैं। कार्पोरेशन में अधिकारिक तौर पर पार्टी ऑफिस के लिए जगह आवंटित की जाती है, इसके लिए कम से कम पांच नगरसेवक पार्टी के पास होने चाहिए। अजित पवार की NCP पार्टी के 3 नगरसेवक, समाजवादी पार्टी के 2 नगरसेवक और शरद पवार वाली NCP का एक नगरसेवक चुनकर आया है।

ऑफिस के लिए कम से कम 5 नगरसेवकों की जरूरत

बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीएमसी में पार्टी ऑफिस के लिए यदि नियमों के अनुसार, पार्टी के पास कम से कम 5 नगरसेवक होने चाहिए।

AIMIM को पहली बार मिलेगा ऑफिस

इस चुनाव में 8 सीटें जीतने वाली AIMIM पार्टी बीएमसी के इतिहास में पहली बार अपना ऑफिस शुरू करेगी। इससे पहले 2017 के चुनावों में AIMIM के पास सिर्फ दो नगरसेवक मौजूद थे इस वजह से उसे ऑफिस का हक नहीं मिल पाया था।

'उद्धव सेना के नगरसेवकों के किए जा रहे फोन टेप'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के मेयर को लेकर चल रही खींचतान के बीच उद्धव सेना के प्रवक्ता संजय राउत ने दावा किया कि बीजेपी और शिवसेना के नवनिर्वाचित पार्षदों के फोन सत्ताकेंद्र पार्टी द्वारा टैप किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी के पार्षदों पर उसी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नजर रखी जा रही है। दूसरी ओर, बीजेपी ने राउत के आरोपों को खारिज किया।

उद्धव सेना के प्रवक्ता राज्य राउत ने लगाए आरोप

'उद्धव का सपना चकनाचूर'

बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया प्रभारी नवनाथ बन ने राउत के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हमें फोन टैपिंग की जरूरत नहीं है, लेकिन राउत को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी के सत्ता में रहने के दौरान एकनाथ शिंदे और उदय सामंत के फोन कौन टैप कर रहा था? बन ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों और पाक समर्थन के सहारे महापौर बैठाने का उद्धव सेना का और विपक्षियों का सपना अब धूल में मिल गया है।

धार्मिक भावनाएं भड़काने का BVA पर लगा आरोप

■ NBT न्यूज, वसई: बहुजन विकास आघाड़ी के जीते हुए उम्मीदवार अरशद चौधरी के विजय जुलूस ने विवाद खड़ा कर दिया है। हिंदूत्ववादी संगठनों ने इस जुलूस में कार्यकर्ताओं पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पेलर पुलिस स्टेशन में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

3 लोगों पर केस दर्ज, बहुजन विकास आघाड़ी के जुलूस पर विवाद

बता दें कि वसई विरार मनपा प्रभाग नंबर 19 से बविआ उम्मीदवार अरशद चौधरी जीते थे। इस जीत के बाद उन्होंने 16 जनवरी को वसई ईस्ट के घुमाल नगर में विजय जुलूस निकाला था। इस जुलूस में कुछ कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर कुछ इशारा किया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस पर हिंदूत्व संगठनों ने गुस्सा जताया। बीजेपी ने कथित तौर पर एक खास धार्मिक प्रतीक का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया था जीते हुए उम्मीदवार अरशद चौधरी ने माफी मांगकर मामला शांत करने की कोशिश की थी। नालासोपारा के शिवकुमार पांडे ने इस मामले में पेलर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पेलर पुलिस ने स्वीकृत चौधरी, अशरफ खान और अरमान के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने के लिए इंडियन पीनल कोड की धारा 299, 296 और 196 के तहत मामला दर्ज किया है।

'महापौर मराठी हो, अन्यथा किया जाएगा आंदोलन'

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: मीरा-भाईंदर मनपा के चुनाव संपन्न हो चुके हैं और बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इसी कड़ी में मराठी एकीकरण समिति ने महापौर पद पर मराठी व्यक्ति के चयन की जोरदार मांग की है। मराठी एकीकरण समिति के अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि मीरा-भाईंदर का महापौर मराठी ही होना चाहिए। यदि अमराठी व्यक्ति को महापौर बनाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

मीरा-भाईंदर मनपा को लेकर मराठी एकीकरण समिति ने दी चेतावनी

मार्च में पेश होगा BMC का बजट!

BMC कमिश्नर ने अर्बन डिवेलपमेंट विभाग को लिखा पत्र

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी का वार्षिक बजट फरवरी की बजाय मार्च में पेश किया जाएगा। इस संबंध में बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने राज्य के अर्बन डिवेलपमेंट विभाग को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है। गगरानी ने यह पत्र मंगलवार को लिखा, उन्होंने चुनावी प्रक्रिया और उसके बाद बाकी कामों के बारे में जानकारी दी है और कहा है कुछ दिनों का समय और दिया जाए।

बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, चुनाव पूरा होने के बाद भी अभी महापौर की नियुक्ति, स्थायी समिति समेत अलग-अलग समितियों के गठन और उनके अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में बजट पेश करने को लेकर असमंजस बरकरार है। अब तक बीएमसी का वार्षिक बजट हर साल फरवरी के पहले सप्ताह में पेश किया जाता रहा है। चुनाव के चलते BMC के हजारों कर्मचारी चुनावी ड्यूटी में लगाए गए थे, जिसका सीधा असर कामकाज और बजट तैयारियों पर पड़ा।

महापौर मिलने के बाद ही बजट ठीक : BMC

सूत्रों के अनुसार, 31 जनवरी के बाद महापौर का चुनाव होने पर प्रशासक का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। ऐसे में बजट पेश करने के लिए स्थायी समिति के अध्यक्ष का होना जरूरी होगा। अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं होने की स्थिति में बीएमसी को बजट टालने के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। बीएमसी प्रशासन का मानना है कि नए महापौर की नियुक्ति और समितियों के गठन के बाद ही पूरे वित्तीय वर्ष का हजारों करोड़ रुपये का बजट पेश करना उचित होगा।

इस बार BMC में मुस्लिम नगरसेवकों की संख्या घटी

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई : बीएमसी चुनाव परिणाम में मुस्लिम समाज से 28 नगरसेवक चुने गए। जो 2017 में चुने गए 31 मुस्लिम नगरसेवकों से 3 कम है। वहीं 2017 के मुकाबले इस बार बीएमसी में 3 नगरसेवक घट गए हैं। AIMIM के 8 नगरसेवकों को चुने जाने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है, लेकिन लोग मूल गए कि बीएमसी में मुस्लिम नगरसेवकों की संख्या कम हो गई। इस बार सबसे अधिक 14 मुस्लिम नगरसेवक कांग्रेस से चुने गए हैं। AIMIM के 8 में से 7 नगरसेवक मुस्लिम समाज से हैं। उद्धव गुट से 2, शिंदे सेना से 1, सपा से 2, अजित पवार की एनसीपी से 2, वहीं बीजेपी से एक भी नगरसेवक मुस्लिम समाज से नहीं है।

ठाणे मनपा के महापौर कार्यालय की सफाई शुरू

अन्य कार्यालयों को भी चमकाया जा रहा

■ NBT न्यूज, ठाणे: मुंबई समेत राज्य की सभी मनपाओं में मेयर चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरुवार को आरक्षण लॉटरी के बाद मेयर की तस्वीर साफ होगी। दूसरी तरफ, मनपा भवन में नए मेयर और नगरसेवकों के स्वागत की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए ठाणे मनपा मुख्यालय स्थित सभागृह सहित मेयर और अन्य पदाधिकारियों के कार्यालय की सफाई शुरू कर दी गई है। तीन साल से मनपा का कामकाज बतौर प्रशासक आयुक्त देख रहे थे। मनपा मुख्यालय की पहली मंजिल पर मेयर, डेप्युटी मेयर, स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन, सदन नेता, इन सभी के कार्यकाल है। और उसके ऊपरी मंजिल पर सभागार है। इसके अलावा विरोधी पक्ष नेता और अन्य पदाधिकारियों के कार्यालय हैं। यह सभी कार्यालय करीब तीन साल से बंद ही थे।

पिछले साल की तुलना में इस साल ज्यादा निवेश होगा : फडणवीस

■ पेज 1 से आगे: मुख्यमंत्री ने बताया जताया कि पिछले की तुलना में इस साल अधिक निवेश और रोजगार से जुड़े समझौते होंगे। खासकर मुंबई में ठोस कचरा प्रबंधन, हवा और पानी की गुणवत्ता नियंत्रण के जरिए सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ग्रोथ अश्योरर्ड का राज्य है और MMR क्षेत्र के विकास तथा तीसरी मुंबई के निर्माण के लिए आर्थिक सलाहकार समिति ने रूपरेखा तय की है, जिससे व्यवसाय और रोजगार सृजन को बल मिलेगा। दो दिनों में दावोस में एआई, कंटेंट कंप्यूटिंग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक, लॉजिस्टिक्स, जहाज निर्माण, ईवी और गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्रों में भी नए निवेश समझौते होने की संभावना है।

प्रमुख निवेश और समझौते

- निशिंका सस्त्रा/कपनी क्षेत्र निवेश अनुमानित रोजगार
- लोढ़ा डिवेलपर्स आईटी/डेटा सेंटर 1 लाख करोड़ रुपये 1.50 लाख
- अस्टा कैपिटल/पद्मशील एमएमआरडीए 25 बिलियन डॉलर 2.50 लाख
- एसबीजी समूह लॉजिस्टिक्स 20 बिलियन डॉलर 4.50 लाख
- सुरजगढ़ इस्पात स्टील (गढ़चिरोली) 20,000 करोड़ रुपये 8,000
- के. रहेजा एमएमआरडीए 10 बिलियन डॉलर 1 लाख
- सुमिटोमो रियालिटी एमएमआरडीए 8 बिलियन डॉलर 80,000
- वेंकी शीन एनर्जी नवीकरणीय ऊर्जा 4,000 करोड़ रुपये 6,000
- कालसबर्ग खरा प्रसंस्करण 500 करोड़ रुपये 750

BJP नगरसेवक ने CM के करीबी पर लगाया पार्टी से गद्दारी का आरोप

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: प्रभात क्रमांक 15 से नवनिर्वाचित बीजेपी नगरसेवक रामचंद्र भरत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी कहे जाने वाले नरेंद्र पाटिल पर पार्टी के साथ गद्दारी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब नवी मुंबई मनपा के चुनाव हो रहे थे, तो नरेंद्र पाटिल माथाडी कामगारों को धमकी दे रहे थे कि वे बीजेपी के लिए काम करना बंद कर दें, बल्कि माथाडी में जुड़े दूसरे नेता के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि एक तरफ वहां पर महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाईक की रैली चल रही थी और दूसरी तरफ माथाडी कामगार के बेटे को काम से निकालने की धमकी दी जा रही थी। उन्होंने कहा कि मेरे पास हर एक चीज के सबूत है और मैं इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करूंगा।

मनपा चुनाव में भिवंडी के दिग्गजों ने बरकरार रखा अपना दबदबा

■ विजयकुमार सिंह, भिवंडी: भिवंडी मनपा की राजनीति में पिछले 25-30 वर्षों से स्थापित और सत्ता के खेल में दबदबा रखने वाले दिग्गजों ने अपने किलों को सुरक्षित रखने में सफलता हासिल की है। इनमें पूर्व महापौर जावेद दलवी, वरिष्ठ नगरसेवक संतोष शेट्टी, बालाराम चौधरी, मनोज कोटकर, नारायण चौधरी, निलेश चौधरी, यशवंत टावरे और प्रकाश टावरे शामिल हैं।

पूर्व महापौर जावेद दलवी की यह लगातार आठवीं जीत है। बंदर मोहल्ला, सौदागर मोहल्ला, बाजारपेठ और शहागण अली जैसे क्षेत्रों में सभी धर्मों के नागरिकों के साथ अपने गहरे जनसंपर्क के दम पर उन्होंने अपना दबदबा कायम रखा है। वरिष्ठ नगरसेवक संतोष शेट्टी ने पदशाली समाज के वर्चस्व वाले पद्मानगर क्षेत्र में 1995 से शुरू हुआ अपना राजनीतिक सफर जारी रखा है। यह उनकी छठी जीत है, जिससे उन्होंने जीत की 'डबल हैट्रिक' पूरी की है। खास बात यह है कि हर चुनाव में उन्हें अपने ही समाज से चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने समाज को साथ जोड़कर जीत को आसान बना दिया। बालाराम चौधरी ने नहरे टेमघर में वहीं मनोज कोटकर ने कामतघर इलाके में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए जीत की 'डबल हैट्रिक' (छठी जीत) मनाई है। इसी तरह बीजेपी के नारायण चौधरी और निलेश चौधरी ताड़ाली क्षेत्र में वहीं प्रकाश टावरे ने नारपोली क्षेत्र में अपनी छठी जीत दर्ज की है। वहीं, यशवंत टावरे ने भी लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है।

मनोज कोटकर | निलेश चौधरी
संतोष शेट्टी | जावेद दलवी

इस बार के मनपा चुनाव में चार उम्मीदवारों ने 100 से भी कम वोटों के अंतर से जीत हासिल की है, जबकि दो उम्मीदवारों ने सभी मतों से जीत दर्ज की है। प्रभाग क्रमांक 6 (अ) से बीजेपी के वैभव भोईर ने 6,257 वोट पाकर भिवंडी विकास अघाड़ी (एकता मंच) के पराजेय मोमीन को मात्र 98 वोटों से पराजित किया है।

7,038 वोटों के अंतर से जीत

प्रभाग क्रमांक 23 से बीजेपी उम्मीदवार नारायण चौधरी ने निर्दलीय उम्मीदवार रविकांत पाटील को रिकॉर्ड 7,038 वोटों के भारी अंतर से पराजित किया। प्रभाग क्रमांक 9 (अ) में कांग्रेस उम्मीदवार तारिक मोमिन ने शिवसेना के पूर्व स्थायी समिति के सभापति एवं पूर्व विधायक रुपेश म्हात्रे के भाई राजय म्हात्रे को 5,231 वोटों के बड़े अंतर से मात दी है।

मीरा-भाईंदर में चमके नए चेहरे, जनता को है इनसे उम्मीद

चुनाव में अचानक मिले अवसर को जीत में बदलने वाले उम्मीदवारों के हैं हौसले बुलंद

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर: राजनीति में चुनाव लड़ने और जीतने का सपना लाखों लोग देखते हैं, लेकिन जीत का सेहरा कुछ गिने-चुने लोगों के सिर ही बंधता है। कई बार मजबूत जनाधार, वर्षों की मेहनत के बावजूद नेता चुनाव हार जाते हैं, तो वहीं, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो अचानक मिले अवसर को जीत में बदल देते हैं। राजनीति की इस विसात में इसे ही 'राजयोग' कहा जाता है। मीरा-भाईंदर में इस चुनाव में ऐसे ही कुछ चेहरों ने अपने राजयोग के दम पर विजय प्राप्त की है। इस बार चमकने वाले चेहरों से जनता की बहुत अपेक्षाएं भी हैं।

उत्तर-दक्षिण भरे मुकाबले के बावजूद इन उम्मीदवारों ने हासिल की जीत

शिक्षक से नगरसेवक बने सुनील

कांग्रेस के टिकट पर प्रभाग 9 से चुनाव लड़ने वाले सुनील चौधरी ने अपने पैनल में सर्वाधिक मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। मूलतः जलगांव जिले के चोपड़ा तालुका निवासी चौधरी पेशे से मुंबई महानगरपालिका में शिक्षक थे और जुलाई 2025 में सेवानिवृत्त हुए। राजनीति से उनका कोई प्रत्यक्ष नाता नहीं था, लेकिन कांग्रेस को ओबीसी आरक्षण के तहत एक मराठी हिंदू उम्मीदवार की तलाश थी।

सामान्य गृहिणी कविता ने छू लिया आसमान

कविता त्रिपाठी एक सामान्य गृहिणी है। उनके पति सुशील त्रिपाठी पिछले दो दशकों से संघ समर्थक और बीजेपी के समर्पित पदाधिकारी रहे हैं। सुशील स्वयं प्रभाग 2 से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन चुनावी समीकरण बदले और बीजेपी ने शिंदे सेना के प्रभाव वाले प्रभाग10 से उनकी पत्नी कविता को मैदान में उतारा। उत्तर-दक्षिण भरे मुकाबले के बाद कविता ने महज 7 मतों के अंतर से जीत हासिल की।

विरोध के बावजूद तरुण की किस्मत रंग लाई

प्रभाग 3 से एडवोकेट तरुण शर्मा ने आंतरिक और बाहरी विरोध के बावजूद बीजेपी से टिकट हासिल किया। टिकट मिलने के बाद भी उन्हें पार्टी और स्थानीय स्तर पर विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन अंततः उन्होंने 13 मतों से जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि सामाजिक पहचान रखने वाले उनके पिता ने भी दो दशक पहले दो बार चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

व्यापारी परेश को था जनता पर भरोसा

भाईंदर पश्चिम के प्रभाग 6 से नवनिर्वाचित नगरसेवक परेश शाह पहली बार राजनीतिक रूप से चर्चा में तब आए, जब उन्हें बीजेपी का उम्मीदवार घोषित किया गया। बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व कहता है कि वे पिछले डेढ़ दशक से पार्टी में सक्रिय थे लेकिन पार्टी के अन्य कार्यकता की मानें, तो वे किसी कार्यक्रम में कभी दिखे ही नहीं। पेशे से डायमंड और ज्वैलरी के व्यापारी परेश को टिकट मिलना आश्चर्यजनक था।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 01-20-2026 22:53 Color:

वेस्टर्न लाइन से अधिक मेल ट्रेनें चलाने का खुलेगा रास्ता: गुप्ता

■ मुंबई: हाल ही में मुंबई से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए चलने वाली ट्रेनों की संख्या दोगुना करने की बात कही गई थी। इस मुश्किल काम को सफल बनाने के लिए रेलवे कई अहम कदम उठा रहा है। पश्चिम रेलवे के अंतर्गत ग्रांट रोड क्षेत्र में एक नया पार्सल डिपो पीडीजीआर यार्ड बनाने की योजना है। इससे अधिक गाड़ियों का मेंटेनेंस संभव हो सकेगा। इसका सीधा फायदा यात्रियों को मिलेगा। आने वाले समय में पश्चिम रेलवे से उत्तर भारत सहित देश के अन्य हिस्सों के लिए चलने वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकेगी। इससे प्लेटफॉर्म में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी। इस बारे में पश्चिम एवं मध्य रेलवे के जीएम विवेक कुमार गुप्ता से प्रिया पांडेय ने बातचीत की। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश:

Kaushik Naik

विवेक कुमार गुप्ता, जीएम, पश्चिम एवं मध्य रेलवे

Q किस तरह नया यार्ड बांद्रा और मुंबई सेंट्रल यार्ड का बोझ कम करेगा?

बांद्रा और मुंबई सेंट्रल के कारोडा का दबाव कम करने के लिए ग्रांट रोड में एक पार्सल डिपो पीडीजीआर बनाया जाएगा। ताकि ट्रेनों के आईओएच, पीओएच सिक और पिट का काम आसानी से हो सके। यानी यदि कोई 22 डिब्बों की ट्रेन है और उसका दूसरा और दसवां डिब्बा अलग करके मरम्मत करनी होगी, तो उसके लिए इस लाइन की जरूरत होती है। लेकिन यदि ट्रेन उस लाइन पर खड़ी है, तो अन्य गाड़ियों को प्लेटफॉर्म के लिए निकलना मुश्किल हो जाता था। हालांकि अब ग्रांट रोड में बनने जा रहे यार्ड और G +10 की बिल्डिंग 50 करोड़ रुपये की लागत में बनाई जाएगी।

Q 75 लाख लोकल यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए क्या किया जाएगा?

लोकल एक नए युग में पैर रखने वाली है। ऐसा इसलिए क्योंकि हर दिन मध्य एवं पश्चिम लाइन पर यात्रा करने वाले 75 लाख यात्रियों (CR के 40 लाख और WR के 35 लाख) की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कई काम किए जा रहे हैं। जैसे, वर्तमान में मध्य एवं पश्चिम रेलवे मिलाकर 3226 सर्विस (मध्य रेलवे की 1820 और पश्चिम रेलवे की 1406) चलाता है। हालांकि बढ़ती भीड़ के मद्देनजर ट्रेनों की संख्या को डबल करने की तैयारी की जा रही है। पश्चिम रेलवे ने 2030 तक 365 अतिरिक्त उपनगरीय सेवाएं चलाने की योजना बनाई है। वहीं मध्य रेलवे ने 584 सर्विस बढ़ाने की योजना बनाई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नए AC लोकल और ऑटोमैटिक दरवाजों वाले रेक भी तेजी से शामिल किए जा रहे हैं।

Q ...लाइन बढ़ाए बिना कैसे बढ़ेगी कंपेक्टिविटी?

पश्चिमी एवं मध्य रेलवे के कई स्टेशनों पर स्टेशन एक्सटेंशन का काम किया जा रहा है। ताकि आने वाले समय पर सिर्फ फास्ट ट्रेन के स्टेशनों पर ही नहीं, बल्कि सभी ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर भी 15 डिब्बों की लोकल स्टॉप ले सके। इससे यात्रियों की कैपेसिटी बढ़ जाएगी और भीड़ से राहत मिलेगी। इसी के साथ स्टेशन भी नए सिरे से बदले जा रहे हैं। एस्केलेटर, लिफ्ट, विस्तृत एफओबी, एलिवेटेड डेक, बेहतर रोशनी का भी काम किया जा रहा है। 748 से अधिक लिफ्ट-एस्केलेटर की डिजिटल मॉनिटरिंग से जोड़ा गया है, जिससे खराबी होने पर तुरंत मरम्मत संभव हो सके।

Q ट्रेनों की पंचुअलिटी कैसे बढ़ेगी?

बोरीवली-विरार और विरार-दहाणु, कल्याण-अंबरनाथ और कल्याण-बदलापुर के बीच लाइन के विस्तार बिस्तार से उपनगरीय और मेन लाइन ट्रैफिक को अलग कर अधिक लोकल ट्रेनें चलाना संभव होगा। इससे दोनों लाइन अलग होंगी, तो पंचुअलिटी में भी सुधार आएगा। पनवेल-कर्जत कॉरिडोर यात्रा के समय को 30 मिनट तक घटाएगा, नवंबर अत्यधिक दबाव वाले सेक्शनों पर भीड़ को कम करेंगे। आने वाले 4-5 वर्षों में 30% से अधिक अतिरिक्त क्षमता बनने का अनुमान है।

फटाफट खबरें

कुत्ते के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

मुंबई के कुरार विलेज में एक कुत्ते के बच्चे के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। पुलिस ने आरोपी विकास पासवान (24) को हिरासत में लिया। वह एक सार्वजनिक शौचालय में कुकृत्य कर रहा था, तभी स्थानीय लोगों ने उसे पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ BNS और एनिमल क्रूएल्टी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिल्डिंग में लगी आग, 3 लोग झुलसे

घाटकोपर वेस्ट के नारायण नगर इलाके में स्थित एक बिल्डिंग में मंगलवार सुबह आग लगने से 3 लोग झुलस गए, जिन्हें राजावाडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में रियाजुद्दीन (30) 60% झुलसे हैं। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बलवत अली 3% और हदिस अली 30% झुलस गए। दोनों की हालत स्थिर है।

आयुक्त ने किया कैलेंडर का लोकार्पण

कल्याण पूर्व में मां सावित्री ज्योतिष अनुसंधान द्वारा प्रकाशित 'काल दर्पण' कैलेंडर का लोकार्पण किया गया। उल्हासनगर महानगर पालिका की आयुक्त मनीषा आव्हाले ने लोकार्पण किया। इस मौके पर संघदीक्ष सँ, बाल कृष्ण मिश्र, अक्षिय नारायण मिश्र, विधायक सुलभा गायकवाड़, समाजसेवी रमाकांत उपाध्याय, विनोद तिवारी, विनय पांडेय, विजय पंडित उपस्थित थे

प्रदूषण के नियम तोड़ने पर 409 साइट्स को दिया नोटिस

BMC ने HC में दिया हलफनामा, कहा ऐक्शन प्लान को कड़ाई से किया लागू | हाई कोर्ट ने BMC को दिया निर्देश, मॉडरेड AQI स्वीकार नहीं

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में स्पष्ट किया है कि वायु प्रदूषण के मुद्दे पर उसकी सख्ती जारी है। मंगलवार को बीएमसी ने इस मुद्दे पर कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। बीएमसी के हलफनामे के मुताबिक, 409 कंस्ट्रक्शन साइट्स को प्रदूषण को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि 284 को स्टॉप वर्क नोटिस दिया गया है। यह नोटिस प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े 28 दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर 29 दिसंबर, 2025 से 13 जनवरी, 2026 के बीच जारी हुए हैं। इसके तहत कंस्ट्रक्शन साइड पर पतरे न लगना, डेब्री को ढंकने सहित प्रदूषण नियंत्रण के कई उपायों को लागू करने का निर्देश दिया गया है।

मंगलवार को चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच के सामने बीएमसी के वकील ने हलफनामा पेश किया। बेंच ने कहा कि मुंबई की मॉडरेट AQI स्वीकार नहीं। बीएमसी के चीफ इंजिनियर (एनवायरमेंट एंड क्वालिटी कंट्रोल) ने हलफनामे में कहा है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए 15 दिन के ऐक्शन प्लान को कड़ाई से लागू किया गया है। इसके लिए वार्ड स्तर पर स्क्वाड का गठन किया गया था। इसने स्कूलों में आग लगाने से बचने, डस्ट कंट्रोल उपायों पर फोकस किया था, ताकि एयर पॉल्यूशन के स्तर को घटाया जा सके। स्क्वाड को एक दिन में दो कंस्ट्रक्शन साइट के दौरे का निर्देश दिया गया था। बीएमसी ने एक सर्कुलर जारी कर बीएमसी की सीमा में कंस्ट्रक्शन सेमर आधारित एयर क्वालिटी मॉनिटर उपकरण और एलईडी डिस्प्ले बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है। एक हजार करोड़ से कम के प्रोजेक्ट में यह उपकरण लगाना बाध्यकारी किया गया है।

AI image



27 टन डस्ट की इकट्ठी

प्रदूषण पर सिर्फ बात करने के लिए बीएमसी ने डीप क्लीनिंग ड्राइव शुरू की है। इसके तहत निर्माण और सड़कों की धुलाई की जाती है, ताकि वायुमंडल में धूल के कण न जमा हों। डीप क्लीन ड्राइव में पांच हजार लीटर की क्षमता वाले 20 वाटर टैंकर, नौ हजार लीटर के 16 टैंकर, 10 हजार लीटर की क्षमता वाले 5 टैंकर लगाए गए हैं, जिससे कि रोड डस्ट को दबाया जा सके। सप्ताई में कुल 27.7 टन डस्ट इकट्ठा की गई है। हलफनामे में स्पष्ट किया है कि बीएमसी वायु प्रदूषण की समस्या को लेकर पूरी तरह सजग है। वह इस प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

बॉडी कैमरा खरीद के लिए आदेश

हलफनामे के मुताबिक, कंस्ट्रक्शन साइट्स पर प्रभावी ढंग से अधिक निरीक्षण के लिए 27 बॉडी कैमरे खरीदने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। ताकि निर्माण कार्य स्थलों का निरीक्षण और निगरानी की जा सके। अदालत ने पिछले आदेश में बीएमसी को उक्त स्थल का दौरा करने वाले अधिकारियों को बॉडी कैमरे से लैस करने का निर्देश दिया था। इन अधिकारियों को वॉर्ड स्तर पर बनाए गए स्क्वाड में शामिल करने के लिए कहा गया था। ताकि कार्रवाई में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। बेकरी को लकड़ी से ग्रीन ईंधन (पीएनजी, सीएनजी और हाइड्रोजन) में शिफ्ट करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बड़ी संख्या में बेकरी वाले परंपरागत ईंधन से ग्रीन फ्यूल में शिफ्ट हुए हैं।

कुर्ला में चला BMC का बुलडोजर

71 अवैध एक्सटेंशन तोड़े और करीब 100 फेरीवालों को हटाया

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कुर्ला पश्चिम न्यू मिल रोड पर एक युवक पर हुए जानलेवा हमले के बाद मंगलवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में नागरिक एल वॉर्ड कार्यालय पहुंचे और अवैध फेरीवालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। जनता के दबाव के बाद बीएमसी ने इलाके में बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की, जिसमें 71 अवैध एक्सटेंशन तोड़े गए और करीब 100 फेरीवालों को हटाया गया।

बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई रविवार शाम करीब 4:30 बजे स्थानीय युवक के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद की गई है। इस मामले में कुर्ला पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। डीसीपी मोहन पंडित ने बताया कि सभी छह आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

क्या था मामला

आकाश सिंह अपने पिता के साथ बुलेट बाइक से हलावा पुल के पास एक सैलून में बाल कटवाने गया था। सैलून के बाहर एक व्यक्ति ने अपनी मोटरसाइकिल इस तरह खड़ी कर रखी थी कि आने-जाने वालों को परेशानी हो रही थी। इसी बात को लेकर आकाश ने बाइक हटाने को कहा, जिससे नाराज होकर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने आकाश के साथ मारपीट शुरू कर दी। आकाश ने अपने बड़े भाई अक्षीम सिंह को फोन कर मौके पर बुलाया। इसी दौरान आरोपी ने भी फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में पांच लोग मौके पर पहुंचे और आकाश व उसके भाई अक्षीम पर बेल्ट से हमला कर दिया। सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद थे, लेकिन कोई भी बीच-बचाव के लिए आगे नहीं आया। आकाश के पिता कौशलेन्द्र सिंह हमलावरों से लगातार गुहार लगाते रहे, लेकिन आरोपी रुकने को तैयार नहीं थे।

इस मामले में कुर्ला पुलिस ने जलील शेख, सलमान, इमरान, शानू अहमद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

10 दिन में करोड़पति बनाने का झांसा दे ठगा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भायखला में 72 वर्षीय महिला से 14.33 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ भायखला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2016 में महिला की मुलाकात चार्टर्ड अकाउंटेंट के कार्यालय में सुनील शर्मा से हुई। शर्मा ने उन्हें 10 दिन में 10 लाख रुपये को 10 करोड़ में बदलने का झांसा दिया। महिला ने शर्मा पर भरोसा किया और नवंबर 2017 में 9 लाख रुपये नकद निवेश किए। लेकिन 5-6 महीने बाद भी कोई लाभ नहीं मिलने पर महिला ने संपर्क किया, तब आरोपी ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। 2022 में आरोपी ने फिर संपर्क किया और अपनी 30 वर्षीय बेटी को भी ठगी में शामिल कर लिया। उन्होंने 15 लाख रुपये निवेश करने पर 1500 मिलियन यूरो रिटर्न का लालच दिया। ये भी पैसे वापस न मिलने पर महिला को ठगी का एहसास हुआ।

उमेश कोल्हे मर्डर केस के आरोपी को बेल नहीं

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने अमरावती के केमिस्ट उमेश कोल्हे (54) मर्डर केस में आरोपी वेदनाथी डॉक्टर युसुफ खान को जमानत देने से इनकार कर दिया है। बीजेपी की प्रवक्ता रही नुपुर शर्मा के विवादित पोस्ट का समर्थन करने के चलते 21 जून 2022 को कोल्हे की हत्या का मामला सामने आया था। आरोपी खान को ANI की विशेष अदालत ने पहले ही जमानत देने से इनकार किया था, जिसके बाद उसने हाई कोर्ट में अपील की थी। जस्टिस अजय गडकरी की बेंच के समक्ष सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से अडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने जमानत का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आरोपी की कथित भूमिका सामने आई है और वॉट्सऐप पर संदेश फॉरवर्ड करने से समाज में वैमनस्य फैलने के संकेत मिले। जांच एजेंसी के पास आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत है। आरोपी के वकील ने दलील दी कि संदेश फॉरवर्ड करना अपराधिक इरादा साबित नहीं करता।

दैविक पुलिस की सतर्कता से टला हादसा

कुरार में चलती बस में लगी आग

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कुरार में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर मंगलवार सुबह ओरेगे से बोरीवली की ओर जा रही एक चलती बस में आग लग गई। घटना के बाद वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही समता नगर ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए फायर ब्रिगेड को बुलाया और बस में लगी आग को काबू में लिया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अतिरिक्त पोलीस जगदीश भोपले की मुहबूब और कार्रवाई से स्थिति पर काबू पाया गया। हालांकि, ट्रैफिक पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल कर यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया, जिससे लंबा जाम नहीं लग सका। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बस के इंजन में शॉर्ट सर्किट के चलते तकनीकी खराबी बताया जा रहा है। समता नगर पुलिस केस की जांच कर रही है।

प्रदूषण नियंत्रण: महाराष्ट्र ने जापान से मिलाया हाथ

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य में प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) और जापान के ओसाका शहर के बीच ऐतिहासिक समझौता (एमओयू) हुआ है। इस करार से राज्य में ठोस कचरा प्रबंधन, जल और वायु प्रदूषण नियंत्रण के साथ कार्बन उत्सर्जन घटाने के प्रयासों को नई रफ्तार मिलेगी।

समझौते पर एमपीसीबी के अध्यक्ष सिद्धेश कदम, सदस्य सचिव एम. देवेंद्र सिंह और मुंबई में जापान के कांसुल जनरल कोजी यागी की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। ओसका शहर प्रशासन और ग्लोबल एनाइरनमेंट सेंटर, जापान के वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित रहे। इस के तहत महाराष्ट्र में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

MPCB और ओसका के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ

नशे में ड्राइवर ने इनोवा कार को मारी टक्कर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के भायखला सब्जी मार्केट सिग्नल पर नशे में धुत एक कार चालक की लापरवाही सामने आई है। आरोपी चालक ने पीछे से खड़ी इनोवा कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ, हालांकि इनोवा को भारी नुकसान पहुंचा।

आरोपी बिना लाइसेंस के चल रहा था कार

एफआईआर के अनुसार, नायगांव (पूर्व), पालघर निवासी 46 वर्षीय बिजनेसमैन विशाल यशवाल जगवाल अपने निवेदक ओमकार गुजर की इनोवा कार चला रहे थे। 18 जनवरी 2026 की रात करीब 10.40 बजे वे फोर्ट से परेल की ओर जा रहे थे। जब उनकी कार भायखला सब्जी मार्केट के ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी थी, तभी पीछे से आ रही लाल रंग की होंडा सिटी ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि इनोवा का पिछला बम्पर और डिक्की बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष भायखला पुलिस स्टेशन पहुंचे। जांच में सामने आया कि होंडा सिटी चला रहा चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहा था और वह नशे में था।

ट्रैफिक पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर से की गई जांच में आरोपी के शरीर में शराब की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

AI image



दो आश्रितों को अनुकंपा नौकरी पर रोक

हाई कोर्ट ने कैट के फैसले में हस्तक्षेप करने से किया इनकार

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ मुंबई : बॉम्बे हाईकोर्ट ने कैट (सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल) के उस फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि एक परिवार के 2 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल सकती है। कोर्ट ने एक युवक के सेंट्रल रेलवे में ऐसी नियुक्ति की मांग से जुड़ी याचिका को खारिज कर यह फैसला सुनाया है। अक्टूबर 2021 के कैट के फैसले को युवक ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

युवक के पिता रेलवे में सोलापुर में कार्यरत थे। मां से अनबन के चलते पिता ने दूसरा विवाह कर लिया था। 2010 में पिता का निधन हो गया। तब उसकी उम्र 11 साल थी। वयस्क होने के बाद उसने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया, जिसे रेलवे ने खारिज कर दिया। फिर कैट ने युवक के दावे को पुराना मानते हुए राहत देने से इनकार कर दिया था। जस्टिस एम्मास कर्णिक और जस्टिस एनआर बोरकर की बेंच के सामने सुनवाई हुई। इस दौरान रेलवे की ओर से पेश एडवोकेट संगीता यादव ने कहा, युवक की बायोलॉजिकल मां पहले से नौकरी में है। उसे युवक की नानी की जगह अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। युवक की सौतेली मां ने सेवा से जुड़े सारे लाभ लिए हैं।

'रेलवे में प्रावधान नहीं'

एडवोकेट संगीता यादव ने कहा, रेलवे की पॉलिसी के तहत एक परिवार के 2 आश्रितों के लिए अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान नहीं है। कैट के आदेश में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। बेंच ने कहा, एक लंबे अंतराल के बाद अनुकंपा नियुक्ति का दावा नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार केस के तथ्यों और स्थितियों के मद्देनजर बेंच ने कैट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

अदालत ने क्यों नहीं दी राहत

अनुकंपा नियुक्ति कोई स्थापित अधिकार नहीं है, जिसका भविष्य में किसी भी समय इस्तेमाल किया जा सके। ऐसी नियुक्ति का उद्देश्य घर के कमाऊ व्यक्ति के न रहने पर उसके परिवार को आर्थिक संकट से उबारना है। मौजूदा मामले में युवक की स्थिति दयनीय नहीं दिखती है, जिसके लिए उसे अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दी जाए।

A TIMES INTERNET PRODUCT
TOI AI Mastery Program FOR STUDENTS
Preparing Young Minds for a Changing World
4-Week Live, Expert-Led AI Program
This Summer Vacation
A Complete AI Learning Program
Foundation Week-1 Understand AI Thinking & Logic
Intermediate Week-2 Apply AI Across Subjects & Ideas
Advanced Week-3 Build, Analyse & Innovate with AI
Graduation Day Week-4 Capstone Project Showcase & Certification
Monthly AI Update Series Stay updated with what's new in AI throughout the year
1-Year Live Bootcamp Pass Re-attend Live-Online Bootcamps, Build Projects & Engage with Mentor

TOI THE TIMES OF INDIA
By the end of the program, students create no-code websites, apps & more.
Limited Seats - Early Bird Advantage
1-Year access to live AI bootcamps
Monthly "What's New in AI" live sessions
Year-long AI expert support
SCAN FOR DETAILS
Call us or Send Hi on Whatsapp:
+91 78350 54363
Visit Site:
https://toi.in/qC2vTb
Plan Your Child's Summer Vacation In Advance

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती

रिक्त पद

चाहीए 6 पर्यंत और 6 इलेक्ट्रिशियन (ITI) 2 से 3 सालका अनुभव जरूरी। ईमेल: info@oceanicenviro.com संपर्क : 9890787298

AN ISO company in Goregaon is looking for a BE Mechanical Production Engineer with 4-5 years experience. kindly apply at hrsystem134@gmail.com

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

लेखा

लेखा और वित्त

ACCOUNT ASST. for South Mumbai Engg. office, Must be Compater Literate,. Contact with details. Salary Expected, Date of Joining etc . Email: prashr@gmail.com Web: www.premnath.com

अकाउंटेंट (लेखाकार)

SME Mfg. Co. requires an accountant min. 10 years exp. with complete knowledge of Tally, GST, and Taxation, work independently. Apex Knives Pvt Ltd, Nariman Point, Mumbai 21. Email: shrawan@apexknives.in

ACCOUNT Assistant /Clerk wanted at Santacruz (W) office. B.com with 3 - 5 years experience, with Computer knowledge in Tally & Excel preferred. Person who can join immediately should apply. Write with biodata, mentioning present & expected salary. J K Paints Pvt. Ltd., G/1, Khira Industrial Estate, Opp. Shalimar Apt., B.M. Bhargav Road, Behind Khira Nagar, Santacruz (W), Mumbai 54. Mail: jkpaints.bombay@gmail.com

अकादमिक

सामान्य

REQD. for a reputed CBSE School, qlfd. trained & exp. Teachers for Eng, Sci., E.V.S, S.S, Maths, Marathi, Hindi, P.T, Drawing, Music, PE Teacher , Co-ordinator, Counsellor & Admin. Asst. Apply to: The Director, Holy Angels' School, P&T Colony, Dombivli (E) personally bet 27 to 30 Jan. (10 am - 4 pm) E: jobs.holyangels@gmail.com

REQD. Female Office Clerk and Teacher for Science, English, Hindi. Also part time lecturer for Jr. College and Primary School Teacher . St.Francis High School & Jr College, Laxman Nagar, Kurar, Malad (E). Ph : 9798536501

BUSINESS CONNECT

Available for SALE

150 BPM CARBONATED BEVERAGE FILLING LINE in Running Condition.
Line Comprises of Linear Blow Molders, Rinser, Filler, Capper Labeler, Warmer, Shrink Wrap, Conveyors etc.

120 CPM, CSD CAN FILLING in Running Condition.
Line Comprises of Depalletizer, Filler, Warmer, Shrink Wrap, Conveyors.

Live Video / Physical Inspection / Specifications of Equipments can be arranged on request.
Contact : Mr. SUBRAMANIUM
+91 9866627096

ATTENTION !

INVITATION TO PROCUREMENT & PACKAGING DEVELOPMENT HEADS OF PHARMACEUTICALS INDUSTRIES
FOR PROFIT SHARING PARTNERSHIP
BECOME OUR BUSINESS PARTNER WITHOUT LEAVING YOUR CURRENT ROLES
WHAT WILL YOU GET? Profit Sharing of 30 to 40%
WHAT DO WE WANT? To Expand our business for supply of your existing plastic moulded products
WHO WE ARE? Our Company is a reputed manufacturer of plastic moulded products mainly for the Pharmaceutical Industry for four decades at Bangalore, India, GMP certified, Audited & Approved Vendor of GlaxoSmithKline, Pfizer and many others for more than two decades.
ZERO CAPITAL INVESTMENT
Contact : +91 9902817543
E-mail : pmupbang@gmail.com

BOOK YOUR BUSINESS ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Afridi 9594 343 468 | Jitesh Dominic 9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

Lagdu Singh Charitable Trust's (Regd.)
THAKUR SHYAMNARAYAN ENGINEERING COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai, Approved by AICTE India Council for Technical Education (AICTE) and Government of Maharashtra (GoM)
ISO 9001:2015 Certified Institute

Self-Financed Hindi Linguistic Minority Institute

Applications are invited for the following posts for proposed increase in intake of Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning) for the academic year 2026-27

Sr. No.	Cadre	Department / Subject	No. of Post	Category
1	Assistant Professor	Professional Communication Ethics (Communication Skills)	02	OPEN
2	Assistant Professor	Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)	03	OPEN

NOTE:-
- Educational Qualification, experience, pay scale and service conditions will be as per the existing rules of AICTE and Govt. of Maharashtra.
- Those who are already in service should apply through proper channel.
- Incomplete application will not be entertained.
- Apply giving full particulars within 15 days from the date of publication of this advertisement to the undersigned on above email id only – 'career@tsecmumbai.in'
- No TA/DA shall be paid for attending interview
- For detailed information log on to our web site www.tsecmumbai.in

Sd/- C.E.O.

90 ft. Road, Thakur Complex, Kandivali (East) Mumbai 400101
For Admission inquiry call us on 9833463489 /8828888840 / 28542481/ 67756300 to 310
E-mail : tsec@thakureducation.org . Website: www.tsecmumbai.in

शिक्षक

B.A., M.A., B.Ed., (ENG), B.Sc., B.Ed., (PCM), B.P.Ed., D.Ed., E.C.C.Ed. Qualified lady teachers required for English Medium SSC Board School in Central Mumbai. Experienced teachers may also apply for the post of H.O.D./H.M. email your CV to - teacherscvacancy2026@gmail.com

MAHAPRAGYA PUBLIC SCHOOL (CBSE) KALBADEVI Urgently requires teachers having 3 - 5 years experience and basic computer knowledge, CTET qualified to teach P.E., a School Counselor and an accountant. Email: info@mahapragya.in

प्रशासन

कार्यालय सहायक

ASSISTANT Required for MD, Real Estate Company. Calendar & Priority Management, WhatsApp/email Co-ordination, Senior Follow-ups. Self-driven, Discreet, Excellent English. Fluent Marathi mandatory. Experience preferred. Competitive pay. Email Id. : Kgroupe@hotmail.com Call : 7039001660 / 9930245960

OFFICE Assistant required near CST with basic knowledge of Word, Excel, Email, Tally, and coordination. Candidates, please send your resume to hr@billionplastics.in.

कार्यकारी अधिकारी

OVERSEAS Manpower Co. Required Recruitment Co-ordinator / HR Executive Freshers or Min. 1 Year Exp. in same field. Walk-In at 306-307, Mint Chambers, Mint Rd., Fort, CSMT, Mum-01. Call 9906832049

घरासी

PEON Required for Nariman Point - Peon with min 3 years exp. Central Line preferred. WhatsApp only. 84337 21271

एक रेप्युटेड फिलहर के ऑफिस में पून की आवश्यकता है। संपर्क : 8828880966.

रिसेप्शनिस्ट और टेलिफोन ऑपरेटर्स

REQ. experienced Telecallers & Business Development Manager (Female) For Tiwari's Saraswati Classes -Santacruz Contact : 9324944908.

Reputed 130 yrs Firm req.: **Female Receptionist cum Tele. Operator, Fluent in English.** Walk in Interview tom i.e. 22nd Jan. between 11am to 6pm (at 142-B, Mittal Tower, Nariman Point.

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

DIGITAL MARKETING

REQUIRED Young Female, Confident, Knows Communication / Computer, Facebook / Instagram & Social Media Very Well. (Freshers Welcome) - 9082301377.

सेवाएं

होटल उद्योग

NEW BANQUET near Karjat requires Banquet Manager, F&B Manager, Front Office Executive, Sales Executive, Supervisor & Service Staff. Hospitality experience preferred. dkvacancy24@gmail.com

तकनीकी

इंजीनियर्स

चाहीए शिक्षित इंजिनिअर-डिप्लोमा (2 पद) साईट सुपरीव्हाइजरका 3 साल का अनुभव जरुरी। खुरुजी वार्क होनेवालेको प्राथमिकता। Email: info@oceanicenviro.com

FOUNDATION ENGINEERING
Creating foundations for the future
WE'RE HIRING
Mechanical Engineers
FEC, a leader in piling, anchoring, and excavation, operates a modern fleet of hydraulic drilling and excavation machinery.
We are seeking skilled and dedicated mechanical engineers for equipment maintenance.
APPLY NOW!
hiringfec@gmail.com
022 4311 7200

FOUNDATION ENGINEERING
Creating foundations for the future
FEC Invites Applications for a Prestigious Construction Project in Uran
WE'RE HIRING
Piling Supervisors
Safety Supervisors
Civil Engineers
Quality Engineers
Join a team that builds strong, safe, and lasting foundations.
APPLY NOW!
hiringfec@gmail.com
022 4311 7200

URGENT HIRING! Immediate joiners only 1) AI/SENIOR AI ENGS (3-10 yrs): LLM AI Svcs, FastAPI, Scikit, Kfs, Unstructured Data Processing (PDFs, scanned documents) 2) FULLSTACK DEVS (3-15 yrs): Cc., NET Core + React.js (Mandatory), IRIS BizTech Solutions Ltd, Vashi, Navi Mumbai. WFO - 5 Days. Email Resume: sunidhi.sinhas@irisbusiness.com

अन्य प्रफेशनल्स

वास्तुकार (आर्किटेक्ट)

AMS.CONSULTANTS need ARCHITECTS to work on Corporate Landscape Projects (E) ams.profile@gmail.com , (W) amsconsultants.co.in

अन्य रिक्तियां

घर से काम (वर्क फ्रॉम होम)

OPPORTUNITY to work from home in association with a Corporate. Good emoluments + PF. Contact:-9423833 33827 / 78742 51184

सुरक्षा

EXPERIENCED Security Guards (Male/ Female), Supervisors required for Andheri (East). Contact: 9594871694/ 9821406617

एकाधिक रिक्तियां

FEMALE Medical Typist / Transcriptionist with speed 40wpm for MRI CT Scan Centre Only Whats app details to 8850927330

REQD. at Byculla Accountant, Sales Asst, Admin Asst, Purchase Asst, Mech CAD Operator, Turners & Fitters. Whatsapp 9869390495 Mail - ranandhi52@hotmail.com

INSTITUTE of Welding & Testing Technology - Dahisar. Accounts, Marketing & Sales Executives, NDT Technicians & Welders. Ph: +91 80970 65097 hr.iwtmumbai@gmail.com

विस्तृतेटी गार्ड, विस्तृतेटी सुपरवायझर और राईडर चाहीये. संपर्क: 115 - रिश कॉमपलेक्स, Opp. नामाशी होटल, विद्याविहार (वेस्ट) 9867202170 / 9920633611

MILANO HOMES FURNITURE
BACK OFFICE EXECUTIVES for accounts and data entry & FLOOR SUPERVISOR required for furniture store in THANE (KASHELI)
Minimum 3 years work experience & proficient in Tally & Excel with good communication skills.
Salary-25K onwards.
CONTACT: 99209 09090

PLASTRULON PROCESSORS PVT. LTD.
is hiring for:
Technical Sales Engineers:
BE/Dip. in Chem., Process, or Mech. Engg or BSc. with 2-3 yrs. technical sales exp. Responsibilities: seeking new business, providing customer support, negotiating contracts, meeting targets, and team collaboration.
Purchase Engineer:
BE/Dip. Mech. Engg or BSc. with 2-3 yrs. in engg. procurement. Must understand materials, quality standards and team collaboration.
Executive Assistant to Director :
5-6 yrs. exp. in intl. business required; strong organisational and communication skills, export/import familiarity, multitasking and confidentiality.
All roles require computer proficiency, fluent English, dedication, and a results-oriented approach.
Apply at sales@plastrulon.global

सेवाएं

कानूनी सलाह

PROJECT MANAGEMENT (PMC)
FEASIBILITY REPORT
REDEVELOPMENT AGREEMENT
RERA
POINT ADVISORY 7021653529

प्रॉपर्टी

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

PEN-DIST-RAIGAD, Sale/ lease 2000 sft carpet, 1st floor - For banks, insurance, MNCs, back offices, poly-clinics etc 9819374969 / 9819033829.

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

ई-नीलामी सूचना
केनरा बैंक की बोरिवली ब्रांच प्रॉपर्टी रिमिडियेट, एट नंबर 24, पार्वती सोसाइटी रोड, अंबाडवाडी, बोरिवली - पश्चिम, जिला - उपनगरीय, महाराष्ट्र में स्थित ब्रांच के अधिकार लगभग 10,000 स्क्वेयर फुट की बिक्री के लिए इच्छुक खरीदारों से ई-नीलामी मोडी आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत जानकारी और ईमेलों जमा करने की अंतिम तिथि 21/01/2026 है। ई-नीलामी 24/01/2026 को आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी बोली के लिए बी स्टार्ट लिंक के माध्यम से। संपर्क नंबर +91 8076490097 पर संपर्क करें।

पी के ऑक्शनियर प्राइवेट लिमिटेड
अधिक जानकारी के लिए: www.pkauction.in

न्यायालय सूचना

In The Court of Sh. Ashutosh Kumar, LD. District Judge (Commercial Court-01), West District, Delhi, Room No. 201, Extension Block (New), Second Floor, Tis Hazari Court, Delhi
SUMMON FOR PUBLICATION
Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
Suit No. CS (COMM) 165/2025
DASTI
Technoplast Packaging Pvt Ltd. ...Plaintiff
Vs
New Orange City Beverages Pt. & Ors. ...Defendant
To,
1. **New Orange City Beverages** having its Office at: Plot No. 5, KH No. 70/2, 70/3, 70/5, Near Bhandara Road, Overbridge, Jabalpur, Highway, Nagpur, Maharashtra-440005
2. **Santej Sethi** Partner at New Orange City Beverages Having its Office at: Plot No. 5, KH No. 70/2, 70/3, 70/5, Near Bhandara Road, Overbridge, Jabalpur, Highway, Nagpur, Maharashtra-440005
3. **Satinder Sethi** Partner at New Orange City Beverages having its Office at: Plot No. 5, KH No. 70/2, 70/3, 70/5, Near Bhandara Road, Overbridge, Jabalpur, Highway, Nagpur, Maharashtra-440005

Whereas you the person named above, could not be served in the above-mentioned civil suit pending in this Court preferred by the plaintiff named above, by ordinary modes of services as provided in Order 5 of CPC. Accordingly, by way of the present publication you are hereby informed that the above mentioned suit is listed in the Court named above on **05.02.2026 at 10:00 AM.** You are required to appear in the said suit personally or through a pleader duly authorized.

Please note that in case you do not appear in the above-mentioned suit listed on the next date of hearing before the Court, the matter shall be proceeded against you as ex-parte and Court would proceed for final disposal of the case against you.

Given under my hand and the seal of the Court of this 14.01.2026

District Judge (Commercial) Court No. 201, Extension Block, West Delhi

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
This is to inform the general public that Mr. **Shiv Darshan Pathak, Mr. Amrik Singh Sokhi and Mr. Harish Tiwari** are no longer associated with **Trueware International LLP** in any capacity whatsoever. The company shall not be responsible for any act, representation, or transaction carried out by them in the name of company. If they approaches anyone claiming to represent **Trueware International LLP**, such dealings shall be at the sole risk and responsibility of the concerned person or party. The public is advised to contact the company directly for any query or other dealings.

Sd/- SUMIT PASRICHA PARTNER

PUBLIC NOTICE
My client are intending to purchase **Flat No. 1304, 32nd Floor, "A" Wing** (together with Two Car Parking and right, title, interest and benefits conferred in share certificate issued by society) admeasuring about 147.54 sq metre RCA from **Mrs. Manmeet Y. Chadha** in **Indiva Estrella standing on Plot No. BP7 T - 7, situated and lying at New Sath Pan Road, New Cuffe Parade, Wadala (E), Mumbai - 400037** bearing CTS No. 8 of Village Salt Pan and acquired by Vendors from **Mr. Rushikant J. Shinde & Mrs. Kalnapurisha R. Shinde** by an Agreement for Sale duly Registered with Sub-Registrar, Mumbai City - 5 under Serial No. **8883-6953-2021** dated **29/06/2021**
All / Any person(s) including predecessor in title if any, having any right, title, claim or interest in respect of the above referred property by way of sale, exchange, lease, license, mortgage, inheritance, gift, lien, charge, maintenance, easement, trust, possession or otherwise of whatsoever nature are hereby required to make the same known in writing along with documentary evidence to the undersigned at the address mentioned above within 14 days from the date hereof, failing which claims, if any, of such person(s) will be treated as waived and/or not binding on my client and my client will be free to proceed with execution of Sale Deed without reference to such claim.
Sd/-
Place : Mumbai Anita Manjalkar
Date : 21.01.2026 Advocate High Court

PUBLIC NOTICE
My client is intending to purchase **Flat No. 702, 7th Floor, "B" Wing** (together with **One Car Parking** and right, title, interest and benefits conferred in share certificate issued by society) admeasuring about **121.11 sq mtrs RCA from Mrs. Sangeeta Ritu Gupta & Mr. Ritu Fakirchand Gupta** in **Lodha Estrella standing on Plot No. BP7 T - 7, situated and lying at New Sath Pan Rd, New Cuffe Parade, Wadala (East), Mumbai - 400 037** bearing CTS No 8 of Village Salt Pan and acquired by Vendors from **M/s. Lodha Crown Buildmart Pvt Ltd.,** by an Agreement for Sale duly Registered with Sub-Registrar, Mumbai City - 4 under Serial No. 7765/2014 dated 20/06/2014.
All / Any person (s) including predecessor in title if any, having any right, title, claim or interest in respect of the above referred property by way of sale, exchange, lease, license, mortgage, inheritance, gift, lien, charge, maintenance, easement, trust, possession or otherwise of whatsoever nature are hereby required to make the same known in writing along with documentary evidence to the undersigned at the address mentioned above within 14 days from the date hereof, failing which claims, if any, of such person(s) will be treated as waived and/or not binding on my client and my client will be free to proceed with execution of Sale Deed without reference to such claim.
Sd/-
Place : Mumbai Anita Manjalkar
Date : 21.01.2026 Advocate High Court

PUBLIC DECLARATION NOTICE
Notice is hereby given that the appointment of M/s. Shivam Parivar Developer Pvt. Ltd. was terminated by the Society and it has been informed to them vide letter dated 5th December 2025.
Society was compelled to cancel & terminate for non-compliance, non-performance, inordinate delay, defaults in payment of monthly transit rent to 128 Members and non-compliance/ contempt of Bombay High Court orders.
Accordingly the Development Agreement & Power of Attorney registered on 17th July 2006, alongwith Addendum Agreement (unregistered) dated 2013 and Supplementary Agreement (unregistered) dated 26th May 2017 stands terminated, cancelled and revoked.
All Contracts/Sub-contracts/ MOU/Agreements of any nature whatsoever including Agreements with Flat, Shop, Office purchasers and appointment of Architects, Consultants stand terminated.
Society is at liberty to deal with its property and would take steps for completing the incomplete Redevelopment process.
Public are informed not to enter into any Agreement/ Deed/Memorandum of Understanding or any other writing in respect of Society's property with the said M/s. Shivam Parivar Developer Pvt. Ltd. and any person's doing so shall do the same at their entire risk as to costs and consequences for which Society/its Members will not be responsible.
Dated 21st Jan. 2026 Sd/-
Secretary
Nirlon Employees CHS Ltd.
Siddharth Nagar, S.V. Road, Goregoan (W), Mumbai - 400 104.

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I,NIKAM Suresh Kautik /o Pimperkhed, Bhadgaon, Jalgaon, M.H- 424105 have changed my Son name from Daksh to Daksh Suresh Nikam vide aff. dt. 19-01-2026 No 59AB866376 at Nashik

I,NIKAM Suresh Kautik /o Pimperkhed, Bhadgaon, Jalgaon, M.H- 424105 have changed my Daughter name from Truptee to Truptee Suresh Nikam vide aff. dt. 19-01-2026 No 59AB866375 at Nashik

I,SUREKHA Wife of Nikam Suresh Kautik r/o Pimperkhed, Bhadgaon, Jalgaon, M.H- 424105 have changed my name from Surekha to Surekha Suresh Nikam vide aff. dt. 19-01-2026 No 59AB866377 at Nashik

I,KALE Ganesh Machindra r/o Maleson Haweli, Sangamner, Ahmadnagar, M.H-422605 have changed my Son name from Devansh Kale to Devansh Ganesh Kale vide aff. dt. 19-01-2026 No 59AB866382 at Nashik

I,RADHA Bai Mother of Shirwale Somnath Pandarinath /o Waghalwadi, Someshwar Nagar, Baramati, Pune, M.H-412306 have changed my name from Radha Bai to Lata Pandharinath Shirvale vide aff. dt. 19-01-2026 No 59AB866371 at Nashik

I, Ujwala Ashok Chinchole legally wedded Spouse of No:6683361, Rank - EX-SGT, Chinchole Ashok Pandharinath, Residing at House No.7098, Vrundavan Colony, Near R.K. Hospital, Ozar, Tal. Niphad, Dist - Nashik, Maharashtra, Pin - 422007, declare that, I have changed my name from Ujwala A Chinchole to Ujwala Ashok Chinchole vide Affidavit No. 59AB 868282 Dtd. 19/01/2026 before Executive Magistrate Court, Nashik, Maharashtra.

I No. 14834879W, Rank - SEP, Name - Jagdhane Nilesh Balu, Age - 37 Years, R/O - Village - Pulenagar, Nandgaon, Dist- Nashik, Maharashtra, Pin-423106, solemnly affirm that, on my military service document, my child name was mentioned by mistake as Jagdhane Swaraj. His Name as per Aadhar Card/PAN Card is Jagdhane Swaraj Nilesh. I wish to change/ correct the name of my child in the service documents as per the Aadhar Card/PAN Card. Reference to affidavit No. 59AB 905432.

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

इस्कॉन गेस्ट हाउस के नाम पर ठगी, केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई में साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है, जहां जालसाजों ने इस्कॉन जुहू गेस्ट हाउस के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों से बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी की। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने नकली वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन कमरा बुकिंग का झांसा देकर रकम ऐंठ ली।



जुहू पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मीरा रोड निवासी और इस्कॉन गेस्ट हाउस के सहायक प्रबंधक प्रवीण नायक (42) को 10 जनवरी को धोखाधड़ी की जानकारी मिली। जांच में सामने आया कि जालसाजों ने https://iskonguest-house.in और https://www.iskonrooms.com नामक फर्जी वेबसाइट बनाकर श्रद्धालुओं से संपर्क किया। राजस्थान निवासी संदीप कुमार से वाटसएप पर बातचीत के बाद 5 हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा गया। रकम ट्रांसफर होने के बाद भी बुकिंग की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद संदीप ने इस्कॉन प्रशासन को सूचना दी और ठगी का खुलासा हुआ। इस्कॉन प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि बुकिंग केवल आधिकारिक वेबसाइट www.iskconmumbai.com के माध्यम से ही करें।

नवी मुंबई मनपा को मिला राष्ट्रीय 'स्कॉच अवॉर्ड'

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : नवी मुंबई महानगरपालिका को संपत्ति कर सुधार और नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रशासन के लिए राष्ट्रीय 'स्कॉच अवॉर्ड (सिल्वर)' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित 104वें स्कॉच समिट में प्रदान किया गया। मनपा की ओर उपायुक्त सुनील पवार ने यह सम्मान स्कॉच डिवेलपमेंट फाउंडेशन के प्रतिनिधियों से ग्रहण किया। यह पुरस्कार आधुनिक और पारदर्शी संपत्ति कर व्यवस्था के लिए दिया गया है।

महानगर खेल

गाइल्स शील्ड: कार्तिक चूके सेंचुरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: क्रेबेर्न स्टेडियम में खेले जा रहे गाइल्स शील्ड इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के 3 दिवसीय फाइनल मैच के पहले दिन स्वामी विवेकानंद इंटरनैशनल स्कूल SSC ने शानदार सेंचुरी की बदौलत टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया और उसकी पूरी टीम 79.2 ओवर में 276 रन बनाकर आउट हो गई। कार्तिक छाजेड़ (90 रन, 116 बॉल, 16 फोर), प्रज्वल तावरे (82 रन, 12 फोर) और शौर्यकांत उपाध्याय (48 रन) ने दमदार पारियां खेलीं। कार्तिक और प्रज्वल ने पहले विकेट के लिए 149 रन जोड़े। शानदार टीम के अनुप चाटव ने 76 रन देकर 5 विकेट लिए। दिन का खेल खत्म होने तक शानदीप टीम ने 13 ओवर में बिना किसी नुकसान के 17 रन बनाए थे। नियमों के मुताबिक फाइनल मैच में दोनों टीमों को पहली पारी में 80-80 ओवर और दूसरी पारी में 40-40 ओवर खेलने का मौका मिलता है।

कार्तिक छाजेड़

मुंबई हलचल

उत्तराखंडी महोत्सव 'प्यारी पहाड़न' ग्रुप ने नवी मुंबई के उत्तराखंड भवन में उत्तराखंडी महोत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर सैकड़ों महिलाएं अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मौजूद थीं। सभी ने रंगाली पिछोड़ी और पहाड़ी गहने पहनकर बड़ी संख्या में भागीदारी की। कार्यक्रम में कई यादगार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। उत्तराखंड के लोकनृत्य झोड़े से कार्यक्रम का समापन हुआ।

NBT स्मृति — यादों के चिराग

आकस्मिक निधन

भावभीनी श्रद्धांजलि

महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री

स्व. राज के पुरोहित

के वैकुंठवास पर भावभिनी श्रद्धांजलि। परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को इस अपूर्णीय क्षति व असीम दुःख की सहन करने की शक्ति प्रदान करे। हम अपनी संवेदनायें व श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

-: श्रद्धावनत :-
श्री ब्रजमंडल ट्रस्ट
ट्रस्टी, पदाधिकारी, कार्यकारिणी, महिला समिति एवं सदस्य

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री

स्व. श्री राज के. पुरोहित

का वैकुंठवास रविवार, 18.01.2026 को हो गया है। परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देकर चिरशांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। हम अपनी संवेदनायें व भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

-: श्रद्धावनत :-
श्री आदर्श रामलीला समिति (मुंबई)
राजेन्द्र अग्रवाल (अध्यक्ष/ट्रस्टी)
कैलाश अग्रवाल (उपाध्यक्ष)
अनिल पी. अग्रवाल (उपाध्यक्ष/ट्रस्टी)
कामबिहारी अग्रवाल (महामंत्री/ट्रस्टी)
वैभव गुप्ता (कोषाध्यक्ष/ट्रस्टी)
शिवशंकर फतेहपुर (संयुक्त मंत्री)
अरुण गोयल (संयुक्त मंत्री)
घनश्याम पहलवानी (ट्रस्टी)
राजेश मुनमुनवाला (ट्रस्टी)
एवं कार्यकारिणी सदस्य

स्मृति सन्देश

ज्याहवीं पुण्यतिथि

स्व. श्री सुभाष चन्द्र होतीलाल गुप्ता
21 जनवरी 2015

आज आपको इस भौतिक संसार से विदा लेकर 11 वर्ष हो गए है। पर आपके सादगीपूर्ण व संतोषी जीवन की कसक भरी स्मृतियाँ हमारे मानस-पटल पर हर दिन आती रहती हैं। सुखमय, शांतिमय और प्रेममय जीने की कला हम सभी को सिखा के गये। अनेकानेक स्मृतियों सहित हमारी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि। परमेश्वर आपकी आत्मा को सद्गति व चिरशांति प्रदान करें

श्रद्धानवत
पत्नीः प्रेमलता गुप्ता
पुत्र, पुत्रवधु, पौत्र व समस्त गुप्ता परिवार

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

॥ भावभीनी श्रद्धांजलि ॥



स्व. श्री राज के. पुरोहित
(पूर्व कैबिनेट मंत्री - महाराष्ट्र सरकार)
31.8.1955 - 18.01.2026
ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं उनके परिवार को इस आघात को सहन करने की शक्ति व धैर्य प्रदान करें।
॥ श्रद्धावनत ॥
जनता का पुकार
विनोद लाठ, डॉ. जीवराज शाह, कैलाश अग्रवाल सुरेशचंद्र अग्रवाल, पवन मल्लावत, महावीर गुप्ता राजकुमार सराफ, किशन द्वारिलाल, गोपाल सारडा अरुण गोयल, राजेश जैन, सुरेन्द्र विकल वीरेन्द्र याज्ञिक, गुड्डू सिंह, डॉ. कर्नयालाल अग्रवाल देवकीनंदन (लाला) अग्रवाल, प्रेमसागर गुप्ता श्रीकेश मंत्री, बजरंगसिंह चौहान, जनक संघवी संदीप आर. कांकानी, रमेश मोरे

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Jitendra Boricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

अब ₹4975 करोड़ में उठेगा मुंबई का कचरा

BMC ने दिया ठेका, 7,500 मीट्रिक टन कचरा मुंबई से रोज निकाला जाता है

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ मुंबई : बीएमसी ने 4975 करोड़ रुपये में मुंबई का कचरा उठाने का फैसला किया है। करीब 600 करोड़ रुपये की बढ़ी लागत के साथ बीएमसी ने यह ठेका दे दिया है। पहले इस प्रोजेक्ट की लागत 4125 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 4975 करोड़ रुपये पहुंच गई है। बीएमसी ने कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू में लगभग 15% की बढ़ोतरी करते हुए ठेका दिया है। अब इस प्रोजेक्ट के लिए री-टेंडरिंग नहीं की जाएगी। बता दें कि मुंबई शहर और उपनगर से रोजाना 7,500 मीट्रिक टन कचरा निकलता है।

बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि पहले मंगाई गई निविदाओं में शामिल कंपनियों ने अनुमानित लागत से 30 से 64% तक ज्यादा रकम कोट की थी। फाइनैंशल बिड खुलने के बाद प्रशासन ने कंपनियों से बातचीत की और टेंडर की रकम ज्यादा कोट करने के कारणों की जानकारी मांगी थी। इसके चलते कुछ समय तक पूरी टेंडरिंग प्रक्रिया को होल्ड पर रखा गया था।

मुंबई के 22 वॉर्डों में कचरा उठाने और डिस्पोज करने के लिए बीएमसी ने प्राइवेट कंपनी को नियुक्त करने का फैसला किया था। इसके तहत मई, 2025 में कचरा विभाग ने निविदा मंगाई थी। हालांकि, जब फाइनैंशल बिड खोली गई, तो सभी कंपनियों ने प्रोजेक्ट कॉस्ट से काफी ज्यादा रकम की मांग की, जिसके बाद बीएमसी ने ठेकेदारों के साथ निगोशिएशन शुरू किया।

इन कामों का दिया ठेका

- मुंबई शहर और उपनगर से कचरा उठाना
- नियमानुसार कचरे का डिस्पोजल करना होगा
- 45 से 50 वाहनों की व्यवस्था करनी होगी
- 15% से 20% वाहनों का इलेक्ट्रिक होना जरूरी
- 200 मीटर पर लगाए जाएंगे लिटरिंग बैग

टेंडर की शर्तें

टेंडर शर्तों के अनुसार कंपनी को 22 वॉर्डों में कचरा कलेक्शन और डिस्पोजल करना होगा। कचरा ढुलाई के लिए विशेष कलर कोड वाली गाड़ियां लगेंगी, जिनमें कम से कम 15% इलेक्ट्रिक होंगी। डंपिंग ग्राउंड के पास होने के कारण एल, एम ईस्ट और एम वेस्ट वॉर्ड इस ठेके से बाहर रखे गए हैं।

AI Image

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

क्यों बढ़ी लागत?

निविदा में शामिल कंपनियों ने बताया था कि यह ठेका लंबी अवधि (7 वर्ष) का प्रोजेक्ट है। साथ ही, टेंडर में एसी केबिन वाले वाहन, हर 200 मीटर पर लिटरिंग बिन्स लगाना, वाहनों के लिए अलग पार्किंग जैसी शर्तें हैं। कंपनियों का तर्क था कि कचरा ढोने वाले वाहनों को पार्किंग की जगह नहीं मिलती, इसके लिए उन्हें रोजाना 'पे ऐंड यूज' का इस्तेमाल करना पड़ता है। इसीलिए कंपनियों ने टेंडर में 30 से 60% तक ज्यादा रकम कोट की थी। मामला जब बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी के सामने पहुंचा, तो पहले री-टेंडरिंग पर विचार किया गया। हालांकि, ठेकेदारों की दिक्कतों और एक्सपर्ट की सलाह पर बीएमसी ने लागत में रीमिट बढ़ोतरी को उचित माना। अधिकारियों के मुताबिक 14 से 18% तक लागत बढ़ाना व्यावहारिक समझा गया, जिसके बाद ठेका देने का रास्ता साफ हुआ।

हड़ताल से ठप वसई-विरार की सफाई

मांगों पर अड़े VVMC सफाईकर्मी, बिगड़ी व्यवस्था

■ NBT न्यूज, वसई : वसई-विरार मनपा के सफाई कर्मचारियों ने नए ठेकेदार की नियुक्ति और अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को एक दिन का काम बंद आंदोलन किया। इस आंदोलन में 500 से अधिक सफाई कर्मचारी शामिल हुए। बताया गया कि मनपा आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी द्वारा पुराने ठेकेदार का ठेका रद्द कर नए ठेकेदार की नियुक्ति के फैसले से कर्मचारियों में नाराजगी है। इसी के विरोध में सफाई कर्मियों ने काम ठप रखा। मनपा में पिछले कई वर्षों से सैकड़ों सफाई कर्मचारी ठेका पद्धति पर कार्यरत हैं, जो सड़क सफाई, कचरा संग्रह, दवा छिड़काव और नालों की सफाई जैसे अहम कार्य करते हैं।

कर्मचारियों के आरोप

कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पीएफ, ग्रेच्युटी और अन्य वैधानिक सुविधाएं अब तक नहीं मिली हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन की ओर से अनदेखी की जा रही है। मनपा ने 20 जनवरी से पुराने ठेकेदार का ठेका रद्द कर 2025-26 से 2030-31 तक के लिए पांच वर्षों हेतु नए ठेकेदार की नियुक्ति की है, जिसके बाद पुराने ठेकेदारों को काम बंद करने के आदेश दिए गए।

मंगलवार को वसई पश्चिम के साईनाथ नगर मैदान में कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारी गीतेश घरत ने कहा कि नए ठेकेदार से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन कर्मचारियों के वैधानिक लाभों को लेकर स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। समान वेतन, पीएफ, ग्रेच्युटी और मेडिकलिव्ह व दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को लाभ देने की मांग की गई।

हैंड ट्रांसप्लांट से जगी ज़िंदगी की उम्मीद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: साल का पहला हैंड ट्रांसप्लांट मुंबई में सफलतापूर्वक किया गया। गुजरात के राजकोट के 18 वर्षीय प्रियंक आघेरा की जिंदगी 13 महीने के इंतजार के बाद फिर से लौट आई। दर्शन दिपक्षीय हैंड ट्रांसप्लांट के बाद प्रियंक को फिर से आत्मनिर्भर बनने और अपने भविष्य के सपने देखने की ताकत मिली है।

- 13 महीने का इंतजार खत्म
- इस वर्ष का पहला हैंड ट्रांसप्लांट सफल

"हादसे के बाद लगा था सब खत्म हो गया, लेकिन डॉक्टरों ने आस जगाई। आगे का रास्ता मुश्किल है, लेकिन मैं फिर से आत्मनिर्भर बनने और भविष्य के बारे में सोचने का हौसला पा गया।
-प्रियांक आघेरा

प्रियंक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। जनवरी 2024 में खेत में काम करते समय ट्रैक्टर के ब्लेड में उनके दोनों हाथ बुरी तरह कुचल गए थे। इलेक्ट्रिकल इंजीनियर बनने का उनका सपना अचानक टूट गया और पढ़ाई थम गई। हैंड ट्रांसप्लांट के लिए मृत डेंट दाता का मिलना बहुत दुर्लभ होता है। जनवरी 2026 में सूरत की 50 वर्षीय महिला के परिजनों ने अंगदान की सहमति दी। महिला के हाथ महज 2 घंटे में मुंबई लाए गए और 9-10 जनवरी की रात 13 घंटे लंबी जटिल सर्जरी की गई। नानावटी मैक्स अस्पताल के प्लास्टिक और माइक्रोसर्जरी विशेषज्ञ डॉ. निलेश सातभाई ने इस सर्जरी का नेतृत्व किया।

ठाणे में वॉटर बिल का बकाया वसूली मुहिम

■ NBT न्यूज, ठाणे : ठाणे मनपा ने पानी के बकाया बिलों की वसूली का विशेष अभियान चलाया है। इसके तहत वॉटर बिल नहीं चुकाने वालों के वॉटर कनेक्शन काटने और मीटर रूम को सील करने की कार्रवाई शुरू की गई है। मनपा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली घरेलू जल आपूर्ति परियोजनाओं के बकाया भुगतान को चालू वर्ष की मांग के साथ एकमुश्त भुगतान करने पर प्रशासनिक शुल्कों (जुर्माना/ब्याज) पर 100% की छूट लागू की गई है। मनपा प्रशासन ने नागरिकों से बकाए पानी बिल पर लागू 100% छूट का लाभ अधिक से अधिक उठाने की अपील की है। मनपा के अनुसार जो नागरिक बकाए पानी के बिल को नहीं भरेंगे, उनके खिलाफ जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उनका वॉटर कनेक्शन काटने के साथ मीटर रूम को सील कर उनका पंप जब्त किया जाएगा।

CCTV गायब, शहर असुरक्षित

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उठे कई सवाल

■ सुरेंद्र नेगी, वसई: वसई-विरार में पुलिस ने आठ साल पहले व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और एनजीओ की मदद से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। इन कैमरों से अपराध रोकने, अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने, अपराधियों की पहचान करने और भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मदद मिलती थी। लेकिन तीन साल पहले मनपा ने शहर के चौराहों के सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान सारे सीसीटीवी कैमरे निकाल दिए, जिन्हें अब तक नहीं लगाया गया है। शहर में सीसीटीवी कैमरे न होने से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, खासकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं।

वसई-विरार में बढ़ते अपराध की पृष्ठभूमि को देखते हुए पुलिस ने 2018 में मनपा को सीसीटीवी लगाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन बजट अभाव के कारण वह रद्द हो गया।

सौंदर्यीकरण के कारण कैमरे निकाले गए

इसके बाद पुलिस ने 'एक कैमरा, शहर की सुरक्षा' योजना के तहत व्यापारियों, राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और एनजीओ की मदद से 2023 में मनपा के सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान सारे सीसीटीवी कैमरे निकाल दिए गए, जिससे सुरक्षा पर पुनः सवाल खड़े हो गए हैं। अब असामाजिक तत्व अपनी आपराधिक गतिविधियां फिर से शुरू कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि कैमरे नहीं हैं और पकड़े जाने का डर नहीं है। इसी तरह मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर पिछले साल वाईट टॉपिंग (कंक्रीटिंग) के दौरान हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी निकाल दिए गए, जो अब तक नहीं लगाए गए हैं। हाइवे पर कैमरे न होने से एक्सीडेंट मामलों में पुलिस को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के लगभग 500 चौक-चौराहों में कैमरे लगाए। इन कैमरों की वजह से कई अपराध सुलझाए गए और अपराधों में कमी आई।

बोर्ड परीक्षा से पहले नकलमुक्त अभियान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: फरवरी-मार्च 2026 में होने वाली दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को नकलमुक्त और पारदर्शी बनाने को राज्यभर के स्कूलों, जूनियर कॉलेजों में कॉपीमुक्त जागरूकता सप्ताह आयोजित करने के निर्देश महाराष्ट्र बोर्ड ने दिए हैं। यह अभियान 26 जनवरी, 2026 तक चलेगा।

26 जनवरी तक चलेगा जागरूकता सप्ताह

बोर्ड के अनुसार, बारहवीं की परीक्षा 10 फरवरी से 18 मार्च और दसवीं की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। हर साल सामने आने वाले नकल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग और अनुचित साधनों पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूल और जूनियर कॉलेज स्तर पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक कर नकलमुक्त परीक्षा की रणनीति साझा की जाएगी। स्टूडेंट्स को नकल न करने की शपथ दिलाकर परीक्षा नियमों व कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी।

छात्रों के मानसिक तनाव, स्वास्थ्य और परीक्षा की तैयारी को लेकर विशेषज्ञ मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पारदर्शी परीक्षा की दिशा में पहल

राज्य बोर्ड की यह पहल नकल पर अंकुश लगाने के साथ परीक्षाओं की विश्वसनीयता मजबूत करने की कोशिश है। करीब 31 लाख छात्रों से जुड़ी इन परीक्षाओं में ईमानदारी और पारदर्शिता शिक्षा व्यवस्था की साख के लिए जरूरी है।

SPOTLIGHT

भारत में कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और स्टेशनरी इंडस्ट्री : उभरता हुआ हाई-ग्रोथ सेक्टर

कॉर्पोरेट गिफ्टिंग समाधान, हाउसवेयर उत्पादों और स्टेशनरी सप्लाई के लिए भारत का सबसे बड़ा बी2बी मार्केटप्लेस इंडियन गिफ्ट्स एंड प्रीमियम एक्सपो में प्रदर्शित किया जाएगा। यह एक्सपो पीपीएस– पेन, पेपर एंड स्टेशनरी एक्सपो के साथ सह-आयोजित किया जा रहा है, जो 22 से 24 जनवरी 2026 तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी, मुंबई में आयोजित होगा।

भारत की गिफ्टिंग और स्टेशनरी इंडस्ट्री एक बड़े और निर्णायक बदलाव के दौर से गुजर रही है, जो पूरे वैल्यू चेन में निर्माताओं, वितरकों और व्यापारियों के लिए नए अवसरों को परिभाषित कर रहा है। जो मार्केट पहले बिखरा हुआ, कीमत-आधारित और मौसमी मांग पर निर्भर था, वह अब धीरे-धीरे एक संगठित, इनोवेशन पर आधारित इंडस्ट्री में बदल रहा है, जिसमें साल भर व्यापार की संभावनाएं हैं। निर्माताओं के लिए यह बदलाव अधिक अनुमानित, विस्तार योग्य और लाभ-केन्द्रित विकास के नए चरण की शुरुआत है।

पहले यह सेक्टर ज्यादा मात्रा, कम डिकरयों और त्योहारी सीजन पर निर्भर रहता था। अब इसके मांग का दायरा बढ़ गया है। कॉरपोरेट गिफ्टिंग, संस्थानों की खरीद, स्कूल-कॉलेज की सामग्री, प्रमोशनल प्रोडक्ट्स और कस्टमाइज्ड आइटम्स के कारण अब पूरे साल खरीद होती है, न कि सिर्फ कुछ मौकों पर। इससे निर्माताओं को बेहतर योजना बनाने, वितरकों को स्टॉक रखी तरीके से संभालने और व्यापारियों को बार-बार काम मिलने में मदद मिल रही है। उपभोक्ता भी अब केवल औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि सोच-समझकर चुने गए, अलग पहचान और ब्रांड को दर्शाने वाले उत्पादों को पसंद कर रहे हैं।

सबसे बड़ा बदलाव उत्पादों में भिन्नता पर बढ़ता जोर है। अब खरीदार केवल कीमत के आधार पर खरीद नहीं कर रहे हैं। डिजाइन, फिनिश, पैकेजिंग की गुणवत्ता, पर्यावरण के अनुकूलता और कस्टमाइजेशन की क्षमता जैसे पहलू निर्णायक बन गए हैं। इससे कारोबार का फोकस साधारण वस्तुओं के उत्पादन से हटकर वैल्यू-एडेड मैन्युफैक्चरिंग की ओर गया है। इसमें बेहतर कच्चा माल, ब्रांडेड पैकेजिंग, इको-फ्रेंडली सामग्री, डिजाइन आधारित उत्पाद और प्राइवेट लेबल समाधान आदि शामिल हैं। जो कंपनियां डिजाइन क्षमताओं और लचीली उत्पादन प्रणालियों में निवेश कर रही हैं, उन्हें ऑर्डर में स्थिरता और बेहतर मुनाफा मिल रहा है।

डिस्ट्रिब्यूशन की व्यवस्था भी तेजी से बदल रही है। संगठित रिटेल, कॉरपोरेट प्रोक्योरमेंट प्लेटफॉर्म और डिजिटल B2B मार्केटप्लेस के बढ़ने से पहुंच बढ़ी है और पारदर्शिता भी आई है। अब डिस्ट्रीब्यूटर केवल सामान पहुंचाने तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे समाधान देने वाले साझेदार बन रहे हैं, जो सही प्रोडक्ट चयन, तेज री-स्टॉक और बाजार की जानकारी ब्रांड्स और रिटेलर्स दोनों को उपलब्ध करा रहे हैं। खासतौर पर क्षेत्रीय डिस्ट्रीब्यूटर्स को टियर-2 और टियर-3 शहरों में बढ़ती मांग का लाभ मिल रहा है, जहां संस्थागत (इंस्टीट्यूशनल) और एमएसएमई सेक्टर की खपत लगातार बढ़ रही है।

"फैंसी स्टेशनरी और ऑफिस स्टेशनरी आज प्रभावी संचार माध्यम के रूप में उभरकर सामने आई हैं, जो किसी ब्रांड को पेशेवर दिनचर्या में शामिल हैं। जब डिजाइन में इनोवेशन की उपयोगिता, सस्टेनेबिलिटी और बेहतर क्वालिटी को जोड़ा जाता है, तो उत्पाद लंबे समय अपनी उपयोगिता बनाए रखते हैं। यह किसी कंपनी की निरंतरता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

दीपक सुराना, डायरेक्टर
श्री आदिनाथ मर्केंटाइल ऐंड एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

बड़े स्तर पर कस्टमाइजेशन अब विकास का एक अहम आधार बन गया है। प्रिंटिंग तकनीक में प्रगति, छोटे प्रोडक्शन रन और तेज डिलीवरी समय ने पर्सनलाइज्ड गिफ्टिंग को व्यावसायिक रूप से संभव बना दिया है। इससे उन ट्रेडर्स और कन्वर्टर्स के लिए नए आय के अवसर खुले हैं, जो लचीलापन और तेजी के साथ काम कर सकते हैं। कॉरपोरेट ग्राहक अब कम समय में ब्रांडिंग, पर्सनलाइजेशन और नियमों के पालन की अपेक्षा रखते हैं। ऐसे में ये कंपनियां आगे बढ़ रही हैं, जो सोर्सिंग, प्रिंटिंग और पैकेजिंग को कुशलता से एक साथ जोड़ने में सक्षम हैं।

टिकाऊपन (सस्टेनेबिलिटी) भी B2B फैसलों को प्रभावित करने वाला एक बड़ा कारक बन गया है। बड़े खरीदार अब पर्यावरण के अनुकूल सामग्री, रिसाइक्लेबल पैकेजिंग और नैतिक सोर्सिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं। निर्माताओं के लिए इसका मतलब कच्चे माल के चयन और सप्लाई चेन में बदलाव है, लेकिन इससे उन्हें उच्च मूल्य वाले कॉन्ट्रैक्ट और लंबे समय की साझेदारियों के अवसर भी मिल रहे हैं, जो डिस्ट्रीब्यूटर्स सस्टेनेबल उत्पादों पर ध्यान दे रहे हैं, उन्हें कॉरपोरेट और संस्थागत खरीदारों के बीच ज्यादा स्वीकृति मिल रही है।

भारत का गिफ्टिंग और स्टेशनरी मार्केट लगभग 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का आंका जा रहा है। आने वाले वर्षों में इसके 8 प्रतिशत से ज्यादा की वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़ने का अनुमान है। यह संकेत देता है कि B2B चैनलों में इस सेक्टर की मांग लंबे समय तक लगातार बनी रहने वाली है।

उत्पाद डिजाइन में इनोवेशन, टेक्नॉलजी आधारित पर्सनलाइजेशन और टिकाऊ निर्माण (सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन) ही विकास के अगले चरण को तय करेंगे। जो ब्रांड विश्वसनीय और प्रीमियम आकर्षण, परंपरा और आधुनिकता और बड़े पैमाने व कस्टमाइजेशन के बीच संतुलन बना पाएंगे, वही लीडरशिप की भूमिका में होंगे। जैसे-जैसे गिफ्टिंग और स्टेशनरी व्यक्तिगत अभिव्यक्ति (पर्सनल एक्सप्रेशन) और प्रोफेशनल ब्रांडिंग का अहम हिस्सा बनती जा रही है, भारत का यह बाजार केवल मात्रा से नहीं, बल्कि मूल्य, रचनात्मकता और अपनी दीर्घकालिक प्रासंगिकता से आगे बढ़ेगा।

ट्रेडर्स, निर्माताओं और डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए संदेश साफ है और वह यह है कि यह मार्केट अब सिर्फ अपने दायरे को बढ़ा ही नहीं रहा है, बल्कि परिपक्व भी हो रहा है। इस नए दौर में सफलता अनुकूलन क्षमता, इनोवेशन और लेन-देन से आगे सोचने पर निर्भर करेगी। जो कारोबारी बदलती खरीदार अपेक्षाओं के साथ खुद को ढालेंगे, वैल्यू एडिशन में निवेश करेंगे और मजबूत सप्लाई नेटवर्क बनाएंगे, वही भारत की गिफ्टिंग और स्टेशनरी इंडस्ट्री के अगले तेज विकास चरण का नेतृत्व कर पाएंगे।

INDIAN GIFTS & PREMIUM EXPO | PPS EXPO Pen, Paper & Stationery

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: cci Time: 01-20-2026 23:12 Color:

देश में पहली बार लिवर बाहर निकालकर किया कैंसर का इलाज

2 वर्षीय अफ्सा की 4.5 घंटे चली एक्स-सीटू लिवर ऑटो-ट्रांसप्लांट सर्जरी सफल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: परेल स्थित वाडिया चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल ने देश के चिकित्सा इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। अस्पताल के डॉक्टरों ने पहली बार सात में से सात की बच्ची पर एक्स-सीटू (शरीर के बाहर) लिवर कैंसर सर्जरी और लिवर ऑटो-ट्रांसप्लांट की है। सर्जरी में बच्ची का लिवर करीब 4.5 घंटे तक शरीर से बाहर रखा गया, कैंसरग्रस्त हिस्से को हटाया गया और फिर स्वस्थ लिवर को वापस शरीर में प्रत्यारोपित किया गया। इस अभूतपूर्व सर्जरी से मासूम की जान बच गई।

दो साल की अफ्सा को एटरांसड हेपाटोब्लास्टोमा (बच्चों में होने वाला गंभीर लिवर कैंसर) था। माँ ने पेट में सूजन देखी, जिसके बाद जांच में यह गंभीर बीमारी सामने आई। कैंसर लिवर के बीचों-बीच था और आसपास की प्रमुख रक्त नलिकाओं को जकड़े हुए था, जिससे सामान्य सर्जरी संभव नहीं थी। पारंपरिक ऑपरेशन या लिवर ट्रांसप्लांट दोनों ही संभव नहीं हो पा रहे थे। इस बीच कोई डोनर भी उपलब्ध नहीं था। ऐसी हालत में वाडिया अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने एक्स-सीटू सर्जरी करने का फैसला लिया। सर्जरी का अनुभव रखने वाले डॉ. वेरियस मिर्जा ने मेंटर की भूमिका निभाई। सर्जरी में उनके योगदान की बात डॉक्टरों ने कही है। डॉ. वेरियस ने बताया कि इस प्रकार की सर्जरी के लिए कम से कम 15 लाख रुपये का खर्च आता है, ये काफी जटिल सर्जरी थी। बेहतर समन्वय, प्रशिक्षित स्टाफ, अनुभवी हाथों और टीम एफर्ट के चलते सर्जरी सफल हुई।

परफ्यूजन मशीन का भी अहम रोल

ऑरेन ट्रांसप्लांट विभाग की प्रमुख और पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की प्रमुख डॉ. प्रज्ञा बेट्टे ने बताया कि अफ्सा की सर्जरी में परफ्यूजन मशीन की अहम भूमिका रही। यह मशीन चेन्नई स्थित "हयुरेट लाइफसायंसेज" कंपनी द्वारा विशुल्क उपलब्ध कराई। इस मशीन की एक दिन का किराया 3 से 3.5 लाख रुपये होता है।

गरीब अभिभावकों का अस्पताल बना सहारा

यूपी के मूल निवासी अफ्सा के पिता सद्दाम शेख मुंबई में लेबर का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि मेरे पास पैसे नहीं थे, लेकिन अस्पताल और डॉक्टरों ने पैसे भी जुटाए और मेरी बच्ची को नई जिंदगी भी दी। हम उनके शुक्रगुजार हैं।

महीने भर पहले तैयार किया सर्जरी का रोडमैप

अस्पताल के लिवर ट्रांसप्लांट और हेपेटोबिलियरी सर्जरी के प्रमुख डॉ. अभिषेक माथुर ने बताया कि इस मामले की जटिलता को देखते हुए मैंने एक महीने पहले से सर्जरी का स्टेप बाय स्टेप रोडमैप तैयार कर लिया था। हालांकि ऑटो ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी मैंने विदेश में की है, लेकिन इतनी छोटी बच्ची का ऑटो ट्रांसप्लांट नहीं किया था। बच्ची के लिवर को शरीर से बाहर निकालकर अत्याधुनिक ऑक्सिजन युक्त हाइपोथर्मिक मशीन पर रखा गया, ताकि उसे नुकसान न पहुंचे। फिर हमने कैंसर ग्रस्त लिवर के 70% हिस्से को हटाया और जटिल रक्त नलिकाओं का पुनर्निर्माण किया गया। शेष बचे स्वस्थ लिवर को वापस बच्ची के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया गया। इस दौरान दो टीमों ने एकसाथ काम किया। एक टीम बाहर मशीन पर रखे लिवर पर काम कर रही थी, जबकि दूसरी टीम बच्ची के शरीर में प्रमुख रक्त नलिकाओं का जटिल पुनर्निर्माण कर रही थी।

लोकल ट्रेन को राहत, एक्सप्रेस का रूट बदला

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सेंट्रल रेलवे ने सबअर्बन लोकल सेवाओं के शेड्यूल को बेहतर बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। CSMT से शुरू और समाप्त होने वाली दो एक्सप्रेस ट्रेनों को लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर डायवर्ट करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। सुबह के पीक समय में रेलवे लाइन पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। CSMT-तिरुनेलवेली और दादर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस अब LTT से चलेंगी। वहीं, CSMT-अमरावती और CSMT-नागपुर दुरंतो के समय में भी बदलाव किया गया है। हालांकि शेड्यूल लागू होने की तारीख अभी घोषित नहीं हुई है।

ये है बदलाव

- CSMT तिरुनेलवेली एक्सप्रेस, जो पहले रात 8.35 बजे CSMT से रवाना होती थी, अब LTT से रात 8.50 बजे चलेगी।
- दादर तिरुनेलवेली एक्सप्रेस, जो दोपहर 3.10 बजे दादर से अब LTT से दोपहर 3 बजे रवाना होगी।
- इसके अलावा, CSMT अमरावती एक्सप्रेस का समय भी बदल गया है। यह ट्रेन अब रात 8.10 बजे की बजाय रात 8.50 बजे चलेगी।
- CSMT नागपुर दुरंतो एक्सप्रेस भी अब शाम 7.55 बजे के बजाय रात 8.35 बजे रवाना होगी।

अंधेरीः नालंदा सोसायटी में डायरेक्टर पर चली गोलियां

डायरेक्टर राइटर नीरज मिश्रा बाल-बाल बचे

■ NBT रिपोर्ट, अंधेरी: ओशिवारा पुलिस क्षेत्र के लोखंडवाला बैक रोड स्थित नालंदा सोसायटी के बी विंग में क्षेत्रत लोगों ने राइटर, डायरेक्टर और एक्टर नीरज कुमार मिश्रा को निशाना बनाकर गोलियां चलाईं। हालांकि, जिस समय फायरिंग हुई, मिश्रा अपने फ्लैट में मौजूद नहीं थे। घटना के बाद से वे सोसायटी में कम ही नजर आ रहे हैं।

सोसायटी के चौकीदार के मुताबिक, मिश्रा का किसी से झगड़ा या दुश्मनी होने हुए नहीं देखा गया। वह यहां अकेले रहते हैं। इसे बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर रहने वाले एक मोटल में इस घटना में बाल-बाल बच गया। फायरिंग के वक्त वह घर से बाहर निकल चुके थे, जबकि गोलियां उसके कमरे की दीवारों को छूकर निकलीं (दरने की कोशिश या साजिश?

सूत्रों के अनुसार, गोलियां बी विंग के अंदरूनी हिस्से में दूसरी और चौथी मंजिल की दीवारों से टकराईं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हमला किसी गैर-पेशेवर ने सिर्फ डराने के इरादे से किया हो। वहीं, दबी जुबान में मिश्रा के पुश्तैनी गांव से जुड़े संपत्ति विवाद की भी चर्चा है। मंगलवार को ओशिवारा पुलिस की दो टीमें और मुंबई क्राइम ब्रांच की तीन टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब 50 सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है। कैमरे सोसायटी और आसपास की सड़कों पर लगे हैं। एक टीम ने पास स्थित कल्पतरु कंस्ट्रक्शन परिसर और आसपास की कंघी इमारतों से फायरिंग के संभावित एंगल की जांच की।

बाइक सवार की थ्योरी पर संशय

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शक है कि एक बाइक सवार हमलावर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे सोसायटी में घुसा और फायरिंग कर फरार हो गया। हालांकि, एडिशनल सीपी फामजीत सिंह दहिया ने इस थ्योरी से इनकार किया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से बुलेट जैसी नुकीली चीज और संदिग्ध निशानों के नमूने जुटाकर जांच शुरू कर दी है। ओशिवारा पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

विजयी उम्मीदवारों को विजय जुलूस पड़ सकता है भारी

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर : मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद भाईंदर (वेस्ट) में निकाले गए विजय जुलूस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मतगणना के दौरान पुलिस अधयुक्त द्वारा मतगणना केंद्र के 100 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल, नारेबाजी और विजय जुलूस पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया था।

निर्दलीय उम्मीदवार ने पुलिस में दर्ज कराई है BJP के विजयी उम्मीदवारों के खिलाफ शिकायत

इसके बावजूद प्रभाग क्रमांक 23 से भाजपा के विजयी उम्मीदवारों द्वारा ढोल-ताशों के साथ, गुलाल उड़ाते हुए खुले वाहन से जुलूस निकाले जाने का आरोप है।

इस मामले में निर्दलीय उम्मीदवार रोहित सुवर्णा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि निर्वाचन का उल्लंघन करते हुए जुलूस निकाला गया और उनके घर के सामने पटाखे भी फोड़े गए। इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया जा रहा है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो विजयी उम्मीदवारों पर कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा, जिससे उनका विजय जुलूस उन्हें भारी पड़ सकता है।

HC ने जरांगे के अराजक आंदोलन की दिलाई याद

धनगर समुदाय की आजाद मैदान में प्रदर्शन की मांग

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने धनगर समुदाय द्वारा आरक्षण की मांग को लेकर आजाद मैदान में एक दिन के प्रदर्शन की अनुमति मांगने पर पिछले साल के मनोज जरांगे पाटील के आंदोलन में हुई अराजकता को याद किया है। कोर्ट ने कहा कि मराठा आरक्षण की मांग को लेकर हुई भूख हड़ताल के दौरान प्रदर्शनकारियों ने शहर को बर्बाद कर दिया था और गंदगी को साफ किए बिना ही चले गए थे।

आजाद मैदान पुलिस स्टेशन ने धनगर समुदाय के प्रदर्शन के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसलिए दीपक बोरहाडे ने याचिका दायर की है। याचिका में 21 जनवरी को प्रदर्शन की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन कोर्ट ने याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन किसी भी दिन किया जा सकता है।

जस्टिस रविंद्र घुघे और जस्टिस अभय मंत्री की खंडपीठ ने कहा कि मराठा आरक्षण के संबंध में प्रदर्शन के लिए एक दिन की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी 6 दिनों तक मुंबई में रुके रहे। जरांगे ने पिछले साल 29 अगस्त, 2025 को आजाद मैदान में प्रदर्शन किया था।

गुजराती भाषा पर सियासी संग्राम

अधिसूचना पर विपक्ष हमलावर, प्रशासन ने खारिज किए आरोप

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: गुजरात से सटे पालघर जिले में गुजराती भाषा में अधिसूचना जारी होने को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस और उद्धव सेना ने इसे महाराष्ट्र पर गुजराती थोपने की साजिश बताया, जबकि पालघर जिला कलेक्टर के अधिकारियों ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

पालघर जिला प्रशासन की अधिसूचना से जुड़ा है पूरा मामला

दरअसल, पालघर जिला प्रशासन ने 19 और 20 जनवरी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा प्रस्तावित मेधों को देखते हुए एहतियातन कुछ सड़कों पर यातायात प्रतिबंध का आदेश जारी किया था। यह मूल आदेश मराठी भाषा में ही जारी हुआ था। प्रशासन के अनुसार, गुजरात से आने वाले वाहन चालकों की सुविधा के लिए उसी आदेश का गुजराती में अनुवाद किया गया और सीमवर्ती गांवों में प्रदर्शित किया गया।

विपक्ष की आलोचना: इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है और पालघर से गुजराती थोपने की कोशिश हो रही है। वहीं, उद्धव सेना के सांसद संजय राउत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से स्पष्टीकरण मांगते हुए सवाल उठाया कि क्या पालघर महाराष्ट्र का हिस्सा है या फिर बुलेट ट्रेन और कथावन बंदरगाह जैसे प्रोजेक्ट्स के बहाने उसे पड़ोसी राज्य से जोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने साफ किया कि मराठी भाषा के अस्तित्व या उसके महत्व को कम करने का कोई सवाल ही नहीं है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर गुजरात से बड़ी संख्या में वाहन आते हैं, ऐसे में यातायात प्रतिबंधों की जानकारी उन्हें भी देना जरूरी था। इसी कारण गुजराती अनुवाद किया गया, जिसे लेकर गलतफहमी फैल गई।

IIT बॉम्बे में 'मेंटल स्ट्रेंथ वीक' आयोजित

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: आईआईटी बॉम्बे में स्टूडेंट्स की मानसिक मजबूती, एकाग्रता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार मेंटल स्ट्रेंथ वीक का आयोजन किया गया।

संस्थान के निदेशक प्रो. शिरीष केदार के सुझाव पर शुरू यह आयोजन पूरे कैंपस में एक सप्ताह तक किया गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में 2,000 से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया। मेंटल स्ट्रेंथ वीक के तहत 'विवेकानंद ब्रांच विवेकानंद' डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। मेंटल स्ट्रेंथ और रेजिलिएंस विषय पर रोल्स प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस सप्ताह का प्रमुख आकर्षण माइंड विस्प प्रदर्शनी रही, जिसे स्टूडेंट वेलनेस सेंटर ने मनशक्ति सिमर्ग सेंटर के सहयोग से आयोजित किया। मेंटल स्ट्रेंथ वीक का समापन विशेष व्याख्यान से हुआ। इसमें पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. किरण बेदी और श्री शारदा मठ की वरिष्ठ साध्वी प्रज्ञानिका दिव्यानंदप्राणा ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया।

RTO चालान के नाम पर 9.71 लाख की ठगी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: साइबर अपराधियों ने आरटीओ चालान के नाम पर गेरंगांव के एक केमिकल व्यापारी से 9.71 लाख रुपये की ठगी की। बोरीवली नगर पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 16 दिसंबर को पीड़ित दीपक के वॉट्सएप नंबर पर 'RTO Challan.apk' नामक फाइल भेजी गई थी। जैसे ही दीपक ने फाइल डाउनलोड कर इंस्टॉल की, अपराधियों को उनके मोबाइल फोन का रिमोट एक्सेस मिल गया। अपराधियों ने उनके मोबाइल में मौजूद बैंकिंग एप और ओटीपी तक पहुंच हासिल कर ली। 21 दिसंबर को दीपक के बैंक खाते से तीन अलग-अलग अनधिकृत लेन-देन के जरिए कुल 9.71 लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने बोरीवली नगर पुलिस से संपर्क किया। एक साइबर पुलिस अधिकारी ने बताया कि 'एम-कवच 2' ऐप से मोबाइल सर्वेलेंस करने पर स्पाइवेयर की मौजूदगी पाई गई।

साइबर सेफ्टी टिप्स

- अनजान नंबर से किसी भी APK फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें।
- बैंकिंग ऐप्स में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और ट्रांजेक्शन अलर्ट हमेशा सक्रिय रखें।
- संदिग्ध गतिविधि दिखते ही तुरंत बैंक और नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचना दें।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत वैनुअल प्रणाली की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी वैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या: 1) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-मेंटूल-25-26-8686 कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल के अधिकार क्षेत्र के अधीन चाकुलू-कुंडीह/राउरकेला/बड़ाजामदा/निलगिरि/बालासोर झारी क्रेशरों पर 50 किलो, रोल के 152019 घन मीटर मशीन चूर्ण कई स्टोन क्रेशरमर की आपूर्ति एवं रेलवे केलोनीयों में लगाई (चार संस्करण चरण) **निविदा मूल्य:** ₹ 30,32,20,137.78/- **धरोहर राशि:** ₹ 16,66,1001- **क्रम संख्या: 2) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेल्ट-25-26-581 कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/वेल्ट/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन कालूडीह यार्ड पर सम्पन्न संख्या 215 के स्थान पर चार लोह एक्सेलों के नजदीक सबके का निर्माण **निविदा मूल्य:** ₹ 4,87,83,930.76/- **धरोहर राशि:** ₹ 3,93,900/- **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए) **खुलने की तारीख:** 09.02.2026 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए) निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है निविदाएंतथा/कोलीटाओं के पास जमा-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। किसी पंजीकृत निविदाकार/कोलीटाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने समय सभी सम्बन्धित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **इसलिए:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदाकारों को नि:शुल्क जारी किये जायेंगे (प्रतिबंधित: रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I / सीटी/3ई/सीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-5879)

ई सी जी सी लिमिटेड (पूर्व नाम एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड)

पंजीकृत कार्यालय: ईसीजीसी भवन, सीटीएस संख्या 393, 393/1 से 45, एन. सी. रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400069, महाराष्ट्र, CIN: U74999MH1957GOI010918, आईआरडीए पंजीकरण संख्या - 124

प्रस्ताव हेतु आवेदन (आरएफपी)

ईसीजीसी लिमिटेड एक सार्वजनिक क्षेत्र की निर्यात ऋण बीमा कम्पनी है जो निम्न हेतु पात्र प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव फर्म से सीलबंद तकनीकी तथा वित्तीय निविदाएं आमंत्रित करता है -

"तीन वित्तीय वर्षों की अवधि के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा करने और इसी तरह की अन्य सेवाएं प्रदान करने हेतु एक प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी फर्म की नियुक्ति"

निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी, 2026 को दोपहर 3:00 बजे है।

विस्तृत आरएफपी हेतु हमारी वेबसाइट www.ecgc.in पर जाएं। यदि कोई परिशिष्ट/शुद्धिपत्र होता है, तो इसका प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जाएगा।

ECGC/HO/04/25-26

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना- संशोधन दिनांक : 19.01.2026

निविदा सूचना क्रमांक: WCR-BPL-W-25-26-S-25-130 Dated 03-01-2026, कार्य भाग ए) एसएसई (पी.डब्ल्यू) खंडवा के अंतर्गत ट्रैक की विशिष्ट पी.ए. मरम्मत और रखरखाव, भाग बी) एसएसई (पी.डब्ल्यू) विश्रकिया के अंतर्गत ट्रैक की विशिष्ट पी.ए. मरम्मत और रखरखाव और भाग सी) एसएसई (पी.डब्ल्यू) हरदा के अंतर्गत ट्रैक की विशिष्ट पी.ए. मरम्मत और रखरखाव हेतु का पहला संशोधन । उपर्युक्त कार्य के लिए इस कार्यालय निविदा सूचना क्रमांक: WCR-BPL-W-25-26-S-25-130 Dated 03-01-2026 द्वारा सिंगल पैकेट सिस्टम पर निविदा आमंत्रित की गई थी। जैसा कि नीचे बताया गया है, आगे का संशोधन निविदा सूचना में प्रकाशित किया जा रहा है :

मौजूदा विवरण	इसे निम्नानुसार पढ़ा जाएगा
Tender Closing Date: 28/01/2026 Time 15:30	Tender Closing Date: 02/02/2025 Time 15:30
Bidding Start Date: 14/01/2026	Bidding Start Date: 19/01/2026

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

तेजस एक्सप्रेस का प्रेशर हुआ कम, प्रभावित हुई लोकल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: आईआरसीटीसी द्वारा चलाई जाने वाली S2902 IRCTC तेजस एक्सप्रेस में मंगलवार को कांटिवली और मालाड के बीच उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से ट्रेन वहां रुक गई। नतीजन लोकल ट्रेन एक के पीछे एक खड़ी नजर आईं और यात्री पटरी पर चलने लगे। मिली जानकारी के अनुसार, यह गड़बड़ी दोपहर 01:07 से 01: 37 तक प्रभावित रही। आईआरसीटीसी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ट्रेन चलाने के लिए लगने वाला प्रेशर कम होने की वजह से तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई थी। मंगलवार को पश्चिम रेलवे पर 102 लोकल पहले से रद्द थी और उसके बीच उत्पन्न हुई यह समस्या ने लोगों को अधिक प्रभावित किया।

कांटिवली और मालाड स्टेशनों के बीच आई तकनीकी खराबी

IDBI BANK आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टावर, कफ परेड, मुंबई-400005

CIN No: L65190MH2004GOI148838

(1) फ्रायरसीन एनालाइजर और बैच मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर की खरीद और रखरखाव के लिए आरएफपी

(2) डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट (डीपीडीपीए) 2023 के अनुसार डेटा प्राइवेसी फ्रेमवर्क को लागू करने के लिए सिस्टम इंटीग्रेटर (एसआई) की ऑनबोर्ड करने हेतु आरएफपी

आईडीबीआई बैंक उपरोक्त समाधान हेतु पात्र कोलीटाओं से सीलबंद बोली आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.idbi.bank.in (नोटिस और टेंडर) देखें।

नोट: उपरोक्त आरएफपी के संबंध में कोई और परिष्टि/सुधार/तारीखों का विस्तार/स्पष्टीकरण/कोलीटाओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। समाचार पत्रों में इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः कोलीटाओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें।

BMC अस्पताल में पेशेंट असिस्टेंस योजना पर ब्रेक!

विवाद के बाद स्वास्थ्य सहायता प्रणाली की निविदा रद्द

■ NBT रिपोर्ट मुंबई: केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का एकीकृत लाभ मुंबई के आम मरीजों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रस्तावित 'इंटिग्रेटेड पेशेंट्स हेल्थकेयर स्कीम्स असिस्टेंस' (इफ्सा) प्रणाली के टेंडर को रद्द कर दिया है। टेंडर की शर्तों और नियमों से नाखुश एक पार्टी ने कोर्ट में याचिका दायर की। इस विवाद के बाद बीएमसी ने टेंडर ही रद्द कर दिया।

इफ्सा प्रणाली के जरिए महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ईएसआईसी, विभिन्न सहायता निधि, दुर्लभ बीमारियों की योजना, सीजीएचएस, सड़क दुर्घटना पीड़ित मरीज योजना और कर्मचारियों की समूह बीमा योजना जैसी कई स्वास्थ्य योजनाओं को एक ही मंच पर जोड़ा जाना था। इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि बीएमसी के अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती होने वाले प्रत्येक पात्र मरीज को अलग-अलग योजनाओं के लिए भटकना न पड़े और उसे कैशलेस उपचार का लाभ मिल सके। इस प्रस्ताव को बीएमसी कमिश्नर ने स्वीकृति दी थी।

तीन बार बढ़ी समय सीमा: बीएमसी ने 29 सितंबर, 2025 को इफ्सा प्रणाली के लिए निविदा जारी की थी। इसके बाद 13 अक्टूबर, 2025 को प्री-बिड बैठक आयोजित कर निविदा शर्तों में कुछ संशोधन कर प्रकाशित किया गया। पहले अंतिम तिथि 15 नवंबर, 2025 तय की गई थी, लेकिन निविदा प्रक्रिया को अपेक्षित प्रतिसाद नहीं मिलने के कारण 25 नवंबर, 9 दिसंबर और 16 दिसंबर तक तीन बार इसकी समय-सीमा बढ़ाई गई। 16 दिसंबर को तीन निविदाकारों ने निविदा में भाग लिया। इस बीच मेसर्स सेंटा इंटरप्राइजेज ने निविदा की कुछ शर्तों में शिथिलता की मांग करते हुए बीएमसी को कई बार पत्र दिए। प्रशासन के इन मांगों पर विचार न किए जाने के बाद संबंधित कंपनी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी। बीएमसी ने इस संबंध में हाई कोर्ट में हलफनामा दिया। 17 फरवरी को अगली सुनवाई है। हालांकि, कोर्ट में सुनवाई से पहले ही बीएमसी ने इफ्सा की पूरी निविदा प्रक्रिया रद्द करने का निर्णय लिया है।

टेंडर की शर्तों से नाखुश एक पार्टी ने कोर्ट में दायर की थी याचिका

MU की शीतकालीन परीक्षाएं फिर टली, नई तारीखें जारी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पहले मनपा चुनाव, अब जिला परिषद चुनाव के चलते मुंबई यूनिवर्सिटी ने शीतकालीन परीक्षाओं की तारीखें दोबारा बदली हैं।

यूनिवर्सिटी के मुताबिक, अब 17, 18 20 और 21 फरवरी को यह परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यूनिवर्सिटी द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक, 4 फरवरी की सभी परीक्षाएं अब 17 फरवरी को होंगी। इसी तरह से 5 फरवरी की सभी परीक्षाएं अब 18 फरवरी को होंगी। वहीं 6 जनवरी की परीक्षाएं 20 फरवरी और 7 फरवरी की परीक्षाएं 21 फरवरी को होंगी। पहले यह परीक्षाएं 14, 15, 16 और 7 फरवरी को होनी थी। लेकिन मनपा के चलते इन्हें आगे बढ़ाया गया था। अब जिला परिषद चुनाव के चलते परीक्षाओं की तारीख फिर आगे बढ़ाई गई है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने साफ किया है कि परीक्षा का समय पहले जैसा रहेगा। केवल तारीखों में बदलाव है। परीक्षा मंडल की निदेशक प्रोफुल्ला पैठणे ने कॉलेजों के प्रिंसिपल, विभाग प्रमुखों, उपकेंद्रों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित तारीखों की जानकारी स्टूडेंट्स,संबंधित स्टाफ तक तुरंत पहुंचाई जाए।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

जारी किए गए कारण बताओ नोटिस (एससीएन) की सूचना

विजेश कुरानी और अन्य द्वारा फ्रंट रनिंग के मामले में दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को कारण बताओ सूचना (एससीएन) सं. सेबी/एचओ/क्यूजेसी/क्यूजेसी-1/पी/ओडब्लू/2025/0000026140 आदेश पारित किया गया।

उक्त सूचना नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित एंटिटी के अंतिम ज्ञात पते पर तामील नहीं की जा सकी।

एंटिटी का नाम	एंटिटी का पैन नंबर	एंटिटी का पता
रेखा अरुण कुरानी	AQCPK5061H	502, कोठारी अपार्टमेंट, दादाभाई रोड, भगत सिंह गार्डन के पास, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र, भारत - 400056
		404, प्रिया अपार्टमेंट, ए-विंग, मेन कस्तूरबा रोड, बोरीवली (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र।
धारिणी कुरानी	DAEPK6510G	502, कोठारी अपार्टमेंट, दादाभाई रोड, भगत सिंह गार्डन के पास, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र, भारत - 400056
		404, प्रिया अपार्टमेंट, ए-विंग, मेन कस्तूरबा रोड, बोरीवली (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र।

उक्त नोटिसों को एतद्द्वारा सलाह दी जाती है, कि वे उक्त सूचना (एससीएन) अर्ध-न्यायिक कक्ष -1, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, सेबी भवन II, प्लॉट सी-7, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 से प्राप्त करें। एंटिटी से यह भी अनुरोध है कि वह उक्त सूचना की प्रति mohitac@sebi.gov.in / pilshree@sebi.gov.in पर एक अनुरोध भेजकर भी प्राप्त करें।

दिनांक: जनवरी 12, 2026
स्थान: मुंबई

पी.एल.लीना श्री
उप महाप्रबंधक

CBC 15204/11/0220/2526

पश्चिम रेलवे की मुंबईकरों के लिए सौगात!

26.01.2026 से 12 नई एसी लोकल सेवाएँ शुरू की जाएँगी

अप (UP) दिशा

से	तक	प्रस्थान	आगमन	मोड
सोरोंगांव	चर्चगेट	05:14	06:11	धीमी
बोरीवली	चर्चगेट	07:25	08:20	तेज
विरार	चर्चगेट	10:08	11:27	धीमी
चर्चगेट	चर्चगेट	12:44	13:48	तेज
विरार	चर्चगेट	15:45	17:09	धीमी
सोरोंगांव	चर्चगेट	19:06	20:01	धीमी

डाउन (DOWN) दिशा

से	तक	प्रस्थान	आगमन	मोड
चर्चगेट	बोरीवली	06:14	07:19	धीमी
चर्चगेट	विरार	08:27	09:51	तेज
चर्चगेट	चर्चगेट	11:30	12:31	तेज
चर्चगेट	विरार	13:52	15:36	धीमी
चर्चगेट	सोरोंगांव	17:57	18:51	धीमी
चर्चगेट	सोरोंगांव	20:07	21:02	धीमी

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

हमें साझा करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

नालासोपारा में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : पेलार पुलिस स्टेशन क्षेत्र के पेलार गांव में सोमवार शाम को 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार दहिसर स्थित केतकी पाडा निवासी चार मोहम्मद अली शेख (56) का पेलार स्थित टोमरपाडा इलाके में छोटा सा कारखाना है। मंगलवार को उसका बड़ा बेटा इस्माईल शेख (20) कारखाने में अकेला था तभी उसने अज्ञात कारणों से कारखाने की छत पर लगे लोहे के पाइप पर वायर बांधकर फांसी लग

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: cci Time: 01-20-2026 23:14 Color:

'खुद को कैसे लिख रहे शंकराचार्य'

अविमुक्तेश्वरानंद को प्रशासन ने थमाया नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

माघ मेला प्रशासन और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के बीच का विवाद अब पदवी तक पहुंच गया है। मेला प्रशासन ने शंकराचार्य को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य पद पर फैसला आने तक पट्टाभिषेक पर रोक है। जब तक कोर्ट अपील निस्तारित नहीं करता या पट्टाभिषेक के संबंध में आदेश नहीं देता, तब तक साफ है कि किसी धर्माचार्य का ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य पद पर पट्टाभिषेक नहीं हुआ है। 'आप माघ मेले में अपने शिविर में बोर्ड पर खुद को ज्योतिष्पीठ का शंकराचार्य कैसे लिख सकते हैं' सोमवार रात सवा 12 बजे सेक्टर-4 के कानूनगो शंकराचार्य के शिविर नोटिस लेकर पहुंचे थे। सुबह गेट

अविमुक्तेश्वरानंद के वकील बोले- पदवी के प्रयोग पर रोक नहीं

पर नोटिस चस्पा कर दिया गया।

शंकराचार्य के वकील बोले- पदवी के प्रयोग पर रोक नहीं : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अधिवक्ता डॉ. पीएन मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। दावा किया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ही ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य हैं। उनके नाम से रजिस्टर्ड वसीयत है। अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की गलत व्याख्या कर गुमराह किया है। वह प्रशासन को नोटिस भेजेंगे। कहा- मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का हवाला दिया है, उसमें सिर्फ पट्टाभिषेक पर रोक है, शंकराचार्य पदवी के प्रयोग पर नहीं।

मेले में कई लोगों को शंकराचार्य लिखकर शिविर आवंटित हुए, लेकिन उन्हें नोटिस नहीं मिला। पिछले साल महाकुंभ की स्मारिका में मेरी फोटो 'जगतगुरु शंकराचार्य' पदवी के साथ प्रशासन ने प्रकाशित कराई थी। -स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

कांग्रेस हमलावर

इस मामले में कांग्रेस के मीडिया व पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना करने की राजा के तौर पर शंकराचार्य को शाही स्नान से रोका गया और अब उनकी धार्मिक पहचान पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। क्या अब प्रशासन तय करेगा कि कौन शंकराचार्य है, कौन नहीं?

कैसे चुने जाते हैं शंकराचार्य, क्या है परंपरा?

नई दिल्ली : हिंदू धर्म में शंकराचार्य कौन होते हैं, इनका क्या महत्व है और इनको चुना कैसे जाता है, क्या है परंपरा? इसको लेकर आपके मन में कई सवाल होंगे। आइए जानते हैं इसकी पूरी प्रक्रिया...



NBT EXPLAINER

Q कैसे, कहां से शुरुआत?

हिंदू दार्शनिक और धर्मगुरु आदि शंकराचार्य ने इस पद की शुरुआत की थी। सनातन परंपरा की रक्षा के लिए आदि शंकराचार्य ने देश के चारों कोनों में 4 मठ स्थापित किए। पूर्व में ओडिशा स्थित गोवर्द्धन मठ (पुरी), पश्चिम में गुजरात स्थित शारदा मठ (द्वारिका), उत्तर में उत्तराखंड स्थित ज्योतिर्मठ (बद्रिकाश्रम) और दक्षिण में कर्नाटक स्थित शृंगेरी शारदा पीठ (चिकमगलूरु)। चार शिष्यों को इनका प्रमुख बनाया, जिनको शंकराचार्य कहा गया। शंकराचार्य हिंदू धर्म में सर्वोच्च धर्मगुरु हैं और बौद्ध धर्म के दलाईलामा, ईसाई धर्म के पोप के बराबर माने जाते हैं।

Q कौन बनता है, क्या है अनिवार्य योग्यता?

शंकराचार्य बनना आसान नहीं है। इसके लिए शास्त्र को सिर्फ धार्मिक ही नहीं, बल्कि बौद्धिक रूप से भी श्रेष्ठ होना चाहिए। किसी भी पीठ के शंकराचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया बेहद सख्त और शास्त्रसम्मत होती है। आदि शंकराचार्य ने अपने 'मठाम्नाय' और 'महानुशासन' नाम के दो ग्रंथों में इसका जिक्र किया है। इन धर्म ग्रंथों को चारों मठों का 'संविधान' भी माना जाता है। शंकराचार्य बनने के लिए उम्मीदवार को ब्राह्मण और दंडी संन्यासी होना अनिवार्य है। जो हमेशा पवित्र दंड धारण करते हैं, उनको दंडी संन्यासी कहा जाता है। गृहस्थ जीवन, परिवार, रिश्तेदार और धन का पूरी तरह से त्याग करना होता है। मुंडन, पिंडदान और रुद्राक्ष धारण करना अहम माना जाता है। इसके अलावा शंकराचार्य के उम्मीदवार को चारों वेदों, छह वेदांगों, उपनिषदों और पुराणों का प्रकांड ज्ञाता होना चाहिए। साथ ही वह धार्मिक शास्त्र-तर्क (शास्त्रार्थ) में पारंगत और कुशल वक्ता हो। जितेंद्रिय होना चाहिए, यानी जिसका अपनी इंद्रियों और मन पर पूरी तरह से कंट्रोल हो।

Q किसे कहते हैं मठ? मठ या पीठ उसे कहा जाता है, जहां गुरु अपने शिष्यों को आध्यात्मिक शिक्षा और उपदेश देते हैं। मठ के जरिये सामाजिक सेवा, धर्म का प्रचार और साहित्य से संबंधित काम भी किए जाते हैं।

Q क्या है चयन के मानक?

किसी पीठ के शंकराचार्य का चयन करने के दो तरीके होते हैं। पहला, शंकराचार्य अपने रहते हुए ही किसी योग्य शिष्य को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दें। दूसरा, यदि किसी मठ के शंकराचार्य बिना उत्तराधिकारी घोषित किए अपनी देह त्याग देते हैं, तो अन्य तीन पीठों के प्रमुखों की सहमति ली जाती है। इसके अलावा इसमें काशी विद्वत परिषद, भारत धर्म महामंडल और अलग-अलग अखाड़ों के प्रमुख (महामंडलेश्वर) की भूमिका भी अहम हो जाती है। सभी लोग मिलकर योग्य संन्यासी के नाम पर मुहर लगाते हैं।

Q 'पट्टाभिषेक' का मतलब?

जब जब शंकराचार्य चुन लिया जाता है तो एक भव्य धार्मिक आयोजन होता है। इसे 'पट्टाभिषेक' कहते हैं। इस दौरान उम्मीदवार को विशेष दीक्षा दी जाती है। उनको पीठ के अधिष्ठाता देवता की गद्दी पर बैठाया जाता है। जल, दूध, दही और घी आदि से उनका अभिषेक होता है। उन्हें छत्र, तंबर और चादर आदि प्रतीक सौंपे जाते हैं। अभिषेक के बाद वह अपने नाम के साथ विशेष पदवी जोड़ते हैं। मसलन, ज्योतिर्मठ के लिए गिरि, पर्वत और सागर, शारदा मठ के लिए तीर्थ, आश्रम, गोवर्धन मठ के लिए आरण्य और श्रृंगेरी मठ के लिए भारती, सरस्वती और पुरी।

सबरीमला गोल्ड केस में छापेमारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केरल के सबरीमला मंदिर में गोल्ड और दूसरी संपत्तियों की कथित हेराफेरी के मामले में एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने मंगलवार को केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में 21 जगहों पर छापे मारे। यह एक्सन प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि केरल पुलिस की ओर से दर्ज कई FIR के आधार पर ED ने 9 जनवरी को PMLA के तहत केस दर्ज किया था। मंगलवार को मुख्य आरोपित उन्नीकृष्णन पोट्टी से जुड़ी जगहें पर बेंगलुरु में छापे मारे गए। साथ ही, त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ए पद्मकुमार के केरल स्थित परिसरों पर भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा कुछ जूलर्स के परिसरों पर भी छापे मारे गए।

मनी लॉन्ड्रिंग केस: कई राज्यों में छापा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ईडी ने 655 करोड़ के फर्जी GST इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) क्लेम के कथित फर्जीवाड़े में झारखंड, कोलकाता और मणिपुर में छापे मारे। कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत की जा रही है। इस मामले के तार अरुणाचल प्रदेश से जुड़े हैं। कई फर्मों ने फर्जी बिलों के जरिये ITC जेनरेट किया और क्लेम भी कर लिया, जबकि उन्होंने किसी वस्तु या सेवा की सप्लाई नहीं की थी।

सबसे युवा अध्यक्ष, BJP में नवीन युग की शुरुआत

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

Photos: PTI

■ **नई दिल्ली:** बीजेपी के नए युग की मंगलवार को शुरुआत हुई और नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपना पद संभाला। नितिन नवीन अब तक के सबसे यंग राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। जिस साल यानी 1980 में बीजेपी की स्थापना हुई, उसी साल नितिन नवीन का जन्म भी हुआ और अब वह पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। 45 साल की उम्र में अध्यक्ष बनने वाले नितिन नवीन बिहार से आते हैं और पहली बार बिहार से बीजेपी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बीजेपी के सीनियर नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी सहित कई सीनियर नेताओं की मौजूदगी में नितिन नवीन ने अपना कार्यभार संभाला। इससे पहले उन्होंने दिल्ली के करोल बाग स्थित झंडेवालान देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में भी माथा टेका। नितिन नवीन बीजेपी के 12वें अध्यक्ष बने।

नए अध्यक्ष ने गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में भी माथा टेका

नितिन नवीन को बताया युवा ऊर्जा का प्रतीक: बीजेपी हेडक्वार्टर में पीएम नरेन्द्र मोदी ने नितिन नवीन को बधाई दी। मोदी ने नवीन को युवा ऊर्जा और संगठन में व्यापक अनुभव वाला एक मिलेनियल बताया और कहा कि वे पार्टी के लिए बहुत मददगार साबित होंगे। अपने 40 मिनट के भाषण में पीएम ने बार-बार नवीन को 'भतनीजे' कहकर संबोधित किया। मोदी ने अपने 11 साल में किए गए कामों को गिनाया और फिर कहा कि मैं भी एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में नए अध्यक्ष को अपने काम का हिसाब दे रहा था। मैंने अपना हिसाब दे दिया है। मैं उनके मार्गदर्शन की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मोदी ने कहा कि नए अध्यक्ष का हर शब्द हमें एक नई दिशा देगा। पीएम ने कहा कि नए बीजेपी अध्यक्ष उस युग से ताल्लुक रखते हैं जिसमें लोग बचपन में रेडियो पर खबरें सुनते थे और अब एआई का उपयोग करने में माहिर हैं।

पीएम ने कांग्रेस पर भी साधा निशाना: कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे देश की सबसे पुरानी पार्टी द्वारा की गई गलतियों से सबक लें और उन्हें दोहराने से बचें। मोदी ने कहा कि 1984 में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 50% से अधिक मतों के साथ 400 से ज्यादा सीटें जीती थीं। लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा पार करने के लिए तरस रही है। मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की उन बुरी प्रवृत्तियों की पहचान करने को कहा, जिन्होंने पार्टी को आत्म-विनाश के कगार पर पहुंचा दिया।

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, हमारा SIR आदेश विधायी स्वरूप का है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) से संबंधित उसका आदेश विधायी प्रकृति का है, जो माइंडिंग सिद्धांत निर्धारित करता है और आवश्यक दस्तावेजों का प्रावधान करता है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच बिहार सहित कई राज्यों में कराए गए एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं के समूह पर अंतिम सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी ने यह दलील दी कि हमारा एसआईआर आदेश विधायी स्वरूप का है। यह सिद्धांतों और निर्धारित दस्तावेजों का एक संपूर्ण स्ट्रक्चर पेश करता है। यह एक सामान्य आदेश है, जो असम के मामले को छोड़कर पूरे देश में लागू होता है। चुनाव आयोग की ओर से द्विवेदी ने उन कानूनी व्यवस्थाओं का उल्लेख किया जो मतदाता सूचियों की तैयारी और पुनरीक्षण को नियंत्रित करती हैं और चुनाव संचालन को रेगुलेट करती हैं। उन्होंने साफ किया कि एसआईआर प्रक्रिया इस धारणा पर आधारित नहीं है कि प्रत्येक मतदाता को दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना ही होगा। ऐसा नहीं है कि किसी भी प्रकार की अनुमानित वैधता बिल्कुल ही नहीं दी गई है। मामले की सुनवाई बुधवार को भी जारी रहेगी।

मोहम्मद शमी बोले, SIR में सभी सहयोग करें

■ पीटीआई, कोलकाता: भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी मंगलवार को पश्चिम बंगाल में चल रही SIR प्रक्रिया के तहत अपनी सुनवाई के लिए कोलकाता में चुनाव अधिकारियों के सामने पेश हुए। शमी दक्षिण कोलकाता के विक्रमगढ़ इलाके के एक स्कूल में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए। सुनवाई के बाद उन्होंने कहा कि एसआईआर सभी की जिम्मेदारी है और इसमें सहयोग करना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि शमी के प्रपत्र में कुछ गड़बड़ियां थीं, इसलिए उन्हें तलब किया गया। शमी पिछले 25 साल से कोलकाता में रह रहे हैं।



असम में हिंसक झड़प, एक की मौत के बाद इंटरनेट बैन

■ भाषा, कोकराझार/गुवाहाटी

PTI

असम के कोकराझार जिले में मंगलवार को भीड़ की हिंसा के बाद कथित तौर पर बोडो और आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच झड़पें हुईं, जिसमें एक शख्स की मौत हो गई। इस दौरान भीड़ ने घरों और पुलिस चौकी में आग लगा दी। हालात संभालने के लिए मौके पर रैपिड ऐक्शन फोर्स (RAF) लगानी पड़ी। एहतियातन अगले आदेश तक जिले में इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगा दी गई है।

गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात बोडो समुदाय के तीन लोगों को ले जा रहे एक वाहन से दो आदिवासियों को टक्कर लग गई थी। आरोप है कि इसके बाद आदिवासी ग्रामीणों ने तीनों बोडो लोगों के साथ मारपीट की और वाहन को आग लगा दी। इससे वाहन सवार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उनको अस्पताल ले जाया गया, जहां एक शख्स की मौत हो गई। बाकी झुलसे लोगों का कोकराझार मेडिकल कॉलेज में उनका इलाज जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार को स्थिति तब और बिगड़ गई, जब बोडो और आदिवासी समुदायों ने करीगांव चौकी के पास हाइवे को जाम कर दिया। टायर और कुछ घरों को जला दिया। एक सरकारी दफ्तर में आग लगा दी और करीगांव पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए रैपिड ऐक्शन फोर्स को तैनात किया गया है। गृह विभाग ने भड़काऊ संदेश और अफवाह फैलाने के लिए किए जाने की आशंका को देखते हुए अगले आदेश तक जिले में इंटरनेट/मोबाइल डेटा सेवा को निलंबित कर दिया है।

गाड़ी से टक्कर के बाद आमने-सामने आए दो समुदाय के लोग

जैश के आतंकियों ने बंकर में पूरे महीने छुपने का जुटाया था राशन

■ NBT रिपोर्ट: सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दुर्गम पहाड़ी इलाके में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (JeM) के आतंकियों का सर्दियों के लिए तैयार किया गया बंकर सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद उजागर किया है। इस बंकर में महीनों तक रहने की पूरी तैयारी की गई थी।

बंकर को पत्थरों से इस तरह ढंका गया था कि बाहर से पहचानना बेहद मुश्किल था। अंदर से बड़ी मात्रा में राशन और जरूरी सामान मिला है। TOI की रिपोर्ट के मुताबिक, बंकर में 50 पैकेट नूडल्स, 20 किलो चावल, दाल, गेहूं, बाजरा, टमाटर और आलू की पूरी पेटी, करीब 15 तरह के मसाले, दो बड़े LPG सिलिंडर, गैस बर्नर और सूखी लकड़ी बरामद हुई। यह बंकर उस इलाके में मिला जहां सेना और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी। इस ऑपरेशन में एक पैरा कमांडो ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जबकि कई अन्य जवान घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल पैरा दूसरे ने बाद में दम तोड़ दिया था। इसके अलावा, इलाके के टैरान स्पेशल फोर्स के हवलदार गजेंद्र सिंह भी शहीद हो गए थे। यह मुठभेड़ रविवार को किश्तवाड़ के चतरू क्षेत्र के सोनर गांव, मंढाल-सिंहपोरा के पास शुरू हुई थी। आतंकियों की ओर से अचानक किए गए ग्रेनेड हमले में 8 जवान घायल हो गए थे। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, घने जंगल और रात के अंधेरे के कारण ऑपरेशन को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा था, जिसे सोमवार सुबह फिर से शुरू किया गया था। सेना की वज्र नाइट कोर ने बताया कि ऑपरेशन 'त्रशी-1' अभी जारी है। इलाके में घेरा और कड़ा कर दिया गया है। सेना, पुलिस और CRPF की टीमें ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकी अब भी इलाके में छिपे हो सकते हैं। गौरतलब है कि यह इस साल जम्मू क्षेत्र में तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले जनवरी में कठुआ और बिलावर के जंगलों में भी आतंकियों के साथ मुठभेड़ हो चुकी है। गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र में सतर्कता और बढ़ा दी है।

आतंकियों ने बंकर में सिलिंडर, नूडल्स, सब्जियां, मसाले सब रखे हुए थे



तमिलनाडु में राज्यपाल बनाम सरकार, अभिभाषण पर टकराव, माइक बंद हुआ

■ पीटीआई, चेन्नै

तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने मंगलवार को विधानसभा में डीएमके सरकार द्वारा तैयार परंपरागत अभिभाषण पढ़ने से इनकार कर दिया। लोकभवन के अनुसार, अभिभाषण में कई 'अप्रमाणित दावे और भ्रामक बयान' शामिल थे, इसलिए राज्यपाल ने इसे पढ़ना उचित नहीं समझा।

राज्यपाल के बिना संबोधन दिए सदन से बाहर निकलने के कुछ ही मिनट बाद मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसे पारित कर दिया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि केवल सरकार द्वारा तैयार परंपरागत अभिभाषण को ही विधानसभा के आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा।

इसके बाद लोकभवन ने सदन के भीतर हुई घटनाओं को लेकर एक विस्तृत बयान जारी किया। बयान में आरोप लगाया गया कि राष्ट्रगान का एक बार फिर 'अपमान' किया गया। राज्यपाल ने अभिभाषण की शुरुआत में राष्ट्रगान बजाने की मांग की थी, जबकि राज्य सरकार का कहना था कि परंपरा के अनुसार, शुरुआत में तमिल थाई वाल्थु और अंत में राष्ट्रगान बजाया जाता है।

234 सदस्यीय विधानसभा में हुए घटनाक्रम पर लोकभवन ने 13 बिंदुओं वाला विवरण जारी करते हुए कहा कि राज्यपाल का माइक बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने नहीं दिया गया। बयान में तमिलनाडु सरकार के 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश आकर्षित करने के दावे को 'सच्चाई से परे' बताया गया और कहा गया कि कई समझौता ज्ञापन केवल कागजी हैं। लोकभवन ने महिला सुरक्षा, पॉक्सो मामलों में वृद्धि, मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या, आत्महत्याओं की संख्या, दलितों पर अत्याचार, शिक्षा व्यवस्था की स्थिति, खाली शिक्षकीय पदों, पंचायत चुनाव न होने, मंदिरों के प्रबंधन, एमएसएमई क्षेत्र की समस्याओं और कर्मचारियों में असंतोष जैसे मुद्दों को अभिभाषण में नजरअंदाज किए जाने का भी आरोप लगाया।

राज्यपाल ने कुछ अंशों को नहीं पढ़ा: विजयन

■ पीटीआई, तिरुवनंतपुरम: केरल विधानसभा के मंगलवार को शुरू हुए बजट सत्र में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने डामपंथी सरकार का नीतिगत दस्तावेज पढ़ा। इसमें दावा किया गया कि राज्य पर लगाए गए 'आर्थिक प्रतिबंधों' के कारण राज्य वित्तीय दबाव' में है। वहीं, केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने कहा कि राज्यपाल आर्लेकर ने राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित नीतिगत अभिभाषण को पूरी तरह से नहीं पढ़ा और उन्होंने उसमें से कुछ अंश छोड़ दिए।

'भाषण विवाद अनावश्यक और निराधार'

केरल लोकभवन ने कहा कि राज्यपाल आर्लेकर के नीतिगत भाषण पर हुआ विवाद 'अनावश्यक और निराधार' है। राज्यपाल ने भाषण के मसौदे से 'अर्ध-सत्य' तथ्यों को हटाने का अनुरोध किया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 01-20-2026 21:55 Color:

संवैधानिक नैतिकता कोई स्वाभाविक भावना नहीं है, इसे विकसित करना पड़ता है - *डॉ. भीमराव आंबेडकर*

परंपरा फिर टूटी

भारतीय संविधान में राज्यपाल का पद गरिमा, संतुलन और परंपरा का प्रतीक माना गया है। उसका काम है संविधान के अनुसार चलना और मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करना। पर, तमिलनाडु और केरल विधानसभा में जो हुआ, वह राज्य सरकार और राजभवनों के बीच चल रहे टकरावों की ताजा कड़ी है।

तथ्यों पर सवाल । केरल में पिनराई सरकार का आरोप है कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कैबिनेट से स्वीकृत अभिभाषण नहीं पढ़ा। कहा जा रहा है कि उन्होंने वे हिस्से छोड़ दिए, जिनमें बताया गया था कि केंद्र की नीतियों की वजह से केरल को किस तरह वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा है। वहीं, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा के सालाना सत्र की शुरुआत से पहले यह कहते हुए परंपरागत उद्बोधन भाषण नहीं पढ़ा कि उसमें तथ्य सही नहीं हैं और राष्ट्रगान का सम्मान नहीं किया गया।

सरकार-राज्यपाल विवाद

दखल सही नहीं । संविधान और परंपरा - दोनों ही यह कहते हैं कि राज्यपाल को वही भाषण पढ़ना होता है, जिसे राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी हो। यह भाषण राज्यपाल का निजी विचार नहीं, चुनी हुई सरकार की नीतियों का आधिकारिक दस्तावेज होता है। संविधान के मुताबिक, राज्यपाल कैबिनेट की सलाह पर काम करते हैं। वह अपनी निजी राय या असहमति को अभिभाषण के जरिये व्यक्त नहीं कर सकते।

पद की गरिमा । देश की संघीय व्यवस्था में राज्यपाल का पद संवैधानिक मर्यादाओं के पालन से ज्यादा बंधा है। उससे यह उम्मीद की जाती है कि वह संविधान के संरक्षक के तौर पर काम करेंगे और उनका कोई भी कदम राजनीतिक नहीं होगा। ऐसा नहीं है कि अभिभाषण पर आपत्ति पहली बार आई हो। लेकिन, पद की गरिमा यही कहती है कि उस वक्त राज्यपाल को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। सदन में खड़े होकर अभिभाषण को पढ़ने से इनकार करना गवर्नर की भूमिका को राजनीतिक रंग देता है।

संतुलन चाहिए । इन दोनों घटनाओं को अलग करके नहीं देखा जा सकता। दरअसल, जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां राज्यपाल के साथ टकराव आम हो चुका है। तमिलनाडु के राज्यपाल पिछले मौकों पर भी अभिभाषण पूरा पढ़े बिना विधानसभा से निकल चुके हैं, जबकि केरल में लंबे समय से पेंडिंग बिल का मसला चल रहा है। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा था कि वह विधेयकों पर राष्ट्रपति या राज्यपाल की मंजूरी के लिए कोई न्यायिक समय सीमा निर्धारित नहीं कर सकता। यह फैसला शक्तियों के संतुलन को दर्शाता है। ऐसा ही संतुलन सरकारों और गवर्नर को भी दिखाने की जरूरत है।

नाभि में तीर

हैलो-हैलो!

चारों ओर से अचानक 'हैलो-हैलो' की आवाजें सुनाई देने लगी हैं। जिसे देखो, वही मोबाइल पर लगा हुआ है- हैलो... हैलो...! कोई फाइव स्टार होटल से हैलो-हैलो कर रहा है, तो कोई चाय की गुमटी से। आलाकमान से लेकर पार्टी के आम कार्यकर्ता तक सभी एक ही मुद्रा में दिख रहे हैं। BMC यानी बृहन्मुंबई महानगरपालिका के चुनाव अपने नियत समय से चार साल बाद संपन्न हुए, तो भी जनता ने राहत की सांस ली। जीतने वालों ने जश्न मनाया। हारने वाले गुणा-भाग में लगा गए कि आखिर क्या खामी रही? लेकिन यह क्या, कई हफ्तों के शोरगुल से निजात मिली ही थी कि फिर शोर सुनाई देने लगा- 'मेयर-मेयर'। आम कार्यकर्ता से लेकर बड़के वाले नेता जी तक, सबके मन में बस यही उधेड़बुन- कौन बनेगा और किसकी पार्टी का बनेगा मेयर?

हरि मृदुल

नए नवेले कॉर्पोरेटरों के मोबाइल पर पार्टी के खुर्राट नेताओं के फोन आ रहे हैं। एक नेता जी से वार्तालाप खत्म हुआ नहीं कि दूसरे नेता जी की घंटी घनघनाने लगी। तभी मोबाइल ने संकेत दिया कि तीसरे नेता जी भी लाइन में हैं। मोबाइल की बैटरी 'टें' बोल रही है, लेकिन नसीहतें हैं कि खत्म ही नहीं हो रही हैं। मेयर पर चल रहा मंथन अब 'महामंथन' में बदल चुका है। दरअसल, इन कॉर्पोरेटरों के संपर्क में दूसरी पार्टियों के नेता भी आ चुके हैं। कॉर्पोरेटर कम सयाने नहीं, उन्होंने भी अपना एक ग्रुप बना लिया है। कुल मिलाकर एक नया ही सीन क्रिएट हो चुका है।

इस नए सीन की वजह से नेता जी सर्दी में भी पसीने-पसीने हो रहे हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के ताजा-ताजा चुने गए एक कॉर्पोरेटर को कई-कई बार फोन किया, लेकिन वह आउट ऑफ रीच है। नेता जी हैरान हैं कि सुबह ही तो लंबी बात हुई थी, लेकिन दोपहर बीतते-बीतते नंबर के उपलब्ध न होने का संदेश आने लग गया है। नंबर उपलब्ध न होने का यह संदेश अनर्थकारी भी साबित हो सकता है। नेता जी की आंखों के सामने असम की कामरूप कामाख्या वाली वह घटना घूमने लगी है, जिसमें महाराष्ट्र के तब के सीएम का तख्तापलट हो गया था।

एकदा

संकलन : रिकल शर्मा

सेवा सच्ची ताक़त

9 अगस्त, 1945 को जब अमेरिका ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराया, तो हजारों लोग मारे गए, इमारतें राख बन गईं और चारों ओर मौत का सन्नाटा छा गया। उस भयानक विस्फोट में नागासाकी मेडिकल कॉलेज के रेडियॉलजिस्ट ताकाशि नागाई भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके शरीर में रेडिएशन फैल चुका था और उनकी पत्नी मिहोरी की उसी दिन मौत हो गई थी। डॉक्टरों ने साफ कह दिया कि अब ताकाशि ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएंगे। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने बचे हुए घावों का इलाज करना शुरू किया, अनाथ बच्चों की मदद की और लोगों को मानसिक रूप से संभालने का कार्य किया। वह एक छोटी-सी झोपड़ी में रहने लगे। वहीं से उन्होंने शांति, मानवता और करुणा पर कई किताबें लिखीं। उनका उद्देश्य था कि दुनिया परमाणु युद्ध की भयावहता को समझे और भविष्य में ऐसी त्रासदी दोबारा न हो। कमजोरी और दर्द के बावजूद वह रोगानी लोगों से मिलते, उन्हें आशा देते और कहते, 'दुख को सेवा में बदल देना ही सच्ची ताकत है।' 1951 में ताकाशि नागाई का निधन हो गया, पर उनकी सेवा आज भी जापान में याद की जाती है।

Subrata Dhar



टीम इंडिया की हार में है क्या गंभीर फैक्टर

इधर टीम इंडिया की हर हार का ठीकरा कोच पर ही क्यों फोड़ा जा रहा है

प्रभंजन वर्मा

भारतीय फैंस बहुत अधीर हैं। अब क्रिकेट इतना ज्यादा हो रही है कि कौनी बातें बहुत लंबी जहन से उतरती जाती हैं। लोग यह भूल जाते हैं कि गौतम गंभीर के कोच रहते ही टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती, एशिया कप अपने नाम किया और इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज बराबर कराई।

इंदौर का रेकॉर्ड । गंभीर पर सवाल पहले भी उठा था और अब अगर फिर से उनको हटाने की मांग इंदौर वनडे की वजह से है, तो इसे गलत कहा जाएगा। आमतौर पर डे-नाइट वनडे मैच में भारतीय पिचें पर लक्ष्य का पीछा करना आसान होता है, लेकिन इंदौर में कहानी दूसरी है। यहां रात में बैटिंग करना दिन की तुलना में मुश्किल है। इस मैदान पर खेले गए पिछले मैच में भी ऐसा ही हुआ था।

स्पिन बनी पहेली । टीम इंडिया के हालिया प्रदर्शन से एक बात तो साफ है कि हमारे खिलाड़ी मानो स्पिन खेलना भूल गए हों। एक वक्त स्पिन खेलने में भारतीय बैटर्स सबसे बेहतर थे। लेकिन, IPL की वजह से काफी बदलाव आया। अब पेस बोलिंग खेलने की क्षमता अच्छी हो गई है, जबकि स्पिन पर मात खा जा रहे। वाइट बॉल क्रिकेट में स्पिन को खेलने का सबसे फ्रांचाई तरीका स्वीप शॉट है, पर हमारे खिलाड़ी इसे कम खेलते हैं।

टेस्ट का गुस्सा । इस सीरीज से हटकर अगर गंभीर पर बनाए जा रहे दबाव पर आएं, तो उसके पीछे वजह टेस्ट क्रिकेट है। पहले बिरले होता था कि भारतीय टीम अपनी जमीन पर टेस्ट सीरीज हारे, लेकिन पिछले कुछ ही वक्त में दो क्लीन स्वीप हो गया। इसे लेकर फैंस में नाराजगी है।

कोच की गलती नहीं

- टीम ट्रांजिशन के दौर से गुजर रही, समय देना होगा
- टेस्ट में बड़े खिलाड़ियों के जाने से लगा झटका
- गंभीर की क्षमता व रणनीति पर कोई शक नहीं

नए चेहरे । टीम के तीन मैच बिनर एक के बाद एक निकल गए - रविचंद्रन अश्विन, विराट कोहली और रोहित शर्मा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टॉप ऑर्डर में युवा चेहरे आजमाए गए। अब इनको वक्त देना पड़ेगा।

विराट से तुलना । फैंस की बेचैनी शायद इस वजह से भी है, क्योंकि हमने विराट जैसा कप्तान देखा। विराट के दौर में टेस्ट में टीम लंबे समय तक नंबर वन रही थी। लेकिन, यह समझने वाली बात है कि उन जैसे खिलाड़ी और कप्तान दशकों में एक बार आते हैं। वह टेस्ट के सबसे सफल कप्तानों में शुमार हैं। आज के दौर में बहुत कम प्लेयर हैं, जो पांच दिनों के खेल को इतनी तवज्जो दें।

फोकस बदला । पिछले 8-10 बरसों में टीमों का फोकस बदला है। वनडे विश्वकप 4 साल में एक बार होता है, जबकि टी-20 हर दो साल पर। इस समय सभी का ध्यान टी-20 पर है, क्योंकि अगले महीने से विश्व कप है। इसी वजह से वनडे में प्रयोग किए जा रहे हैं। टी-20 विश्व कप और IPL के बाद वनडे पर फोकस शिफ्ट हो सकता है, क्योंकि तब नजर 2027 में होने वाले 50 ओवर के वर्ल्ड कप पर होगी।

नए कॉम्बिनेशन । वनडे फॉर्मेट में टीम इंडिया में अब भी नए कॉम्बिनेशन बनाने की कोशिश की जा रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ यही हुआ और असल में यही कोच का काम भी है। हमें विराट कोहली और रोहित शर्मा के हालिया प्रदर्शन को अलग-अलग करके देखना होगा। कोहली कंसिस्टेंट हैं, जबकि रोहित नहीं। हालांकि इन दोनों के कद को देखते हुए कोई भी कॉल ऐसे नहीं ली जा सकती। अभी वनडे में बड़ा इवेंट नहीं है, तो इंतजार करना चाहिए। स्पिनर्स के मामले में भी गंभीर को बदलाव करने पड़ सकते हैं।

समय मिले । BCCI ने यह पॉलिसी अपनाई है कि कोच को लंबा वक्त दिया जाएगा, ताकि उसे अपनी स्ट्रैटिजी बनाने और उसे लागू करने का समय मिले। राहुल द्रविड़ और उनके पहले रवि शास्त्री को लंबा समय मिला था। दोनों ने टीम को सफलता दिलाई। गौतम गंभीर का कॉन्ट्रैक्ट 2027 तक है, तो उन्हें भी समय देना चाहिए।

शानदार करियर । बतौर खिलाड़ी गौतम का रेकॉर्ड शानदार है। बतौर कप्तान उन्होंने IPL के खिताब जीते हैं। खेल की समझ जबरदस्त है। अगर कोच के रूप में उनकी रणनीति में कोई गलती हो तो समझ आता है, पर पूर्व खिलाड़ी भी इस बारे में अंगुली नहीं उठा सकते। सारी जिम्मेदारी कोच पर डालना सही नहीं है। फैंस को इतनी जल्दी निराश नहीं होना चाहिए।

(लेखक क्रिकेट ब्रॉडकास्टर और स्पोर्ट्स कंसल्टेंट हैं)

जीत का श्रेय लेते हैं तो हार की जिम्मेदारी भी स्वीकार करें गौतम

रूपेश रंजन सिंह

पिछले साल नवंबर महीने के आखिर की बात है। गुवाहाटी टेस्ट के साथ ही साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 0-2 से गंवाने के बाद गौतम गंभीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में थे। गंभीर के कोचिंग कार्यकाल में महज 13 महीने के भीतर भारत को अपनी सरजमीं पर दूसरी टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। ऐसे में गुवाहाटी टेस्ट में मिली हार के बाद जब उनसे सवाल पूछा गया कि क्या अब भी वह खुद को टेस्ट कोच के पद के लिए सबसे सही विकल्प मानते हैं, तो तमतमाते चेहरे के साथ उनका जवाब था, 'मैं वही इंसान हूं जिसने आपको इंग्लैंड और चैंपियंस ट्रॉफी के कोच के तौर पर नतीजे दिलाए।' गंभीर ने सफलताओं के नए मानक गढ़े थे, गंभीर के पद संभालने के बाद उसी टीम का ग्राफ लगातार नीचे खिसकता चला गया है। टीम के सीनियर प्लेयर्स के साथ कोच के अनबन की खबरें बाहर आने लगीं। बीच दौरे में आर अश्विन के संन्यास लेने और जब हालात स्थिर दिख रहे थे, तब रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से बेवक्त रिटायरमेंट लेने की चौंकाने वाली घोषणाएं सामने आईं।

'नई' टीम बनाने की पहल । धीरे-धीरे यह साफ होने लगा कि कोच गंभीर अपनी एक 'नई' टीम तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसमें वह काफी हद तक सफल भी रहे। सीनियर्स को एकतरफ कर शुभमान गिल को कप्तानी सौंप दी गई। एक तरफ डोमेस्टिक क्रिकेट में नहीं खेलने के कारण कुछ प्लेयर्स को अपना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट तक गंवाना पड़ा तो दूसरी तरफ गंभीर ने अपनी जिद से डोमेस्टिक में भी कम अनुभव रखने वाले हर्षित राणा जैसे प्लेयर को तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया का स्थायी सदस्य बना दिया। इसके बाद गंभीर ने टीम में ऑलराउंडर्स की भरमार कर दी, लेकिन एक भी ऑलराउंडर के मन में यह विश्वास नहीं पैदा कर पाए कि उसकी जगह सुरक्षित है।

उठ रहे हैं सवाल

- गंभीर के अटपटे प्रयोगों से हुआ टीम को नुकसान
- 'फुल कंट्रोल' की चाहत ने बिगाड़ा सारा खेल
- ये हालात दिला रहे ग्रेग चैपल के बुरे दौर की याद

कौन दिखाए आईना । गंभीर का यह कार्यकाल बहुत हद तक ग्रेग चैपल के टीम इंडिया के साथ विवादित कोचिंग कार्यकाल की याद दिलाता है। चैपल ने भी कुछ इसी तरह से टीम इंडिया पर 'फुल कंट्रोल' करने की कोशिश में उथल-पुथल मचा दी थी लेकिन परिणाम के नाम पर विरासत में सिर्फ त्रासदी ही छोड़ गए। पिछले कुछ समय में भी टीम में जो असंतुलन पैदा हुआ है, पूर्व क्रिकेटर्स सोशल मीडिया पर अपनी खीझ निकाल रहे हैं लेकिन ऐसा लगता है कि बोर्ड गंभीर के साथ करार करके छुट्टी पर चला गया है।

अप्टन के अनुभव । टीम इंडिया के पूर्व मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन ने गौतम गंभीर के साथ काम करने के अपने अनुभवों का जिक्र अपनी किताब 'द बेयरफुट कोच' में किया है। अप्टन ने लिखा कि उस वक्त टीम इंडिया में मानसिक रूप से सबसे ज्यादा असुरक्षित प्लेयर थे। माना जा रहा है कि गंभीर की वही असुरक्षा की भावना अब भी उनके व्यक्तित्व और फैसलों में झलकती है।

कठोर फैसले की जरूरत । यदि खराब प्रदर्शन पर टी-20 फॉर्मेट में टीम के कप्तान बनाए गए शुभमान गिल को टीम से बाहर किया जा सकता है तो फिर कोच को लेकर ऐसे कठोर फैसले क्यों नहीं लिए जा सकते? गंभीर की कोचिंग शैली पहले ही टीम इंडिया को भारी नुकसान पहुंचा चुकी है। भले तत्काल कोई बड़ा फैसला न लिया जा सके, लेकिन इतना तो हो ही सकता है कि आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के प्रदर्शन को गंभीर के कोचिंग कार्यकाल के भविष्य से जोड़ दिया जाए।

आमने-सामने

जवाबदेही से बचना मुश्किल । देखा जाए तो गंभीर से उस दिन दो बड़ी चूक हुईं। पहली यह कि जिम्मेदारी लेने के बजाय उन्होंने 'ट्रांजिशन' का बहाना लिया और दूसरी यह कि दुबई के एक ही मैदान पर रोहित, विराट और श्रेयस के बूते मिली टीम की पिछली उपलब्धि का सारा श्रेय खुद के नाम कर लिया। अब जब न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भी टीम की ऐतिहासिक नाकामी के लिए जवाबदेही तय की जा रही है, तो गंभीर के लिए जिम्मेदारी से बच निकलना आसान नहीं होगा।

गलत वजहों से चर्चा । सच यह है कि रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ के कोचिंग दौर में जिस टीम इंडिया ने साथ ही कहा कि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और प्लेयर्स को वक्त देने की जरूरत है।

मैराथन में दौड़ लगाइए, कहीं से भी

मैराथन में पार्टिसिपेट करने के लिए भी उत्साह और दृढ़ इच्छाशक्ति चाहिए। अब एक ट्रेंड जोर पकड़ रहा है, जिसमें कहीं से भी और किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार 5 से 10 किमी की दौड़ लगा सकते हैं। यह है वर्चुअल मैराथन।

छोटी बात, बड़ा फर्क

कोविड में हिट हुआ

2019 में पहली बार यह कॉन्सेप्ट सामने आया। कोविड में इसने जोर पकड़ा। अक्टूबर 2020 में लंदन में हुई वर्चुअल मैराथन में 45,000 से अधिक प्रतिभागी थे। इन सभी ने विभिन्न स्थानों से इसमें भाग लिया और 42.2 किमी की दौड़ लगाई। यह आयोजन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स में जगह बना चुका है। भारत में भी वर्चुअल मैराथन अब रनिंग कैलेंडर का हिस्सा है।



AI Image

भारत में बढ़ता ट्रेंड

इस रविवार को हुई मुंबई मैराथन में 7% प्रतिभागियों ने वर्चुअली हिस्सा लिया था। पिछले साल भी वर्चुअली पार्टिसिपेट करने की सुविधा मिली थी। दिल्ली हाफ मैराथन, कोलकाता में टाटा स्टील वर्क 25K और बेंगलुरु में टीसीएस वर्ल्ड 10K जैसे इवेंट भी इसी तर्ज पर हो रहे हैं। वर्चुअल मैराथन के लिए ऑनलाइन अप्लाई करना पड़ता है।

जनता जंक्शन इरफान

भोजशाला के लिए क्यों अहम है बसंत पंचमी

भारतीय इतिहास में मंदिर-मस्जिद पर विवाद नया नहीं है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने अदालत के आदेश पर कई बार ऐसे विवादों के समाधान तलाशे हैं। ऐसा ही विवाद धार के भोजशाला का है। आज भोजशाला की चर्चा इसलिए क्योंकि परमार वंश के राजा भोज (ग्यारहवीं शताब्दी) द्वारा बनवाए गए इस मंदिर में मां सरस्वती की प्रतिमा थी। सरस्वती की आराधना वसंत पंचमी पर की जाती है। इस साल वसंत पंचमी शुक्रवार को है। इस रोज जुम्मे की नमाज अदा की जाती है। यही कारण है की यह वसंत पंचमी भोजशाला के लिए महत्वपूर्ण है।



शुभम केवलिया

शिक्षा का केंद्र । परमार वंशीय राजा राजनीतिक उथलपुथलों के साथ कला व स्थापत्य क्षेत्र में भी प्रसिद्ध रहे। इनकी राजधानी मध्य प्रदेश में धार थी। 11वीं शताब्दी की शुरुआत से मध्य तक शासन करने वाले राजा भोज ने राजधानी में मंदिर बनवाया। तब मंदिर शिक्षा ग्रहण करने का केंद्र था। मगर, मध्यकाल में हुए मुस्लिम आक्रमण में भोजशाला को नष्ट कर दिया गया।

IAR में जिक्र । पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के हालिया उत्खनन से पता चला कि काशी विश्वनाथ के पास खड़ा ढांचा भी मंदिर विध्वंस कर बनाया गया है। धार स्थित भोजशाला की सच्चाई जानने के लिए उच्च न्यायालय ने भोजशाला के पुरातात्विक सर्वेक्षण का आदेश दिया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की वार्षिक पत्रिका इंडियन आर्कियोलॉजिकल रिव्यू (IAR) 1984-1985 में भी यह लिखा है कि भोजशाला मूल रूप से मां सरस्वती का मंदिर है। भोजशाला के पश्चिम व उत्तर में मंदिर के अधिष्ठान के चिह्न हैं।

32 मूर्तियां मिलीं । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के द्वारा मुद्रित कॉर्पस इंस्क्रिप्शनम इंडिकेरम के खंड 7 में भी उल्लेख है कि एक ब्रिटिश अधिकारी को भोजशाला के अवशेषों के पास सरस्वती की मूर्ति मिली थी। इसे ब्रिटिश संग्रहालय में रखा गया है। 1987 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा किए गए उत्खनन में भोजशाला से हिन्दू धर्म से जुड़ी 32 मूर्तियां मिली थीं।

कॉमन रूम

मस्जिद कहना तथ्यहीन । रिसर्च के आधार पर भोजशाला को मस्जिद कहना तथ्यहीन है। भोजशाला परिसर के स्तम्भ व उन पर संजोए गए अलंकरण सिद्ध करते हैं कि स्तम्भ परमार कालीन हैं। साथ ही, आस-पास की कुछ कब्रों के निर्माण के लिए भी मंदिरों के अवशेष को उपयोग किया गया है। इन अवशेषों पर हरा रंग पोतकर इनकी पहचान छिपाने का असफल प्रयास किया गया है।

शिलालेखों के सबूत । पुरातत्व विभाग की एक टीम ने भोजशाला और उसके पास बाद में बनी दरगाह में मौजूद पत्थरों पर लिखे शिलालेखों के छापे लिए थे। दरअसल, इससे पहले भी भोजशाला से कई शिलालेख मिल चुके हैं। पुरातत्वविद के.के. लेले के अनुसार, भोजशाला के दो स्तंभों पर लिखे कुछ शिलालेख इस बात की ओर इशारा करते हैं कि इन्हें किसी व्याकरण के आचार्य ने लिखवाया था। उनका मानना है कि इनका उपयोग छात्रों की पढ़ाई और ज्ञान अर्जन के लिए किया जाता रहा होगा।

कोर्ट में मामला । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम ने भोजशाला में पुरातात्विक उत्खनन, शिलालेखों के छापे लेने, फोटोग्रफी और पूरे स्थल की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की थी। यह रिपोर्ट 2024 में अदालत में पेश की जा चुकी है। माना जा रहा है कि यह रिपोर्ट भोजशाला, उसके निर्माण में राजा भोज की भूमिका और बाद के समय में हुए उसके विध्वंस को लेकर कई अहम जानकारियां सामने लाएगी। फिलहाल केस सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और सभी को उसके अंतिम फैसले का इंतजार है।

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य हैं)

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

जीवन में तेज़ चलना चाहते हैं, तो ब्रेक मत छोड़िए

उमा नेगाणी

जीवन की दौड़ में हम अक्सर यह मान लेते हैं कि जो सबसे तेज चलता है, जो हर बात का तुरंत जवाब देता है, जो हर आरोप का उसी पल खंडन कर देता है, वही सबसे समझदार और शक्तिशाली है। लेकिन, सच्ची शक्ति ठहरने में है।

जैसे गाड़ी में ब्रेक होता है, तभी वह तेज चल सकती है। यदि ब्रेक न हो, तो कोई उसकी ड्राइविंग सीट पर भी नहीं बैठेगा। ठीक उसी तरह, जीवन में भी यदि रुकने की समझ न हो, तो हमारी गति हमें ही पछाड़ सकती है। कई बार जीवन में ऐसे क्षण आते हैं जब लोग हमारे बारे में गलत धारणाएं बना लेते हैं। कोई हमें घमंडी कह देता है, कोई स्वार्थी, कोई झूठा, तो कोई यहां तक कह देता है कि हमें रिश्तों की अहमियत नहीं। ऐसे आरोप भीतर तक चुभते हैं। मन में यह प्रश्न उठता है, 'मैंने तो कुछ किया ही नहीं, फिर लोग मेरे बारे में ऐसा क्यों सोचते हैं?' यह पीड़ा स्वाभाविक है। बुरा लगना मानवीय है। लेकिन यहीं पर जीवन हमें एक महत्वपूर्ण सूत्र सिखाता है- रुकने का सूत्र।

जैसे ही हम हालात को स्वीकार करते हैं, सीखने की क्षमता विकसित होने लगती है। स्वीकार करना हार नहीं, बल्कि यह भीतर की शक्ति का संकेत है। इसका अर्थ यह नहीं कि आप चुप रह जाएं या अन्याय सहते रहें। अपना पक्ष रखें- शांति से, स्पष्टता से, बिना क्रोध के। बस इतना कह दें कि आपके भीतर उस समय क्या था, आपकी समझ क्या थी, आपका सत्य क्या है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: tushar.darekar Time: 01-20-2026 21:59 Color:

विकास पथ पर अग्रसर बलरामपुर

क्षेत्रीय सतत विकास है उन्नति का प्रमुख आधार

'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के तहत बलरामपुर की प्रगति एक समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण से संचालित हो रही है, जो समावेशी विकास और मापनीय परिणामों पर केंद्रित है। पांच प्रमुख क्षेत्रों में मुख्य प्रदर्शन संकेतकों का स्कोर इस प्रकार है

बुनियादी सुविधाएं	कृषि एवं सिंचाई	शिक्षा	वित्तीय समावेश व कौशल विकास	स्वास्थ्य व पोषण
स्कोर 89.8 (जून 2025)	स्कोर 23.7 (जून 2025)	स्कोर 62 (जून 2025)	स्कोर 42.7 (जून 2025)	स्कोर 87.8 (जून 2025)
10%	20%	30%	10%	30%

जून 2025 तक बलरामपुर का चैंपियंस ऑफ चेंज कम्पोजिट स्कोर 56.9 रहा

नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से समग्र सुधार के मामलों में बलरामपुर उत्तर प्रदेश के शीर्ष जिलों में शामिल है और देश के कई अन्य आकांक्षी जिलों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

बलरामपुर की ऐतिहासिक व पारिस्थितिकी पर्यटन की एक झलक

- देवी पाटन, तुलसीपुर में स्थित एक प्रमुख मंदिर है। यह बलरामपुर मुख्यालय से लगभग 25 किमी दूरी पर स्थित माता पाटेश्वरी का प्रसिद्ध मंदिर है और इसे मां दुर्गा के 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है।
- बिजलीपुर मंदिर, पाटन देवी को समर्पित बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए लोकप्रिय है।
- बलरामपुर का सिटी पैलेस आज भी विशेष महत्व रखता है। कभी यह बलरामपुर के महाराजा बहादुर का निवास स्थान था, जो अवध के सबसे धनवान ताल्लुकदार थे।
- सुहेलवा वन्यजीव अभ्यारण्य, उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में भारत व नेपाल सीमा के पास स्थित है।
- वर्ष 1988 में इसे वन्यजीव अभ्यारण्य घोषित किया गया।
- लगभग 350 वर्ग किमी के प्रसार क्षेत्र के साथ यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े वन क्षेत्रों में से एक है।
- यहां मुख्य रूप से साल और मिश्रित पतझड़ी वन है, जो जैव विविधता से भरपूर है।
- मुख्य रूप से यहां तेंदुआ, हिरण, जंगली सूअर, सियार, बंदर और लोमड़ी जैसी वन्य जीव प्रजातियां पाई जाती हैं।
- यह स्थायी और प्रवासी पक्षियों का भी घर है, जो इसके पारिस्थितिकी महत्व को बढ़ाता है।

बुनियादी ढांचे के विकास में नई तस्वीर पेश कर रहा है बलरामपुर

100% ऑल-वेदर रोड कनेक्टिविटी
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सभी आबाद बस्तियों को हर मौसम में परिचालन योग्य सड़कों से जोड़ा गया है।

98.36% सेवा केंद्र कवरेज
लगभग सभी ग्राम पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं।

93.15% पक्के आवास का निर्माण
लक्षित परिवारों में से 93% से अधिक परिवारों को स्थायी (पक्का) आवास उपलब्ध कराया जा चुका है।

38.08% इंटरनेट कनेक्टिविटी
ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्शन स्थापित किए जा चुके हैं।



ओडीओपी: दालों से तरक्की की ताकत

- उत्तर प्रदेश सरकार की एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल के तहत, बलरामपुर दालों के उत्पादन व प्रसंस्करण के लिए प्रसिद्ध है। विशेष रूप से यहां पर उच्च गुणवत्ता वाली मसूर और संबंधित दालों का उत्पादन होता है,जो इस क्षेत्र की कृषि क्षमताओं को दर्शाता है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देना और ब्रांड के तौर पर स्थापित करना है, जिससे बाजार तक इनकी पहुंच बढ़े और स्थानीय किसान तथा छोटे उद्यमों को समर्थन मिल सके। बलरामपुर में हस्तशिल्प और मिट्टी के बर्तन जैसे लघु उद्योग भी हैं, जो यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं।
- एक जनपद, एक उत्पाद के माध्यम से जिले के दाल उत्पादों को बेहतर उत्पादन, विपणन और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए केंद्रित सरकारी सहायता प्राप्त होती है, जो ग्रामीण रोजगार और स्थानीय विकास में योगदान देती है।
- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट के अनुसार, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम (एडीपी) ने भारत की 21% से अधिक आबादी पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। मार्च 2025 में, उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और सोनभद्र इस कार्यक्रम के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिले थे, इसके बाद असम का डारंग और उत्तर प्रदेश का चंदौली शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल थे।

बलरामपुर जिले में कृषि की प्रगति पर एक नजर

पशुपालन के क्षेत्र में सफलता

100% कृत्रिम गर्भाधान
इससे पशुओं की नस्ल सुधार, उत्पादकता में वृद्धि और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

72.5% पशु टीकाकरण दर
वर्ष 2018 में 51.5% पशु टीकाकरण दर रही, जिसमें वर्तमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

कृषि अवसंरचना एवं संसाधन

1700 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित
किसानों को मृदा के पोषक तत्वों की स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

6.33% क्षेत्र सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत
जल संरक्षण वाली कृषि प्रथाओं को अपनाने से पानी की बचत और फसल की उत्पादकता में सुधार हुआ है।

2 मंडियां राष्ट्रीय ई-मार्केट से जुड़ी
स्थानीय कृषि बाजारों को इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ा गया



नई तकनीकी के जरिए कृषि के भविष्य को सशक्त बनाना : बलरामपुर जिले में पारंपरिक खेती के तरीकों और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के कारण उत्पादन लागत अधिक हो रही थी और मिट्टी की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही थी। आकांक्षी जिला कार्यक्रम (#AspirationalDistrictsProgramme) के अंतर्गत, जिला कृषि अधिकारी ने #ITC के सहयोग से 'सुनहरा कल' पहल शुरू की, जिसके तहत जीरो टिलेज और डायरेक्ट सीडिंग जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाया गया। इसके परिणामस्वरूप लागत में कमी आई, उत्पादकता बढ़ी और पर्यावरण पर पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव भी कम हुआ। यह कार्यक्रम आगे बढ़ते हुए 400 एकड़ भूमि पर 300 से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाने में सफल रहा।

स्वस्थ और सामाजिक कल्याण संबंधी पहल

- शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, गर्भवती महिलाओं में एनीमिया, कुपोषण दर, बच्चों में स्टंटिंग और जन्म के समय कम वजन जैसे प्रमुख पैरामीटर्स को बेसलाइन संकेतक के रूप में पहचाना गया।
- परंपरागत मान्यताएं और जागरूकता की कमी जैसी बाधाओं को चिन्हित किया गया, जिन पर तत्काल प्रभाव से ध्यान देने की आवश्यकता थी।
- जिला ने लक्षित हस्तक्षेपों और संस्थागत प्रक्रियाओं में अंतर को दूर करके अपनी पिछड़ी स्थिति को उभारने और जनसंख्या की समग्र भलाई में सुधार करने का लक्ष्य रखा। इनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। जिला उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने की ओर अग्रसर है।

संकेतक	विवरण	मार्च 2018 (%)	दिसम्बर 2025 (%)	परिवर्तन
13.1	सब-सेंटर्स को हेल्थ व वेलनेस सेंटर में परिवर्तित किया गया	0.00	75.00	+75.00%
13.2	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आईपीएचएस मानकों के अनुरूप	0.00	44.00	+44.00%
13.3	कार्यशील फर्स्ट रिफरल यूनिट्स का अनुपात	25.00	100.00	+75.00%
13.4	जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध	50.00	100.00	+50.00%
13.5	आंगनवाड़ी/यूपीएचसी द्वारा आउटरीच संचालित	70.47	100.00	+29.53%

शिक्षा अभियान से हजारों बच्चे फिर लौटे स्कूल

- बलरामपुर जिला प्रशासन द्वारा 'पढ़े बलरामपुर, बढ़े बलरामपुर' अभियान की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अभियान के परिणामस्वरूप 54,000 से अधिक ऐसे बच्चों का स्कूलों में नामांकन हुआ, जो पहले शिक्षा से वंचित थे, साथ ही स्कूलों में उपस्थिति दर में भी उल्लेखनीय सुधार देखा गया।
- शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने के लिए प्रेरणादायक अभियान चलाए गए। इनमें नारे, सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम और जन-जागरूकता गतिविधियां शामिल रहीं, जिनका लक्ष्य अभिभावकों को शिक्षा के महत्व और नियमित स्कूल उपस्थिति के लाभों के प्रति जागरूक करना था।
- अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एनजीओ और सिविल सोसाइटी संगठनों के साथ सहयोग किया गया, जिससे अतिरिक्त संसाधन और सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही, बलरामपुर में 'बाल संसद' की स्थापना ने विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने और नागरिक अधिकारों को समझने का अवसर दिया। चुनाव प्रक्रिया और स्कूल गतिविधियों में भागीदारी के माध्यम से इस पहल ने बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों और समावेशिता को बढ़ावा दिया। ये प्रयास समग्र रूप से बच्चों के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं और उनकी रुचि को बढ़ा रहे हैं।

महारानी लाल कुंवरि महाविद्यालय

लखपति दीदी

सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीएपी) **691**

संभावित लखपति दीदियां (पीएलडी) **58,987**

डिजिटल आजीविका रजिस्ट्रार (डीएआर) **95,138**

कनेक्टिविटी

राष्ट्रीय राजमार्ग (NH 927):
जिले को राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों (जैसे एनएच-730,एनएच-13) से अच्छी तरह जोड़ा गया है, जिससे यूपी व पड़ोसी राज्यों के लिए बस सेवाएं उपलब्ध हैं।

निकटतम हवाई अड्डे:
निकटतम हवाई अड्डे में लखनऊ व गोरखपुर है, जो दिल्ली, मुंबई और अन्य प्रमुख शहरों के लिए उड़ान की सुविधा प्रदान करते हैं।

रेल कनेक्टिविटी:
बलरामपुर रेलवे स्टेशन, नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे पर स्थित जिले को लखनऊ, दिल्ली, मुंबई, गोरखपुर और अन्य प्रमुख शहरों से जोड़ता है।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in